★ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

★ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

★ रजि.नंबर : 52290/90 ★ वर्ष : 36 ★ अंक: 332 ★ पृष्ठ: 12 ★ औरंगाबाद, शुक्रवार, 1 मई 2026 ★ मूल्य : 3.00 रुपये ★ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ★ www.navbihartime.com





## राज्य में कायम रहेगा कानून का राज, दिखेगा सुशासन : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज अधिवेशन भवन में राज्य के सभी जिलों के जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ आयोजित कार्यशाला एवं समीक्षात्मक बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति, विधि-व्यवस्था की स्थिति तथा जनसेवा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत समीक्षा की।

इस अवसर पर जिले के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अगर अच्छा काम करते हैं तो जनप्रतिनिधियों के पास लोगों की समस्याओं से जुड़े कम मामले आते हैं। जिले में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक के बेहतर कार्य का सीधा लाभ वहां की जनता को मिलता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कानून का राज कायम रहे और जनता को इसका सीधा लाभ मिले, सुशासन तभी स्थापित दिखेगा जब इसका लाभ त्वरित रूप से समय पर मिलेगा। क्राइम, करप्शन और कम्युनिलिज्म से कोई समझौता नहीं होगा। लोगों के बीच सुशासन का परसेप्शन स्थापित करना है। कोई व्यक्ति बाहर से बिहार में आए उसे सुशासन का प्रभाव दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार में उद्योग स्थापित करने के लिए आनेवाले लोगों को हर प्रकार की




सुविधा सरकार उपलब्ध करवा रही है। 20 नवंबर, 2026 तक राज्य में 5 लाख करोड़ रुपये के इन्वेस्टमेंट का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक अगर किसी उद्योगपति को सुरक्षा और सुविधा की गारंटी अपने जिले में निजी तौर पर उपलब्ध कराते हैं तो उद्योगपति पूरी तन्मयता से अपना उद्योग लगाएगा और उसको विस्तार देगा। सरकार कानून बनाती है, नयी-नयी योजनाएं बनाती है उसे जमीन पर उतारने का काम आप सबको करना होता है। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक दृढ़ इच्छाशक्ति दिखाएं और जो भी कानून है और योजनाएं बनाई गई हैं उसे जमीन पर ठीक ढंग से लागू करें। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक अपने कार्यालय में निश्चित रूप से सुबह 10 से दिन में 1 बजे तक बैठें, लोगों से मिलें और उनकी समस्याओं का समाधान करें। आप जितने लोगों से मिलेंगे जिले के बारे में उतनी अधिक जानकारी होगी और जिले के विकास में आपको सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियों और महिलाओं की सुरक्षा पर किसी तरह की कोताही नहीं होनी चाहिए। पुलिस दीदी का कॉन्सेप्ट लाया गया है उसको बेहतर ढंग से क्रियान्वित करें। बच्चियां सुरक्षित स्कूल आएं और जाएं ये सुनिश्चित करें। भागलपुर में कार्यपालक पदाधिकारी के साथ जो घटना हुई यह दुःखद है। सरकार ऐसे कर्तव्यनिष्ठ पदाधिकारियों के परिजनों के साथ है। अपराधी किसी प्रकार का दुस्साहस न करें, इसको लेकर पुलिस मुस्तैदी के साथ कार्य करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने शराबबंदी कानून लागू किया है। शराबबंदी के सफल क्रियान्वयन को लेकर बेहतर ढंग से कार्य करें। शराब बेचनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लॉक, अंचल एवं थाना का मुख्यमंत्री कार्यालय प्रतिदिन रियल मॉनीटरिंग करेगा और कार्यों की समीक्षा की जाएगी। ब्लॉक, अंचल एवं थाने में सी०सी०टीवी अवश्य लगाएं ताकि वहां की गतिविधियों और अवांछित लोगों पर नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बनाने की योजना बनाई गयी है जिस पर तेजी से काम करें। मरीजों को रेफर करने की प्रवृत्ति खत्म करें, लोगों को इलाज करने की प्रवृत्ति विकसित करें। अगर बीमारी का इलाज वहां संभव नहीं है तभी जिला से बाहर मरीज को रेफर करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों ने अगले 5 वर्षों में 1 करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। अगर हम सब ठीक से काम करें तो 5 करोड़ तक लोगों को रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं। कार्यक्रम को मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह सहित प्रमंडलीय आयुक्त सभी जिलों के जिलाधिकारी, वरीय पुलिस अधीक्षक / पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

### सूचना

श्रमिक दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस 1 मई 2026 को बंद रहेगा।

**संपादक-प्रकाशक**

### शुभकामनाएं

श्रमिक दिवस के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सभी शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं

**संपादक-प्रकाशक**

## राजस्व कर्मियों की हड़ताल स्थगित, 4 मई से काम पर लौटेंगे अंचलाधिकारी

### बिहार में सीओ-आरओ की हड़ताल समाप्त, वार्ता के आश्वासन के बाद काम पर लौटे अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अंचलाधिकारियों (सीओ) और राजस्व पदाधिकारियों (आरओ) की लंबे समय से जारी हड़ताल गुरुवार को समाप्त हो गई। राज्य सरकार के साथ वार्ता पर सहमति बनने के बाद अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर गए अधिकारियों ने काम पर लौटने का निर्णय लिया है। बिहार संयुक्त राजस्व सेवा महासंघ ने हड़ताल समाप्त करने की औपचारिक घोषणा की। इससे अंचल कार्यालयों में लंबित पड़े जमीन संबंधी कार्यों के फिर से सुचारु होने की उम्मीद जगी है, जो आम लोगों के लिए बड़ी राहत मानी जा रही है।




उल्लेखनीय है कि राज्यभर के अंचलाधिकारी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 9 मार्च से सामूहिक अवकाश पर थे। इस दौरान राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से कई बार अधिकारियों से काम पर लौटने की अपील की गई। तत्कालीन विभागीय मंत्री सह उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने हड़ताली अधिकारियों को वेतन रोकने, निलंबन और अन्य अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी थी, जिसके बाद कुछ अधिकारियों ने काम पर वापसी कर ली थी।

इसके बावजूद बड़ी संख्या में सीओ और आरओ अपनी मांगों पर अड़े रहे, जिससे अंचलों में जमीन से जुड़े कार्य गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे थे। विभाग ने काम पर नहीं लौटने वाले कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित भी किया, जिससे सरकार और हड़ताली अधिकारियों के बीच टकराव की स्थिति बनी रही।

हड़ताल के कारण निबंधन, दाखिल-खारिज समेत कई जरूरी कार्य ठप हो गए थे। स्थिति को संभालने के लिए राज्य सरकार ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अन्य अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा, जिससे कर्मचारियों पर कार्यभार बढ़ गया था। अब वार्ता के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त होने से प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने और आम जनता को राहत मिलने की उम्मीद है।

## गिट्टी लदा ट्रक ऑटो पर पलटा, जवान समेत तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खगड़िया।** बिहार के खगड़िया जिले में गुरुवार सुबह एक भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। महेशखूंट थाना क्षेत्र के गौछारी स्थित एनएच-31 पर गिट्टी से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर ऑटो पर पलट गया। हादसे में ऑटो पूरी तरह ट्रक के नीचे दब गया, जिससे उसमें सवार लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। मृतकों में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान बिपिन चौरसिया और उनकी पत्नी दीपमाला चौरसिया शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बिपिन चौरसिया छुट्टी पर घर आए हुए थे और गुरुवार सुबह करीब 5 बजे पत्नी के साथ स्टेशन जाने के लिए निकले थे, ताकि ड्यूटी पर वापस लौट सकें। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत राहत और बचाव कार्य शुरू किया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से ट्रक के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में घायल अन्य लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में ट्रक के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का मुख्य कारण माना जा रहा है। गिट्टी से लदे ट्रक का संतुलन बिगड़ने के बाद वह सीधे ऑटो पर पलट गया। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ऑटो पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परबत्ता के विधायक बाबूलाल शौर्य मौके पर पहुंचे और मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। उन्होंने प्रशासन को राहत और मुआवजा देने के निर्देश दिए तथा दोषी चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दुर्घटना के कारणों की विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

## भाजपा नेता अरविंद शर्मा ने विधान परिषद उपचुनाव के लिए भरा नामांकन

**पटना/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में होने वाले विधान परिषद उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय प्रभारी सूर्य कुमार शर्मा (अरविंद शर्मा) ने गुरुवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिससे कार्यक्रम का राजनीतिक महत्व और भी बढ़ गया। नामांकन दाखिल करने के दौरान मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री मंगल पांडेय, रामकृपाल यादव, संतोष कुमार सुमन, जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी तथा आरएलएम के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह समेत एनडीए के कई नेता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इससे पूर्व अरविंद शर्मा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और कैलाशपति मिश्र की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। नामांकन के बाद उन्होंने एनडीए प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार और प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताया।


मजदूर दिवस

संदेश

मजदूर दिवस के अवसर पर देश एवं प्रदेश के समस्त श्रमिक भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएँ एवं अभिनंदन।

श्रमिक वर्ग हमारे समाज और राष्ट्र की प्रगति की मजबूत नींव है। आपके कठिन परिश्रम, समर्पण और अथक प्रयासों से ही विकास की इमारत खड़ी होती है। यह दिवस हमें श्रमिकों के अधिकारों, उनके सम्मान और उनके कल्याण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का स्मरण कराता है। आइए, हम सभी संकल्प लें कि श्रमिकों को उचित सम्मान, सुरक्षित कार्य-परिस्थितियाँ और उनके अधिकारों की पूर्ण रक्षा सुनिश्चित करेंगे।

डॉ॰ प्रेम कुमार

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा





।। बुद्धं शरणं गच्छामि ।।





संदेश

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

भगवान बुद्ध के आदर्श-अहिंसा, सत्य, करुणा एवं मैत्री-हम सभी के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहे हैं। उनके उपदेश हमें मानवता, सहिष्णुता और आत्मसंयम के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर हम सभी उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प लें, ताकि समाज में शांति, सद्भाव एवं समरसता को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

डॉ॰ प्रेम कुमार

अध्यक्ष, बिहार विधान सभा







बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर मैं समस्त बिहारवासियों एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें देता हूँ।

भगवान बुद्ध का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके संदेश हमें सत्य, अहिंसा, प्रेम, शांति, त्याग, संयम एवं सद्भाव के मार्ग पर चलकर मानवता की सेवा करने की प्रेरणा देते हैं। भगवान बुद्ध के बताये हुये अष्टांगिक मार्ग का अनुसरण कर मानव सम्यक और संतुलित जीवन-यापन करने में सक्षम हो सकता है।

आइये, हम सब भगवान बुद्ध की शिक्षा को आत्मसात कर समाज में प्रेम, सहिष्णुता एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत करें।

(सम्राट चौधरी)

PR No.- 002093 (I & PRD)D. 2026-27





बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

सभी श्रमिक भाइयों-बहनों को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

राज्य की प्रगति, विकास और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव हमारे श्रमयोगी श्रमिकों के कठिन परिश्रम, समर्पण और त्याग पर ही आलंबित होता है। श्रमिकों के इसी समर्पण और त्याग को याद करते हुए हम सभी प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस का आयोजन करते हैं, जो केवल शक्ति का उत्सव नहीं है, बल्कि यह श्रमिकों के कार्यस्थल पर ''सुरक्षा और स्वास्थ्य'' के अधिकार को रेखांकित करने का भी दिन है।

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना जैसी योजनाएँ श्रमिकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। इसी प्रकार राज्य सरकार द्वारा भी कई कल्याणकारी योजनाएँ यथा बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना, बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, आदि क्रियान्वित किये जा रहे हैं।

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर हम सभी नियोक्ताओं से अपील करते हैं कि वे केवल व्यवसायिक हितों को ध्यान में न रखें तथा इससे ऊपर उठकर श्रमिकों के मानवीय गरिमा एवं प्रतिष्ठा का सम्मान करें। जब श्रमिक स्वस्थ और सुरक्षित महसूस करेंगे, तभी उनकी कार्यक्षमता बढ़ेगी और हमारा प्रदेश प्रगति की नई ऊंचाइयों को छुएगा। ''श्रमेव जयते'' का अर्थ केवल काम करना नहीं, बल्कि काम का सम्मान करना और काम के बदले न्यायपूर्ण व्यवहार प्राप्त करना भी है।

सरकार का संकल्प है कि हर श्रमिक को सम्मान, सुरक्षा और अवसर मिले, ताकि वे राज्य एवं देश की प्रगति में और अधिक योगदान दे सकें।

सभी श्रमिक भाइयों–बहनों को नमन !

(सम्राट चौधरी)

PR No.-002151 (LRD)D. 2026-27

# डॉ. अम्बेडकर छात्रावासों में रहने वाले छात्रों का अनुदान दोगुना

## वर्तमान में 139 अंबेडकर कल्याण छात्रावास हैं संचालित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं के मासिक छात्रावास अनुदान को दोगुना कर दिया है। राज्य में संचालित 139 डॉ. भीमराव अम्बेडकर कल्याण छात्रावास संचालित है। इसमें आवासित एवं अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अब मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति छात्रावास अनुदान योजना के तहत अब प्रति माह 2 हजार रुपये छात्रावास अनुदान दिया जाएगा। पहले यह राशि 1 हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता था। सरकार ने बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नई दर अप्रैल माह से लागू कर दी गई है। इस फैसले से राज्य के 10 हजार से अधिक एससी-एसटी छात्र-छात्राओं को सीधा लाभ मिलेगा। विभाग की ओर से इसके पूर्व प्रवेशिकोत्तर की छात्रवृत्ति में बढ़ोतरी कर छात्रवृत्ति की राशि दोगुनी की गई है। एससी-एसटी वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए प्लस टू विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में डॉ. अम्बेडकर कल्याण छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है। इन छात्रावासों में निशुल्क आवासीय सुविधा, डिजिटल कक्षाएं, पुस्तकालय और प्रतिमाह अनुदान की व्यवस्था है। साथ ही, इनमें रहने वाले विद्यार्थियों को 15 किलो अनाज भी दिया जाता है। इनमें नौ किलोग्राम चावल एवं छह किलोग्राम गेहूं शामिल है। अब अनुदान में वृद्धि से उनकी पढ़ाई पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ और कम हो जाएगा।

# बिहार में दौड़ेंगी 400 पीएम ई-बसें

## पटना को मिलेंगी 75 ई बसें, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, पूर्णियां और गया में 50-50 बसें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्य में पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बिहार को जल्द ही 400 इलेक्ट्रिक एसी बसें मिलने जा रही हैं। इनमें से 150 बसें पटना को आवंटित की जाएंगी। जिनमें से 75 बसें पटना शहर के अंदर सिटी बस के रूप में चलाई जाएंगी, जबकि बाकी 75 बसें पटना से राजगीर, बिहारशरीफ सहित अन्य इंट्रासिटी रूटों पर चलाई जाएंगी। प्रत्येक बस में लगभग 60 यात्रियों के बैठने की क्षमता होगी। बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के अनुसार, इन बसों के सुचारू संचालन शुरू होने से पहले जिलों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का काम तेजी से चल रहा है। पूर्णिया में ई-चार्जिंग स्टेशन का काम पूरा हो चुका है, जबकि गया में 60 प्रतिशत, पटना और मुजफ्फरपुर में 50 प्रतिशत व भागलपुर और दरभंगा में चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण कार्य जारी है। इन विशेष चार्जिंग स्टेशनों पर एक ई-बस को चार्ज होने में एक से डेढ़ घंटे का समय लगेगा। पटना में फुलवारीशरीफ डिपो, आईएसबीटी बैरिया सहित निगम के सभी डिपो पर प्रति 50 बसों के लिए 8 चार्जिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। निगम ने बताया कि सीएनजी व पूर्व से संचालित ई-बसों? के जरिए 2021 से अबतक 25 लाख लीटर डीजल की खपत घटी है और लगभग 7 हजार टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन भी कम हुआ है। भविष्य में भी बसों की खरीद पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए की जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय शुरू होने वाला है। बुधवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार के संग्रहालय निदेशालय के अंतर्गत स्थापित कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में वाचनालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। कैबिनेट के इस निर्णय के तहत संग्रहालय के नाम में भी संशोधन करते हुए इसे भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय-सह-वाचनालय करने का निर्णय लिया गया है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में मुख्यमंत्री ने इस स्थल के भ्रमण के दौरान इसे अध्ययन एवं शोध के एक सशक्त केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता जताई थी। इस फैसले पर खुशी जताते हुए संग्रहालय निदेशालय के निदेशक कृष्ण कुमार ने कहा कि जननायक कर्पूरी ठाकुर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी न्याय समानता और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्षरत रहे। पिछड़े वर्गों के उत्थान एवं आरक्षण नीति को प्रभावी रूप से लागू करने में उनकी ऐतिहासिक भूमिका रही। 26 जनवरी 2024 को मरणोपरांत उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। ये घोषणा उनके सम्मान में चार चांद लगाने जैसा है। इस निर्णय का उद्देश्य जननायक कर्पूरी ठाकुर के जीवन, विचारों एवं योगदान को व्यापक रूप से जन-जन तक पहुंचाना और विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं आमजन के लिए अध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराना है। वाचनालय की स्थापना से यह संग्रहालय ज्ञान एवं विमर्श का एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित होगा। साथ ही परिसर में आगंतुकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**हाजीपुर।** गुरुवार को केन्द्रीय सुपर स्पेशियलिटि अस्पताल, पटना के ग्ध्क परिसर में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 100 दिवसीय मुहिम के संदर्भ में माननीय चिकित्सा निदेशक डॉ सुबोध कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एक जन जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ कौशल कुमार एवं डॉ संजय कुमार गुप्ता के द्वारा टीबी के लक्षण, कारण, समय पर जॉच एवं पूर्ण उपचार के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही डॉ संध्या किरण, अतिमुस्वानि के द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य पर टीबी के प्रभाव एवं जागरूकता को आवश्यकता पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में चिकित्सा निदेशक द्वारा इस रोग के उन्मूलन हेतु जागरूकता बढ़ाने एवं ग्ध्क परिसर में उपस्थित मरीज एवं परिजन, अस्पताल के अन्य चिकित्सक एवं कर्मचारियों लगभग 110 दर्शक ने कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता दिखाई एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

# बच्चों को दिया गया दसवीं बार 'बिहार कलाश्री अवार्ड'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास परिषद एवं बिहार कलाश्री पुरस्कार परिषद पटना 20 के संयुक्त तत्वधान में गायन वादन एवं नृत्य विधा से जुड़े हुए प्रतिभावान बच्चों को 'बिहार बाल कलाश्री अवार्ड' दिया गया। सम्मान समारोह का उद्घाटन यादव महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं समाजसेवी इंजीनियर अजय यादव ने किया, मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार रिजवी थे। आगंतुक अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ लेखक रंगकर्मी आलोक चोपड़ा ने किया। समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार और परिषद के अध्यक्ष/महासचिव विश्वमोहन चौधरी 'संत' ने किया। सम्मान पाने वाले बच्चे अद्विका चोपड़ा, स्वर चौधरी, सिमरन राजपूत, वंशराज, निवेद चौधरी, तेजस मौर्य, शोभराज, रेशमी कुमारीऔर शिवांश मौर्य ट्रॉफी सम्मान पत्र दिया गया। संगीत कार्यक्रम में प्रख्यात मगही गायक अरुण कुमार गौतम के निर्देशन में और संगत सुरेंद्र प्रसाद, अमित कुमार के सहयोग से संजू सिंघानिया, संजू सिंह राजपूत, अंशिका कुमारी, शिवम कुमार, शिवांश चौधरी कृष्ण के भेष में, वैष्णवी कुमारी, अनामिका राज, खुशी कुमारी आदि ने बच्चों के इस सम्मान एवं सांस्कृतिक समारोह का चार चांद लगाए। साथ ही बिहार शिक्षा एवं सांस्कृतिक विकास परिषद की ओर से एक महिला को जो समाज सेवा में जुड़ी रहती हैं ऐसे समाजसेवी पिंकी चौधरी को एकमात्र 'बिहार सम्मान' दिया गया। सम्मान एवं सांस्कृतिक समारोह के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सूरज कुमार उर्फ मुन्ना ने किया।

# जिला जज ने प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष ने 09 मई 2026 को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए आज प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर विदा किया। आगामी 09 मई 2026 को आहूत राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा मुकदमो के निष्पादन और आमजन की भागीदारी के लिए जागरूकता अभियान तथा प्रचार एवं प्रसार के लिए पटना जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से कई प्रचार वाहनों को आज पटना के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष रूपेश देव एवं सचिव ज्योति नंदन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर न्यायिक पदाधिकारी गण एवं विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल वकीलों के अलावा अन्य अधिवक्ता भी उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ज्योति नंदन ने बताया कि प्रचार वाहन गली मोहल्लों में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार करेंगे और उन्हें 09 मई 2026 को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होने बताया की लोक अदालत के उद्देश्यों से जनमानस को जागरूक करने के लिए प्रचार वाहनों का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने आगे बताया की लोक अदालत में बैंक ऋण, बीमा, बिजली विभाग और दीवानी तथा पारिवारिक मामलों के अलावा संधि योग्य आपराधिक मामलों का भी आपसी सहमति के आधार पर निपटारा किया जाता है। लोक अदालत के फैसले से दोनों पक्षों की जीत होती है। लोक अदालत में सुनवाई के लिए कोई खर्च नहीं लगता और ना ही कोई फीस लगती है।

# पटना समेत 6 जिलों में मॉकड्रिल, सायरन बजते ही होगा ब्लैकआउट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देशानुसार मई के तीसरे सप्ताह में पटना समेत राज्य के छह जिलों में हवाई हमला एवं ब्लैकआउट संबंधी माकड्रिल का आयोजन होगा। राज्य स्तर पर नागरिक सुरक्षा निदेशालय को माकड्रिल के सफल आयोजन के लिए नोडल एजेंसी नामित किया गया है। माकड्रिल की तैयारी को लेकर गुरुवार को आपदा प्रबंधन विभाग के सभागार में संबंधित जिलों के जिला पदाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में उन्होंने कहा कि नागरिक सुरक्षा को लेकर केंद्र सरकार के निर्देश के अनुसार वर्ष में कम से कम दो बार अर्द्धवार्षिक माकड्रिल का आयोजन किया जाना है। पिछले अभ्यास में पटना समेत दूसरे कई जिलों का उत्कृष्ट प्रदर्शन पाया गया था। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि और समय पर एक साथ सायरन बजेंगे। उन्होंने संबंधित जिलों में सायरन की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि ब्लैक आउट में बिजली की भूमिक महत्वपूर्ण होती है। इसलिए जिलों के पदाधिकारी समय रहते बिजली विभाग से सामंजस्य स्थापित करेंगे और ब्लैक आउट की सफलता में सहयोग लेंगे। आगे उन्होंने कहा कि सायरन के लिए चौक-चौराहों पर लगे साउंड सिस्टम, थानों और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों का भी सहयोग लिया जा सकता है। पदाधिकारी माकड्रिल के दौरान अस्पतालों की खिड़कियों पर क्यूबिकल पर्दा या प्राइवेसी कर्टन लगवाना सुनिश्चित करेंगे। माकड्रिल के दौरान आमजन पैनिक ना करें, इसके लिए समुचित प्रचार-प्रसार करेंगे। बैठक में असैनिक सुरक्षा के महानिदेशक-सह-आयुक्त डॉ. परेश सक्सेना ने नागरिक सुरक्षा की दिशा में होने वाले माकड्रिल की बारीकियों से उपस्थित पदाधिकारियों को रूबरू कराया। उन्होंने कहा कि पिछले अभ्यास में बेगूसराय जिले का उत्कृष्ट प्रदर्शन था। इसी तर्ज पर अगले अभ्यास के लिए पदाधिकारी अपनी तैयारी पूरी करें। उन्होंने अभ्यास की सफलता के लिए स्कूल-कॉलेजों, दवा व्यवसाइयों के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्रों से जुड़े लोगों को इसमें शामिल करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से पुलिस महानिरीक्षक नागरिक सुरक्षा निदेशालय, पुलिस अधीक्षक नागरिक सुरक्षा निदेशालय, जिलाधिकारी पटना, जिलाधिकारी किशनगंज, जिलाधिकारी बेगूसराय, जिलाधिकारी पूर्णिया, जिलाधिकारी अररिया, जिलाधिकारी कटिहार आदि उपस्थित थे।

# एआईयू की 100वीं महासभा में एकेयू का प्रभावी प्रतिनिधित्व

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने 28 से 30 अप्रैल तक पुणे स्थित डॉ. डी. वाई. पाटिल विद्यापीठ में आयोजित एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) की 100वीं वार्षिक महासभा एवं कुलपतियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेकर विश्वविद्यालय तथा बिहार की उच्च शिक्षा प्रणाली का प्रभावी प्रतिनिधित्व किया। ज्ञान और नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत का निर्माण विषय पर आयोजित इस सम्मेलन में देशभर के कुलपतियों, शिक्षाविदों, नीति-निर्माताओं और उच्च शिक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। एआईयू के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित यह सम्मेलन भारतीय उच्च शिक्षा के भविष्य और उसके रोडमैप पर गंभीर विमर्श का महत्वपूर्ण मंच साबित हुआ। अध्यक्षीय संबोधन के दौरान 22-23 दिसंबर 2025 को पटना में आयोजित एआईयू ईस्ट जोन वाइस चांसलर्स मीट की सफलता का विशेष उल्लेख किया गया। साथ ही, एआईयू के 100 वर्ष पूर्ण होने पर इंडिया पोस्ट द्वारा जारी स्मारक डाक टिकट को भी महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए प्रो. यादव के नेतृत्व की सराहना की गई। प्रो. यादव ने सम्मेलन के तकनीकी, व्यवसायिक और नीतिगत सत्रों में सक्रिय भागीदारी करते हुए विश्वविद्यालयों की भूमिका को आत्मनिर्भर भारत, अनुसंधान, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए विश्वविद्यालयों को केवल ज्ञान केंद्र नहीं, बल्कि कौशल, नवाचार और उद्यमिता के केंद्र के रूप में विकसित करना होगा। सम्मेलन में विश्वविद्यालय प्रशासन सुधार, डिजिटल शिक्षा, भारतीय ज्ञान परंपरा, स्वदेशी नवाचार और सतत विकास लक्ष्यों पर व्यापक चर्चा हुई। प्रो. यादव ने विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और विशेषज्ञों से संवाद कर अंतर-विश्वविद्यालयीय सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, स्टार्टअप इकोसिस्टम और तकनीकी हस्तांतरण को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे राष्ट्रीय मंच सहयोगात्मक तंत्र को सुदृढ़ करने और नीति निर्माण में सामूहिक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक होते हैं। प्रो. यादव ने एआईयू के अध्यक्ष प्रो. विनय कुमार पाठक, महासचिव डॉ. पंकज मित्तल तथा मेजबान संस्थान के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सम्मेलन से प्राप्त सुझाव उच्च शिक्षा नीति और विश्वविद्यालयों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। साथ ही, एकेयू इन अनुशंसाओं को अपने शैक्षणिक और प्रशासनिक कार्यों में शामिल कर गुणवत्ता, अनुसंधान और नवाचार के नए आयाम स्थापित करेगा।

# एशियन पेंट्स का 'रंगों की गारंटी' अभियान शुरू

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एशियन पेंट्स ने 'रंगों की गारंटी' नाम से नया प्रचार अभियान शुरू किया है। इस अभियान के माध्यम से कंपनी ने यह संदेश दिया है कि भारत में घरों की पहचान केवल पते से नहीं, बल्कि उनके रंगों से भी होती है। लोग अक्सर दिशा बताते समय रंगों का सहारा लेते हैं, जिससे घरों की अलग पहचान बनती है। कंपनी के अनुसार, उसके उत्पाद केवल दीवारों को रंगने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि लोगों की भावनाओं और यादों से भी जुड़ते हैं। लंबे समय तक टिकने वाले रंग परिवारों की कहानियों और रिश्तों का हिस्सा बन जाते हैं। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित सिंघल ने कहा कि एशियन पेंट्स पिछले आठ दशकों से भारतीय घरों को सजाने का कार्य कर रहा है और भरोसे का प्रतीक बना हुआ है। यह अभियान इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान शुरू किया गया है, जहां कंपनी प्रसारण सहयोगी प्रायोजक भी है।

# पूर्व मध्य रेल क्षेत्राधिकार के केंद्रीय विद्यालयों से छात्रों को मिल रही है उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** केंद्रीय विद्यालयों की स्थापना और संचालन में पूर्व मध्य रेल की अग्रणी भूमिका रही है । पूर्व मध्य रेल में वर्तमान में 11 केंद्रीय विद्यालय कार्यरत है जिनमें लगभग 11,500 छात्र-छात्राएं उव्व गुणवत्तायुक्त शिक्षा हासिल कर रहे हैं। इस कड़ी को आगे बढ़ाते हुए हाल ही में बरवाडीह में केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने के लिए बुनियादी ढांचे के रूप में रेलवे भूमि प्रदान कर रहा है, जिसे पूर्व मध्य रेल के तहत धनबाद रेल मंडल ने मंजूरी प्रदान कर दी है । विदित हो कि केंद्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा वर्ष 2024 में देशभर में सिविल/रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत 85 नए केन्द्रीय विद्यालय (केवी) खोलने की मंजूरी प्रदान की गयी थी जिसमें बरवाडीह भी शामिल था। पूर्व मध्य रेल द्वारा रेलकर्मियों के बच्चों की बेहतर शिक्षा हेतु केंद्रीय विद्यालयों के सुचारू संचालन के लिए आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गयी है। रेलवे क्षेत्रों विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना से न केवल रेलवे कर्मचारियों के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध हो रही है बल्कि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो रहा है।

## जल संरक्षण वाद-विवाद प्रतियोगिता में अलख श्री प्रथम

**पटना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय नं. 2, बेली रोड (द्वितीय पाली) में 23 अप्रैल को आयोजित जल संरक्षण विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कक्षा 10 के छात्र अलख श्री ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में छात्रों ने जल संरक्षण के महत्व, वर्तमान चुनौतियों और भविष्य की आवश्यकताओं पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। निर्णायकों ने प्रतिभागियों के तर्क, प्रस्तुति शैली और विषय की समझ के आधार पर परिणाम घोषित किया। अन्य प्रतिभागियों में अनमोल और अनु प्रिया को भी उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य राजीव रंजन सिंह ने विजेता एवं अन्य प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मिथिलेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में जागरूकता, आत्मविश्वास और अभिव्यक्ति कौशल को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# बिपिन बने अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन के विस्तार और सुदृढ़ीकरण को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा मानवेंद्र सिंह एवं राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष ऋषिराज सिंह ने पटना निवासी बिपिन कुमार सिंह की समाजसेवा, संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रिय योगदान को देखते हुए उन्हें बिहार प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। महासभा के मुख्यालय से जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार, बिपिन कुमार सिंह तत्काल प्रभाव से बिहार प्रदेश में संगठन की कमान संभालेंगे। राष्ट्रीय नेतृत्व ने उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए विश्वास जताया है कि उनके कुशल नेतृत्व में महासभा बिहार के गांव-गांव और शहर-शहर तक मजबूत होगी तथा समाज को संगठित करने की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगी।

# आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना एक शिक्षक का मौलिक गुण : मृदुला

## शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में फ्रेशर पार्टी, आत्मविश्वास पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** गुरुवार को बिहार विद्यापीठ द्वारा संचालित देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के देशरत्न सभागार में डीएलएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025-2027) के प्रशिक्षुओं के लिए भव्य फ्रेशर पार्टी का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की निदेशिका डॉ. मृदुला प्रकाश ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में डॉ. मृदुला प्रकाश ने कहा कि आत्मविश्वास और स्वावलंबन की भावना एक शिक्षक का मौलिक गुण है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को मंच पर आकर स्वयं का परिचय देने और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह आत्मविश्वास के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि एक शिक्षक के रूप में विद्यार्थियों में इसी आत्मविश्वास और स्वावलंबन को विकसित करना आवश्यक है। कार्यक्रम के दौरान विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रतिभागियों ने नृत्य, गायन, काव्य-पाठ और अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे सभागार में उत्साह का माहौल बना रहा। इस अवसर पर डीएलएड प्रथम वर्ष (सत्र 2025-2027) की छात्रा निशु रानी को मिस फ्रेशर और छात्र किशन राज को मिस्टर फ्रेशर का खिताब प्रदान किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. पूनम वर्मा ने दोनों विजेताओं को ताज पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का सफल संचालन डीएलएड द्वितीय वर्ष की प्रशिक्षु रेहाना सिद्दीकी ने किया, जिनकी प्रस्तुति ने पूरे आयोजन को आकर्षक और सुव्यवस्थित बनाए रखा। समारोह का समापन हर्षोल्लास, नवऊर्ज़ा और आपसी सौहार्द के वातावरण में हुआ। यह आयोजन नए प्रशिक्षुओं के लिए महाविद्यालय परिवार से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम साबित हुआ।

# लाखों मरीजों को नया जीवन देने वाले डॉ. सुनील बोस नहीं रहे



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन (रोहतास)।** प्रसिद्ध चिकित्सक एवं चिकित्सा क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले डॉ. सुनील बोस का गुरुवार को गोवा में उनकी पुत्री के आवास पर निधन हो गया। वे लगभग 97 वर्ष के थे। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे शाहाबाद में शोक की लहर दौड़ गई। डॉ. बोस ने अपने लगभग छह दशक लंबे चिकित्सकीय जीवन में न केवल रोहतास जिले, बल्कि पूरे शाहाबाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी। उनके योगदान के कारण डिहरी को चिकित्सा के क्षेत्र में एक अलग पहचान मिली। वे अपने सरल स्वभाव, समर्पण और मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। बताया जाता है कि उम्र संबंधी परेशानियों के कारण वे पिछले कुछ महीनों से गोवा में अपनी छोटी पुत्री के पास रह रहे थे, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार गोवा में ही किया जाएगा। डॉ. सुनील बोस को डिहरी क्षेत्र में 'मसीहा' के रूप में जाना जाता था। 1960 के दशक से उन्होंने अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। उस समय जब बड़े अस्पतालों की सुविधा नहीं थी, वे आधी रात को भी मरीजों के घर पहुंचकर इलाज करते थे। गरीब मरीजों से अक्सर फीस नहीं लेना उनकी पहचान रही। उन्होंने वर्ष 1965 से 2025 तक लगातार चिकित्सा सेवा दी और एक फिजिशियन के रूप में हर वर्ग के लोगों का इलाज किया। बड़ी-बड़ी डिग्रियां होने के बावजूद उनका जीवन बेहद सादगीपूर्ण रहा। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी उनका योगदान उल्लेखनीय रहा। बताया जाता है कि उन्होंने क्रांतिकारियों के लिए पत्रक वितरण जैसे कार्यों में भाग लिया था। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए डॉ. रागिनी सिन्हा और डॉ. नीलम ने कहा कि डॉ. बोस का योगदान अतुलनीय रहा है। वे न केवल एक कुशल चिकित्सक थे, बल्कि एक मार्गदर्शक के रूप में भी अनेक लोगों को प्रेरित करते रहे। शोक व्यक्त करने वालों में डॉ. निर्मल कुशवाहा, डॉ. आर. डी. सिंह, डॉ. उदय कुमार सिन्हा, डॉ. वीरेंद्र, डॉ. नवीन नटराज, डॉ. अमिताभ, डॉ. ओ.पी. आनंद, डॉ. निषाद, डॉ. मनोज पांडे, डॉ. जयप्रकाश सिंह, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजद के वरिष्ठ नेता गुड्डू चंद्रवंशी, वरिष्ठ अधिवक्ता उमाशंकर पांडेय सहित कई गणमान्य लोग शामिल हैं। आइएमए डेहरी के अध्यक्ष डॉ. यू. के. सिन्हा और सचिव डॉ. अमिताभ ने कहा कि डॉ. बोस एक संस्था थे। उनके निधन से डेहरी के चिकित्सा इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय समाप्त हो गया। डॉ. बोस अपने पीछे पत्नी, दो पुत्रियां और दो दामाद छोड़ गए हैं।

उनके निधन से चिकित्सा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका योगदान और व्यक्तित्व हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहेगा।

# भामाशाह की जयंती पर बेटियों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन सोन।** दानवीर भामाशाह जयंती के पावन अवसर पर बाबा झारखंडी मंदिर प्रांगण में वैश्य समाज द्वारा पहली बार भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसमें कई गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधानसभा सभापति प्रतिनिधि प्रकाश गोस्वामी, पूर्व चेयरमैन प्रत्याशी ज्योति कुमारी, समाजसेवी पंकज गुप्ता, पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, राजू गुप्ता सहित कई सामाजिक व राजनीतिक हस्तियों ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डेहरी विधायक सोनू सिंह सहित अन्य अतिथि भी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रकाश गोस्वामी ने दानवीर भामाशाह के त्याग, उदारता और राष्ट्रभक्ति को याद किया। इस अवसर पर ज्योति कुमारी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि आज की बेटियाँ शिक्षा के माध्यम से समाज और देश का नाम रोशन कर रही हैं। उनके पहल पर मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, जो नारी सम्मान और शिक्षा प्रोत्साहन की प्रेरक पहल रही। समाजसेवी पंकज गुप्ता ने समाज में एकता, सहयोग और आपसी भाईचारे को मजबूत करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अरविंद एकेडमी के प्रधानाचार्य अरविंद भारती ने किया, जबकि अध्यक्षता ज्योति कुमारी ने की। इस मौके पर विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, निदेशक, छात्राएँ एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने न केवल भामाशाह जयंती को यादगार बनाया, बल्कि नारी सम्मान, शिक्षा और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश भी दिया।


बिहार सरकार

श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग

**संदेश**

अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस उन करोड़ों मेहनतकशों के संघर्ष और संकल्प का प्रतीक है, जिन्होंने अपने खून–पसीने से आधुनिक विश्व की रचना की है। बिहार के श्रमिक अपनी कर्मठता और जीवटता के लिए पूरी दुनिया में जाने जाते हैं। चाहे वह कृषि का क्षेत्र हो, भवन निर्माण हो या विनिर्माण उद्योग, हमारे श्रमिकों के बिना विकास की कल्पना करना असंभव है। राज्य सरकार श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा घेरे को विस्तृत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

'श्रमेव जयते' का मूल मंत्र हमें सिखाता है कि कार्य की गरिमा सर्वोपरि है। हमारा लक्ष्य है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी गरिमापूर्ण जीवन मिले। जब एक छोटे–से–छोटा काम करने वाला व्यक्ति सुरक्षित महसूस करेगा, तभी सामाजिक न्याय की परिकल्पना साकार होगी। आइए, आज हम यह सुनिश्चित करें कि कोई भी मेहनतकश भाई–बहन सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी के अभाव में पीछे न छूटे। श्रमिकों को उचित मजदूरी, सम्मानजनक कार्य दशाएं और समय पर भुगतान मिलना उनका संवैधानिक अधिकार है।

आप सभी श्रमिक भाई–बहनों को मई दिवस की हार्दिक मंगलकामनाएं।

(बिजेन्द्र प्रसाद यादव)
उप मुख्यमंत्री, बिहार

PR No.- 002097 (LRD)D. 2026-27


# सखी सहायता डेस्क ने लगाया एनीमिया जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट के सिकरियाँ उच्च माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को बालिकाओं के लिए निःशुल्क एनीमिया जांच शिविर का आयोजन किया गया। 'सखी सहायता डेस्क' की पहल पर लगाए गए इस शिविर का उद्देश्य किशोरियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शिविर का उद्घाटन चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रांजल मिश्रा, फार्मासिस्ट श्याम प्रकाश ब्रह्मचारी और प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद विद्यालय की छात्राओं के हीमोग्लोबिन स्तर की जांच की गई। स्वास्थ्य दल ने छात्राओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित भोजन और समय पर चिकित्सकीय सलाह लेने के फायदे समझाए। प्रधानाध्यापक अरुण कुमार ने बताया कि बिहार शिक्षा परियोजना के तहत संचालित 'सखी सहायता डेस्क' किशोरियों को शारीरिक बदलाव, स्वास्थ्य समस्याओं और व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर जागरूक करने का कार्य कर रही है। डेस्क के माध्यम से छात्राओं को जरूरी जानकारी देकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रांजल मिश्रा ने एनीमिया को गंभीर समस्या बताते हुए कहा कि हीमोग्लोबिन कम होने से थकान, कमजोरी, चक्कर आना और सांस फूलने जैसी परेशानियां होती हैं। उन्होंने छात्राओं को हरी सब्जियां, गुड़, चना जैसे आयरन युक्त खाद्य पदार्थ खाने और समय-समय पर रक्त जांच कराने की सलाह दी। शिक्षिका काजल कुमारी ने कहा कि 'सखी सहायता डेस्क' छात्राओं को माहवारी स्वच्छता, पोषण, व्यक्तिगत साफ-सफाई और मानसिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी देती है। यह पहल छात्राओं के समग्र विकास में मददगार साबित हो रही है। इस मौके पर शिक्षक प्रेम प्रकाश प्रभात, संदीप कुमार, मो. सुजाउद्दीन अंसारी, रवि कुमार मिश्रा, आकांक्षा सिंह और अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। शिविर में बड़ी संख्या में छात्राओं ने हीमोग्लोबिन जांच करवाई और स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी हासिल की।


सत्यमेव जयते
Goverment Of India

## भारत की जनगणना, 2027

### अपील



**संतोष कुमार गंगवार**
राज्यपाल, झारखण्ड

झारखण्ड में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 01 मई 2026 से 14 जून 2026 के दौरान किया जाना है। वर्ष 1872 से लगातार दस वर्षों के अंतराल पर राष्ट्रीय महत्व के इस व्यापक कार्य को सम्पन्न कराया जाता रहा है। राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय विकास के निमित्त नीति-निर्धारण एवं योजना तैयार करने में जनगणना के महत्व की मान्यता पूरे विश्व में है। भारत की जनगणना विश्व की सबसे वृहद् और श्रेष्ठ जनगणनाओं में से एक है। जनगणना के द्वारा हमें जनसंख्या, परिवार के आकार- प्रकार, मकानों की स्थिति एवं अन्य सामाजिक-आर्थिक विषयों की विविध विशेषताओं से संबंधित बुनियादी आँकड़े प्राप्त होते हैं।

पूरे देश के साथ-साथ झारखण्ड राज्य में भी जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य किया जाना है, जिसमें मकानों की संख्या, मकानों की स्थिति एवं सामग्री, परिवारों की संख्या, वैवाहिक जोड़ों की संख्या, घर के मुखिया का नाम, लिंग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति, परिवार में उपलब्ध सुविधाएं, परिवार द्वारा धारित परिसंपत्तियां, परिवार द्वारा उपभोग किए जाने वाले मुख्य अनाज की जानकारी जैसी महत्वपूर्ण सूचना एकत्र की जानी है। यह सरकारी योजनाओं/कार्यक्रमों के लाभों और सेवाओं के बेहतर लक्ष्य निर्धारण और योजना बनाने में मदद करेगा।

इस बार की जनगणना डिजिटल माध्यम से संपन्न होनी है साथ ही आम जनता को स्व गणना की भी सुविधा प्राप्त होगी। 1 मई से 15 मई 2026 तक स्व- गणना एवं दिनांक 16 मई से 14 जून 2026 के बीच प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य जनगणना कर्मचारियों द्वारा समर्पित भाव से गृह गणना कार्य संपादन करने एवं राज्य के सभी नगरिकों के हार्दिक समर्थन एवं सहयोग पर ही राष्ट्रीय महत्व के इस व्यापक कार्य की सफलता निर्भर करती है। भारतीय जनगणना अधिनियम वचन देता है कि प्रगणकों द्वारा जनगणना संबंधित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर में दी गई सूचनायें पूर्णत: गोपनीय रखी जायेंगी।

झारखण्ड राज्य के सभी निवासियों से मेरी अपील है कि वे इस राष्ट्रीय महत्व के कार्य में भाग लें और जनगणना प्रगणकों को अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करें। साथ ही दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ होने वाली स्व-गणना में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर इस राष्ट्रीय कार्य को सफल बनाएं।

मैं, राज्य में जनगणना 2027 के क्षेत्र कार्य की सफलता की कामना करता हूँ।



**हेमन्त सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

राष्ट्र विकास के प्रयोजनार्थ नीति निर्धारण और योजना बनाने में जनगणना के महत्व को पूरे विश्व में मान्यता प्राप्त है। जनगणना के द्वारा हमें कुल जनसंख्या, परिवारों के आकार- प्रकार, मकानों की संख्या, उसमें प्रयुक्त सामग्री, उसकी स्थिति, परिवारों को उपलब्ध सुविधाओं और परिसम्पत्तियों से संबंधित आंकड़े प्राप्त होने हैं। झारखण्ड राज्य में जनगणना 2027 के प्रथम चरण अर्थात मकानसूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य दिनांक 01 मई 2026 से 14 जून 2026 के मध्य किया जाएगा, जिसके पहले के 15 दिनों अर्थात दिनांक 01 मई 2026 से 15 मई 2026 तक स्व-गणना में आम जन https://se.census.gov.in पर login कर अपनी गणना स्वयं कर सकते हैं।

जनसंख्या के सही आंकड़े राज्य के नीति निर्माण एवं विकास के लिए अत्यंत ही आवश्यक है। इस राष्ट्रीय कार्य में लगने वाले प्रगणकों, पर्यवेक्षकों एवं अन्य जनगणना कर्मचारियों द्वारा समर्पित भाव से कार्य सम्पादन करने एवं राज्य के सभी नागरिकों के हार्दिक समर्थन एवं सहयोग पर ही जनगणना के इस महत्वपूर्ण वैधानिक कार्य की सफलता निर्भर करती है।

राज्य के नागरिकों से मेरी अपील है कि राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अपने तथा परिवार की सूचनाएँ, जो कि गोपनीय रखी जाएगी, को जनगणना प्रगणकों को सही प्रकार से भरवाने के अपने दायित्व को निभाते हुये जनगणना कार्य 2027 के प्रथम चरण को राज्य में पूरी तरह से सफल बनायें। साथ ही दिनांक 01 मई 2026 से प्रारंभ होने वाले स्व-गणना अभियान का हिस्सा बनें।

PR-378850(IPRD)26-27

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड

# धारदार हथियार से पत्नी की हत्या

## आरोपित पति फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां गांव में बुधवार की रात्रि एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के चरित्र पर शक के कारण सनकी पति ने अपनी ही पत्नी की गीज्जर (बरछी) से गोदकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पति फरार हो गया। मृतका की पहचान बबीता कुमारी के रूप में हुई है,जबकि आरोपी पति रवि मांझी बताया जा रहा है। दोनों की शादी करीब 25 वर्ष पहले हुई थी और उनके सात बच्चे हैं। स्वजनों के अनुसार,पति रवि मांझी अपनी पत्नी पर अक्सर बेवजह शक करता था,जिसे लेकर घर में आए दिन विवाद होता रहता था। घटना के दिन भी इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने आपा खो दिया और पत्नी पर गीज्जर (बरछी) से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। घटना बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने हुई। गंभीर रूप से घायल बबीता कुमारी को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही कौआकोल थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अपर थानाध्यक्ष एसआई अविनाश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और सातों बच्चों के सिर से मां का साया उठ गया है। कौआकोल पुलिस के अनुसार हत्यारा पति पूर्व से आपराधिक किस्म का व्यक्ति रहा है। उसके विरुद्ध कौआकोल थाना सहित कई अन्य थाना में पूर्व से कई मामले दर्ज है। घटना के बाद मृतक की माता ने कौआकोल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।



# महिला को बंधक बनाकर नगदी सहित लाखों की लूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** बिहार थाना क्षेत्र के छज्जू मोहल्ला में बुधवार देर रात एक सनसनीखेज डकैती की वारदात सामने आई है। हथियारबंद बदमाशों ने घर में घुसकर अकेली महिला को बंधक बना लिया और करीब 5 लाख रुपये की संपत्ति लूट ली। विरोध करने पर महिला के साथ मारपीट भी की गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

पीड़िता 28 वर्षीय हेना परवीन जो घटना के समय घर में अकेली थीं। उनके पति शनशुद जोहार दिल्ली में ऑप्टिकल का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि हेना पिछले एक महीने से नए मकान में पेंट और टाइल्स का काम करवाने के लिए वहीं रुकी हुई थीं।

पीड़िता के भाई मोहम्मद शाहिद अली के अनुसार, घटना रात करीब ढाई बजे के बीच हुई। 5-6 नकाबपोश अपराधी बाहरी छज्जे के सहारे तीसरी मंजिल पर पहुंचे और लोहे की ग्रिल व खिड़की के सरिए काटकर घर में घुस गए।

घर में घुसते ही बदमाशों ने हेना परवीन को हथियार के बल पर काबू में कर लिया और गहनों व नकदी के बारे में पूछताछ करने लगे। विरोध करने पर उनके चेहरे पर कई वार किए गए, जिससे उनका चेहरा बुरी तरह सूज गया।

अपराधियों ने करीब 20 से 25 मिनट तक घर की तलाशी ली और अलमारी में रखे लगभग 25 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और पुराने पीतल के बर्तन लेकर फरार हो गए।

परिजनों के अनुसार, बदमाश मगही भाषा में बातचीत कर रहे थे, जिससे उनके स्थानीय होने की आशंका जताई जा रही है। वारदात के बाद अपराधियों ने पीड़िता का मोबाइल छीन लिया, सिम कार्ड निकालकर फोन घर में ही फेंक दिया। इसके बाद महिला को बाथरूम में बंद कर मेन गेट से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

# मात्र 18 दिनों में अभियुक्तों को पुलिस ने दिलायी सजा

## तेज अनुसंधान और त्वरित न्याय से मिली बड़ी सफलता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** पुलिस द्वारा त्वरित अनुसंधान और शीघ्र न्याय दिलाने की दिशा में एक सराहनीय पहल सामने आई है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, नवादा की ओर से जारी प्रेस-विज्ञप्ति के अनुसार, महज 18 दिनों के भीतर एक गंभीर मामले में अनुसंधान पूरा कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया और आरोपियों को सजा दिलाई गई। यह कार्रवाई पुलिस की सक्रियता और न्याय व्यवस्था के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

मामला 12 दिसंबर 2025 का है, जब सूचना मिली थी कि टाउन हॉल के पास ग्राउंड में दो युवक हथियार के साथ किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों युवकों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। इस आधार पर नगर थाना कांड संख्या 1296/25 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

पुलिस मुख्यालय के निदेशानुसार इस मामले को प्राथमिकता देते हुए तेजी से अनुसंधान किया गया। वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ गवाहों के बयान दर्ज कर मजबूत केस तैयार किया गया। इसके बाद समय पर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिससे मामले का त्वरित निष्पादन संभव हो सका।

30 अप्रैल 2026 को माननीय न्यायालय, नवादा के न्यायिक पदाधिकारी राहुल किशोर द्वारा इस मामले में फैसला सुनाया गया। अभियुक्त अब्दुल कुमार और रोहित कुमार को दोषी करार देते हुए आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी) के तहत तीन वर्ष के कारावास एवं 3000 रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई गई। वहीं धारा 26 के अंतर्गत एक वर्ष के कारावास एवं 2000 रुपये के जुमार्ने का भी प्रावधान किया गया।

इस सफल कार्रवाई में अभियोजन पक्ष की ओर से लोक अभियोजक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवादा पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से आम जनता में सुरक्षा और न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास मजबूत हुआ है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड कार्यालय में हुई वीएलईएस की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** प्रखंड कार्यालय नारदीगंज में गुरुवार को बीडीओ सोनिया ढनढननिया की अध्यक्षता में भीएलईएस की बैठक हुई। बीडीओ ने कहा 30 अप्रैल से 30 मई तक प्रखंड के सभी पेंशनधारी भौतिक सत्यापन अवश्य करा लें। उन्होंने कहा पंचायत स्तर पर पंचायत भवन में सभी भीएलईएस रहेंगे। यह कार्य संपादित करने के लिए मुखिया को व्यवस्था करना है। विकास मित्र,ग्राम कचहरी सचिव सहयोग करेंगे। प्रचार प्रसार भी करेंगे। समाजिक सुरक्षा योजना के तहत छह प्रकार का पेंशनधारी है। सभी पेंशनधारियों अपना आधार कार्ड,बैंक पासबुक लेकर आएंगे,और भौतिक सत्यापन अवश्य करा लें, निर्धारित अवधि तक भौतिक सत्यापन नहीं कराने वाले पेंशनधारियों का पेंशन बंद हो जाएगा। मौके पर कार्यपालक सहायक किशोर कुमार, भीएलइएस टुनी कुमार,लवकुश, पप्पू कुमार,रवि शंकर, सियाराम कुमार,नीरज कुमार, शंकर कुमार समेत अन्य रहे।

### चोरी गए जेवरात बरामद, पुलिस ने किया खुलासा



**वारिसलीगंज ।** थाना क्षेत्र के बाजार में हुई सोने के आभूषणों की चोरी के मामले का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 19 अप्रैल 2026 को वारिसलीगंज बाजार स्थित एक ज्वेलरी दुकान से सोने के मंगलसूत्र एवं सोने के बोला चोरी हो गए थे। इस संबंध में दुकानदार राजकुमार द्वारा वारिसलीगंज थाना में लिखित आवेदन देकर मामला दर्ज कराया गया था।मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू की और जांच के क्रम में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी कर चोरी हुए जेवरात बरामद कर लिए। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर लोगों का विश्वास बढ़ा है। बरामद सामान में 4 पीस सोने का मंगलसूत्र और 4 पीस सोने का बोला शामिल है। बरामद जेवरात की पहचान दुकानदार द्वारा कर ली गई है और उसे विधिवत सुपुर्द कर दिया गया है।थाना अध्यक्ष ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है और इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए पुलिस सतर्क है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस सफलता की सराहना की है।

### जनगणना को लेकर सामग्री वितरित

**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड कार्यालय परिसर में बृहस्पतिवार को भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण कार्य को लेकर तैयारी तेज कर दी गई। इस दौरान प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षकों और प्रगणकों के बीच नियुक्ति पत्र एवं गणना से संबंधित आवश्यक सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 47 पर्यवेक्षकों और 281 प्रगणकों को नियुक्ति पत्र, मार्गदर्शिका पुस्तिका, नक्शा निर्माण के लिए चार्ट पेपर, पहचान पत्र सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रदान किए गए। अधिकारियों ने सभी कर्मियों को उनके दायित्वों और कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने निर्देश दिया कि जनगणना कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश के विकास की आधारशिला होती है। इससे सरकार को जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार, आवास तथा सामाजिक-आर्थिक स्थिति से जुड़े सटीक आंकड़े प्राप्त होते हैं, जिनके आधार पर योजनाएं बनाई जाती हैं।सभी पर्यवेक्षकों से आपसी समन्वय के साथ ईमानदारीपूर्वक कार्य करने की अपील की गई, ताकि सही और विश्वसनीय आंकड़े एकत्र किए जा सकें। प्रशासन की ओर से बताया गया कि 2 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और मकान गणना का कार्य संचालित किया जाएगा। इस मौके पर शिवेंदु कुमार, शंकर कुमार, नवीन कुमार, संतोष कुमार राय, सुनील कुमार, भवेश सिंह, अनुज कुमार सिंह, रजनीश कुमार, ललित कुमार, राजीव रंजन कुमार, अखिलेश प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**बिहारशरीफ।** वेना थाना क्षेत्र में बख्तियारपुर-रजौली एनएच-20 स्थित ब्रह्मस्थान के समीप ओवरब्रिज पर बुधवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है, जिससे पुलिस उसकी शिनाख्त में जुटी हुई है। घटना की जानकारी राहगीरों द्वारा वेना थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आशंका है कि बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे सवार की मौके पर ही मौत हो गई। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और मृतक की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी जाएगी। गौरतलब है कि इसी ओवरब्रिज पर दो दिन पहले भी वेना बाजार के पास एक बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। उस मामले में परिजनों ने अज्ञात वाहन से टक्कर का आरोप लगाया था, जबकि पुलिस ने तेज रफ्तार को कारण बताया था। लगातार हो रही घटनाओं से इस ओवरब्रिज की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।

# कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन हेतु प्रशासन की व्यापक तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** इंटरमीडिएट विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 एवं इंटरमीडिएट कम्पार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 दिनांक 02.05.2026 से प्रारंभ होकर 11.05.2026 तक आयोजित होगी। वहीं माध्यमिक विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 एवं माध्यमिक कम्पार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 दिनांक 02.05.2026 से प्रारंभ होकर 07.05.2026 तक सम्पन्न होगी। सभी परीक्षाएं दोनों पालियों में आयोजित होंगी। प्रथम पाली 09:30 बजे पूर्वाह्न से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक निर्धारित है।परीक्षा को कदाचारमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है।इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु एक परीक्षा केंद्र–कन्या मिडिल स्कूल, प्रसाद विगहा, नवादा–निर्धारित किया गया है। वहीं माध्यमिक परीक्षा हेतु दो परीक्षा केंद्र–नगर मध्य विद्यालय, पुरानी जेल रोड, नवादा एवं कन्हाई इंटर स्कूल, नवादा–निर्धारित किए गए हैं।सभी परीक्षा केंद्रों पर सशस्त्र बल के साथ स्टैटिक दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही गश्ती दल-सह-जोनल दंडाधिकारी तथा उड़नदस्ता-सह-सुपर जोनल दंडाधिकारी के रूप में भी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गई है।परीक्षार्थियों के लिए जूता-मोजा पहनकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी परीक्षार्थियों को चप्पल पहनकर ही प्रवेश करना होगा तथा गेट पर सघन फ्रिस्किंग की जाएगी।साथ ही परीक्षाकक्ष में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, पेजर, इलेक्ट्रॉनिक वॉच, स्मार्ट वॉच, मैग्नेटिक वॉच आदि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है तथा कदाचार की रोकथाम हेतु सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।परीक्षा से संबंधित गतिविधियों की सतत निगरानी हेतु समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष संख्या 06324-212261 है। नियंत्रण कक्ष दिनांक 02.05.2026 से 11.05.2026 तक कार्यरत रहेगा। आपात स्थिति से निपटने हेतु नियंत्रण कक्ष में अग्निशमन दस्ता, वज्र वाहन, अश्रु गैस दस्ता, चिकित्सा व्यवस्था, सशस्त्र बल एवं लाठी बल की भी व्यवस्था की गई है।विधि-व्यवस्था की सतत निगरानी हेतु अनुमंडल दंडाधिकारी, नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर को निर्देशित किया गया है। परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के समग्र प्रभार में अपर समाहर्ता सह अपर जिला दंडाधिकारी, नवादा डॉ. अनिल कुमार तिवारी एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) निशु मल्लिक रहेंगे।

# केंद्रीय विद्यालय निर्माण का रास्ता साफ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** जिले के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि सामने आई है। नवादा सांसद एवं भाजपा नेता विवेक ठाकुर ने जानकारी दी कि जिले में केंद्रीय विद्यालय भवन निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने की स्वीकृति मिल गई है, जिससे अब केंद्रीय विद्यालय निर्माण का मार्ग पूरी तरह प्रशस्त हो गया है। उन्होंने इसे नवादा के लिए गर्व और खुशी का विषय बताया।सांसद ने इस महत्वपूर्ण निर्णय के लिए बिहार सरकार एवं मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के प्रति जिलेवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है और नवादा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना इसी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

विवेक ठाकुर ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय बनने से जिले के विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं और बेहतर प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण मिलेगा। इससे छात्रों के शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा और उनके सर्वांगीण विकास के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही, हजारों परिवारों को अपने बच्चों के लिए जिले में ही उत्कृष्ट शिक्षा संस्थान उपलब्ध हो सकेगा।

उन्होंने कहा कि नवादा के विकास, शिक्षा विस्तार और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। केंद्रीय विद्यालय न केवल शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि जिले के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सांसद ने ह्वविकसित भारत, विकसित नवादाह्व के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि नवादा को शिक्षा और विकास के नए आयाम तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को ले जागरूकता रथ रवाना



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा के कर-कमलों द्वारा 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु आज प्रचार वाहन रथ को सिविल कोर्ट के मुख्य द्वार से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

यह प्रचार वाहन रथ शहर के प्रमुख चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर जाकर लोगों को जागरूक करेगा तथा राष्ट्रीय लोक अदालत के पम्फलेट आदि का वितरण करेगा, जिससे नवादा वासियों को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों का निष्पादन हो सके।

इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, आशुतोष कुमार झा के नेतृत्व में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा, अरविन्द कुमार एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीशगण, अन्य अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारीगण, न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, डिफेंस/पैनल अधिवक्तागण, पारा विधिक स्वयंसेवक, व्यवहार न्यायालय के कर्मचारीगण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती

**कौआकोल।** कौआकोल थाना क्षेत्र के दरावां पंचायत अंतर्गत डोमनबाग गांव में गुरुवार को नवादा नगर थाना की पुलिस ने हत्या मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के घर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की। पुलिस ने अभियुक्त के घर का दरवाजा, चौकी, बर्तन सहित अन्य सामान जब्त कर विधिवत जब्ती सूची तैयार करते हुए कानूनी प्रक्रिया पूरी की। नगर थानाध्यक्ष उमाशंकर सिंह ने बताया कि नगर थाना कांड संख्या-813/25 में नवादा न्यायालय के आदेश के आलोक में यह कार्रवाई की गई। ज्ञात हो कि डोमनबाग गांव निवासी ब्रहमदेव महतो के 22 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार की 29 जुलाई 2025 को बिहार पुलिस परीक्षा देने सासाराम जाने के दौरान नवादा के मेहता गली,मिजार्पुर मुहल्ला में अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। अनुसंधान के दौरान पुलिस ने कौआकोल थाना क्षेत्र के बाजितपुर गांव निवासी विनोद यादव के पुत्र मोनू कुमार सहित तीन अपराधियों की संलिप्तता पाई थी। मामले के दो आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।

# लोक अदालत की सफलता को ले थानाध्यक्षों की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा ।** आगामी 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से व्यवहार न्यायालय, नवादा स्थित लाइब्रेरी हॉल में जिले के सभी थाना अध्यक्षों एवं थाना प्रभारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

यह बैठक नालसा एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के मार्गदर्शन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न थानों द्वारा नोटिस तामिला की स्थिति की समीक्षा की गई। कम प्रगति वाले थानों को सख्त निर्देश देते हुए शत-प्रतिशत नोटिस तामिला सुनिश्चित करने को कहा गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नवादा अरविन्द कुमार ने थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि पंचायत एवं ग्राम स्तर पर भी पहल कर अधिकाधिक पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय मामलों का निष्पादन आपसी समझौते से हो सके।

बैठक में जिले के नगर थाना सहित हिसुआ, रजौली, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, पकरीबरावां, गोविन्दपुर, कादिरगंज समेत विभिन्न थानों के अधिकारी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वित प्रयास करने पर बल दिया गया।

# 'क्लिफ वॉक' निर्माण की घोषणा से लोगों में हर्ष



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** राजगीर नेचर सफारी में बने ग्लास स्काई वॉक ब्रिज की लोकप्रियता के बाद अब यहां एक और रोमांचक परियोजना आकार लेने जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है।

प्रस्तावित 'क्लिफ वॉक' न केवल एडवेंचर प्रेमियों को नया अनुभव देगा, बल्कि राजगीर को देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में और मजबूत बनाएगा।

जानकारी के अनुसार, यह क्लिफ वॉक सैकड़ों मीटर लंबा होगा और मौजूदा 85 फीट लंबे ग्लास ब्रिज को कड़ी टक्कर देगा।

इसे दो घाटियों के बीच खड़ी चट्टानों के किनारे इस तरह बनाया जाएगा कि पर्यटक चलते हुए खुद को हवा में तैरता हुआ महसूस करेंगे। नीचे गहरी घाटियां और चारों ओर फैली हरियाली इस अनुभव को और भी रोमांचक बनाएगी।

इस परियोजना के लिए जेठियन पर्वत श्रृंखला का चयन किया गया है, जो राजगीर नेचर सफारी से सटा हुआ क्षेत्र है। यहां की प्राकृतिक बनावट घाटियां, पहाड़ियां और घने वन क्लिफ वॉक के लिए बेहद उपयुक्त मानी गई है।

# कस्तूरबा विद्यालय में बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर पेंटिंग प्रतियोगिता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ ।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर आइडिया संस्था के सहयोग से छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बाल श्रम, बाल विवाह और बाल अधिकार जैसे महत्वपूर्ण विषयों को केंद्र में रखा गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यालय की कई छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी चित्रकला के माध्यम से बाल श्रम के दुष्परिणाम तथा शिक्षा के महत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।

आइडिया संस्था के प्रतिनिधियों ने इस दौरान छात्राओं को बाल श्रम और बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। श्रम अधीक्षक नालंदा अश्विनी कुमार एवं विद्यालय प्रबंधन ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

प्रतियोगिता के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को श्रम अधीक्षक अश्विनी कुमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी भवेंदु कुमार, आइडिया संस्था से मंटू कुमार गंगोत्री, विनोद पांडे, कस्तूरबा विद्यालय की वार्डन आभा कुमारी सिन्हा, विजय कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वंचित वार्डों में जल्द शुरू होगा नल-जल कार्य : डा. प्रेम कुमार

## गयाजी में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को लेकर बड़ी पहल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** गयाजी टाउन क्षेत्र में शुद्ध पेयजल आपूर्ति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नल-जल योजना से वंचित रह गए क्षेत्रों में शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुडको द्वारा कराए गए सर्वे के दौरान लापरवाही के कारण शहर के कुछ वार्ड के मुहल्ले योजना के दायरे से बाहर रह गए थे। इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए बिहार विधानसभा स्थित अपने कार्यालय में नगर विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव के साथ उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में अधिकारियों को विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए गए। जानकारी के अनुसार ङ्गगया वाटर सप्लाई स्कीम के तहत वार्ड संख्या 51, 52, 50 और 21 में सर्वे कार्य पूरा कर लिया गया है। इस दौरान जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी), क्लियर वाटर राइजिंग मेन, ईएसआर, जीएसआर, सम्प, पंप हाउस एवं वितरण नेटवर्क का विस्तृत आकलन किया गया। साथ ही डीजीपीएस मशीन से लगभग 15 प्रतिशत टोपोग्राफिकल सर्वे भी पूर्ण कर लिया गया है, जिसकी इनसेप्शन रिपोर्ट बुडको कार्यालय, पटना को सौंप दी गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि शेष वार्ड के मोहल्लों में भी छूटे गए स्थानों को शामिल करने का कार्य जारी है। राज्य सरकार ने त्वरित निर्णय लेते हुए गयाजी टाउन के शेष क्षेत्रों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही योजना का निविदा प्रक्रिया में ले ली गई है। जल्द ही कार्य प्रारंभ कर दी जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि योजना के लागू होने के बाद शहर के हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचेगा और लोगों को जल संकट से राहत मिलेगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि जिन क्षेत्रों में अब तक जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाई है, वे बुडको के अधिकारियों से 7488365866 पर संपर्क कर अपनी जानकारी उपलब्ध कराएं। अध्यक्ष ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा कर जनता को समर्पित किया जा सके।

# बोधगया मठ में राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेंगे सीएम और विधानसभा अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गयाजी।** बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय एवं बोधगया मठ के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय परम्परा में धार्मिक समन्वय विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी-सह-सांस्कृतिक संचेतना कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बोधगया मठ परिसर में आयोजित होगा, जिसमें बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा बिहार विधानसभा के अध्यक्ष प्रेम कुमार सहित राष्ट्रीय स्तर के कई गणमान्य अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। अतिथियों का स्वागत मठ परम्परा के अनुसार किया जाएगा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हिन्दू-बौद्ध सहित विभिन्न धार्मिक परम्पराओं के समन्वय और सामाजिक समरसता की भावना को समाज में प्रसारित करना है। साथ ही बोधगया मठ द्वारा वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्यों और धार्मिक समन्वय के प्रयासों से आम जनों को अवगत कराया जाएगा। इस अवसर पर मगध विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग द्वारा मठ परिसर में एक सांस्कृतिक धरोहर प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी, जिसमें बोधगया मठ के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के साथ-साथ यहां संरक्षित पुरावशेषों और कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग द्वारा तैयार ङ्गबोधगया मठ सांस्कृतिक धरोहर नामक दिग्दर्शिका का विमोचन भी कार्यक्रम के दौरान किया जाएगा। यह आयोजन धार्मिक सहअस्तित्व, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# मगध विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा पर व्याख्यान, शोध की दिशा पर मंथन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गयाजी।** मगध विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा में शोध क्षेत्र की दशा एवं दिशाः एक अवलोकन विषय पर एक दिवसीय विशिष्ट व्याख्यान का सफल आयोजन गुरूवार को किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों में शोध की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना तथा भविष्य की संभावनाओं पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफ़ेसर किस्मत कुमार सिंह, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा की समृद्ध विरासत, उसकी प्रासंगिकता तथा समकालीन शोध की दिशा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय दर्शन एवं पश्चात दर्शन की चर्चा करते हुए पंचमहाभूत, पंचकोश, शब्द प्रमाण और अनुभूति प्रमाण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को रेखांकित किया तथा शोधार्थियों को परंपरागत ज्ञान और आधुनिक दृष्टिकोण के समन्वय की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ गौतम कुमार सिन्हा, भूतपूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने भारतीय ज्ञान प्रणाली के पुनर्स्थापन में युवा शोधकर्ताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो जावेद अंजुम ने की, जिन्होंने अपने संबोधन में विषय की गंभीरता और उसकी अकादमिक उपयोगिता को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वयन डॉ प्रियंका तिवारी, वरिष्ठ सहायक अध्यापिका, दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा किया गया, जबकि अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ रामनारायण मिश्र, सहायक प्राध्यापक ने प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी वक्ताओं, अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस व्याख्यान में विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, सहायक अध्यापक और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें कुमार सौरभ, तफसीर आलम, संध्या कुमारी, देव कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार, अथिया शगुफ्ता और नेहा कुमारी सहित अन्य शामिल थे।

# अवैध शराब कारोबार पर पुलिस की कार्रवाई, तीन गिरफ्तार, 20 लीटर महुआ शराब बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गयाजी)।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान निरहु कुमार (ग्राम उतरेंन गढ़), प्रमोद यादव एवं जितेंद्र यादव (दोनों ग्राम अहियापुर) के रूप में हुई है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान निरहु कुमार के घर से 5 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। वहीं, सुभाष मांझी के घर से 5 लीटर तथा सुरेंद्र चौधरी के घर से 10 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई। कार्रवाई के दौरान पुलिस को देखते ही कुछ आरोपी फरार हो गए। फरार आरोपियों में सुरेंद्र चौधरी उर्फ नटुली चौधरी (ग्राम उतरेंन गढ़) एवं सुभाष मांझी (ग्राम हिच्छापुर) शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एलटी लाइन की चपेट में आने से बाल-बाल बचा युवक

**कोंच/गुरारू (गया)।** थाना क्षेत्र के कनौसी पंचायत अंतर्गत धनुबिगहा गांव के बधार में गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे बिजली की एलटी (लो टेंशन) लाइन की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई, जबकि गाय चरा रहा युवक बाल-बाल बच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक धीरेंद्र यादव (पिता–बिंदेश्वर यादव) गाय चरा रहा था, तभी झुकी हुई बिजली की तार के संपर्क में आने से यह हादसा हुआ। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है और उन्होंने बिजली विभाग की लापरवाही पर सवाल उठाए हैं। सामाजिक कार्यकर्ता सह चिकित्सक डॉ. अनुज कुमार ने घटना की सूचना पशुपालन विभाग को देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मृत पशु के लिए मुआवजा देने तथा जर्जर बिजली तारों की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है।

## पार्षद ने कार्यपालक अधिकारी को सौंपा आवेदन

**रोहतास (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 12 के वार्ड पार्षद ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यपालक अधिकारी को आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया कि पिछले चार वर्षों से पार्षद रहने के बावजूद वे अपने वार्ड में अपेक्षित विकास कार्य नहीं करवा सके हैं, जिससे वे स्वयं भी काफी चिंतित हैं। पार्षद आकिब जावेद ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन पर भरोसा जताते हुए उन्हें निर्वाचित किया था, लेकिन वे अब तक उस विश्वास पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए हैं। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड में एक छोटे कार्य को छोड़कर कोई ठोस विकास कार्य नहीं हो सका है, जिससे स्थानीय लोगों में भी असंतोष बढ़ रहा है।

# विदाई समारोह एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन

**सासाराम।** गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित नारायण इंस्टीट्यूट ऑफ एलाइड एंड हेल्थकेयर साइंसेज़ द्वारा वर्ष 2022 के उत्तीर्ण हो रहे छात्र-छात्राओं के सम्मान में विदाई समारोह, 'पासिंग द लाइट' एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) कुमार आलोक प्रताप रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में अकादमिक निदेशक सह परीक्षा नियंत्रक सुदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में समर्पण, अनुशासन और मानवीय संवेदनाएं अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल के माध्यम से समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि सुदीप कुमार सिंह ने छात्रों को निरंतर सीखने की प्रवृत्ति बनाए रखने और बदलते स्वास्थ्य परिदृश्य के अनुरूप स्वयं को अद्यतन रखने की सलाह दी।


**INDIRA GANDHI INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
(An Autonomous Institute of Govt. of Bihar
Sheikhpura, Patna-800014 (Bihar, India)
Tele. : 0612-2297631, 2297099; Fax : 0612-2297225, Website : www.igims.org
E-Mail id : director@igims.org

**Notice Inviting Tender for Civil Work**

Sealed tenders in two bids system (Technical and Financial) are hereby invited for **various civil repair and renovation works.** The last date of submission of complete tender document is **25/05/2026 up to 3:00 P.M.** through Speed Post/ Registered Post / Courier Services only. The received bids (Technical Only) will be opened on **29/05/2026 at 3:00 PM.** Details of the propose tender can be seen and downloaded from Institute Website **www.igims.org.**
Undersigned reserve the right to accept / reject any or all tenders without assigning any reason. Prospective bidders are advised to regularly visit **www.igims.org** for Corrigendum / Amendments etc., if any. It will be notified on this portal only and no separate advertisement will be made.
**NIT No.:-01/IGIMS/Engg.Cell/CW/2026-27**
*DIRECTOR, IGIMS, PATNA*



स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार

**राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट/ ट्यूटर के टेन्योर पदों पर नियुक्ति के लिए पैनल निर्माण हेतु आवश्यक सूचना**

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

**विज्ञापन संख्या- BCECEB/Health(SR)/2026/03 दिनांक- 30.04.2026**

विज्ञापन संख्या-BCECEB/Health(SR)/2026/01 एवं 2026/02 दिनांक- 14.04.2026 के क्रम में सर्व साधारण एवं सम्बन्धित आवेदकों को सूचित किया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के चिकित्सा महाविद्यालयों एवं अस्पतालों में सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर के टेन्योर (तीन वर्षीय) पदों पर नियुक्ति हेतु सीनियर रेजिडेन्ट / ट्यूटर तथा बिहार चिकित्सा शिक्षा सेवा भर्ती, नियुक्ति एवं प्रोन्नति नियमावली-2008 संशोधित नियमावली 2013 एवं संशोधन नियमावली, 2026 के अंतर्गत पैनल निर्माण हेतु प्रकाशित विवरण-पुस्तिका 2026 के कंडिका-1.2(ख) के अनुसार कुछ अभ्यर्थियों द्वारा तकनीकी कारणों से Online आवेदन भरने में कठिनाई उत्पन्न हुई थी, जिसे सुधार कर दिया गया है। अतः **छात्रहित में सीनियर रेजिडेंट / ट्यूटर की नियुक्ति 2026 से सम्बन्धित महत्वपूर्ण तिथियाँ निम्नवत् विस्तारित किया जाता है;**

(i) Online Registration Closing Date : **05.05.2026 (10.00 P.M.)**
(ii) Last date of payment through Net Banking / Debit Card / Credit Card / UPI after submission of the Online Application Form of Registered Candidate : **05.05.2026 (11.59 P.M.)**
(iii) Online Editing of Application : **06.05.2026 (11.59 P.M.)**
(iv) Date of Publishing of Document Verification programme : **To be notified later on.**

नोडल पदाधिकारी


# गयाजी नगर निगम बोर्ड बैठक

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर निगम बोर्ड की बैठक गुरुवार को महापौर वीरेंद्र कुमार उर्फ गणेश पासवान की अध्यक्षता में निगम सभागार में हुई। बैठक का संचालन सशक्त स्थायी समिति सदस्य अखौरी ओंकारनाथ उर्फ मोहन श्रीवास्तव ने किया। इसमें शहर के विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मंजूरी दी गई। हालांकि, बैठक के दौरान कुछ पार्षदों ने बहिष्कार कर दिया। महापौर विरेन्द्र कुमार ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए कई अहम योजनाएं सदन में पेश की गईं।

## 20 लीटर महुआ शराब बरामद

**कोंच (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन शराब कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में निरहु कुमार (ग्राम उतरेंन गढ़), प्रमोद यादव एवं जितेंद्र यादव (दोनों ग्राम अहियापुर) शामिल हैं।


**Format C-1**
(for candidate to publish in Newspapers, TV)

**Declaration about criminal cases**

***(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)***

**Name and address of candidate** : सोनु कुमार राय, बिन्द टोली, पोस्ट- आरा चौक, आरा सदर, जिला-भोजपुर
**Name of Political Party** : राष्ट्रीय जनता दल
*(Independent candidates should write "Independent" here)*
**Name of the Election** : सदस्य बिहार विधान परिषद, उप निर्वाचन-2026
***Name of Constituency** : भोजपुर - सह- बक्सर स्थानीय प्राधिकार

I **Sonu Kumar Rai** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

**(A) Pending criminal cases**

| Sl. No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | IV अडिसनल जज भोजपुर (आरा), | आरा नगर 416/2016 | आरोप विरचित किए गए | धारा- 307, 326 भा.द.वि. एवं 27 आर्म्स अधिनियम, मारपीट जख्मी |
| 2. | मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी भोजपुर (आरा), | कोईलवर 78/2015 | Pending | धारा-420, 406, 409, 120बी, 34 भा.द.वि. 7 ईसी एक्ट., जालसाजी |

**(B) Details about cases of conviction for criminal offences**

| Sl. No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) punishment imposed | Maximum Punishment Imposed |
|---|---|---|---|
| 1. | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) | NA (Sl. No. 1 & 2) |

* In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of names of constituency.



**Format C-7**
(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reasons for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates
(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition (C) no.2192 of 2018 in WP (C) no. 536 of 2011)
Name of Political Party: - Bhartiya Janata Party
*Name of the Election: - Bye election to the Legislative Council of Bihar by the members of Legislative Assembly, 2026
Name of State/UT: - Bihar
Name of the Constituency:- Bye election to the Legislative council 2026
Name of the Candidate:- Sri Surya Kumar Sharma

| Sl. No. | | Criminal Antecedents | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | a | Nature of the Offences | 188 आईपीसी एवं 127 (2) आरपीएक्ट) | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट | धारा–3 बिहार प्रोपर्टी डिफेसमेंट एक्ट |
| | b | Case no. | नगर थाना नवादा कांड सं0–606/2015 | रजौली थाना कांड सं.–239/15 | मुफस्सिल कांड सं. 211/15 |
| | c | Name of the Court | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास | श्री अश्विनी कुमार एसीजीएम–4 | श्री अनुराग जेएम फस्ट क्लास |
| | d | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | नहीं | नहीं | नहीं |
| | e | Date of conviction, if any | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | f | Details of punishment undergone, if any | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| | g | Any other information required to be given | नहीं | नहीं | नहीं |
| 2. | | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words | He is a well known social worker having very good reputation in the society. A very old and senior party worker and presently holding the post of the state headquarter incharge of the party. | | |
| 3. | | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be selected as candidates (not more than 100 words) | The cases against him are trivial in nature. Due to his selfless work for the society and our party, the party has preferred him as the candidate. | | |

Kumar Sachin
Co-convenor Election Management Department, BJP, Bihar
(Signature of office bearer of the Political Parts)

संपादकीय

# महिला आरक्षण : सियासी मेगा शो

मोदी सरकार द्वारा लोकसभा में 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2026' पारित न करा पाने के बाद इसके कांग्रेस और विपक्ष को कटघरे में खड़ा करने लिए सत्तारूढ़ भाजपा हर मुमकिन कोशिश कर रही है। विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम के क्रियान्वयन को लेकर लाया गया शासकीय संकल्प भारी हंगामे और लंबी बहस के बाद पारित हो गया। अध्यक्ष के निर्देश पर सदस्यों ने हाथ उठाकर अपना मत जाहिर किया। विपक्ष द्वारा मत विभाजन की मांग पर अध्यक्ष ने व्यवस्था दी कि चूंकि मूल प्रस्ताव सरकार का है। अलग वोटिंग की जरूरत नहीं। सदस्य लॉबी में रजिस्टर पर पक्ष दर्ज करा सकते हैं। सिर्फ कांग्रेस सदस्यों ने रजिस्टर पर हस्ताक्षर किए। यकीनन इस विशेष सत्र में कांग्रेस को कोसने और विपक्ष के खिलाफ नरेटिव गढ़ने का राजनीतिक उद्देश्य काफी हद तक पूरा हो गया, लेकिन इससे भाजपा को जमीनी स्तर कोई राजनीतिक फायदा हो रहा है अथवा होगा, इसको लेकर खुद भाजपा भी आश्वस्त नहीं है। इसीलिए भाजपा शासित सभी राज्यों में विस के एक दिनी विशेष सत्र बुलाकर अधिनियम के समर्थन में शासकीय संकल्प पारित किए जा रहे हैं। मजे की बात यह है कि भाजपा सरकारें नारी शक्ति अधिनियम को पारित न होने देने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार तो ठहरा रही हैं, लेकिन कांग्रेस के इस पलटवार का जवाब नहीं दे रही हैं कि सरकार इस महिला आरक्षण को आज से ही लागू करने में क्यों हिचक रही है। बहरहाल मप्र विधानसभा के इस एक दिनी विशेष सत्र में नौ घंटे चली चर्चा में भी आठ घंटे केवल महिला आरक्षण के तकनीकी और राजनीतिक पहलुओं पर बात हुई, जिसमें महिला विधायकों ने भी बढ़-चढ़ कर भाग लिया। चर्चा के बाद उसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। आरंभ में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से पेश किए गए इस संकल्प ने सदन में सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच युद्ध छेड़ दिया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल पहले परिसीमन को 'सीज' कर दिया था, जिसके कारण देश की आधी आबादी आरक्षण से वंचित रही। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने संसद में संशोधन विधेयक का समर्थन न कर महिलाओं से विश्वासघात किया। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में राज्य सरकार द्वारा नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में नारी सशक्तिकरण और ज्यादा भागीदारी के लिए उठाए गए कदमों की विस्तार से जानकारी दी। जबकि सदन में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में कांग्रेस ने सरकार को घेरते हुए कई गंभीर सवाल उठाए। विपक्ष का मुख्य तर्क यह था कि जब कानून बन चुका है, तो इसे जनगणना और परिसीमन जैसी शर्तों में क्यों उलझाया जा रहा है? उन्होंने मांग की कि वर्तमान की 543 लोकसभा और 230 विधानसभा सीटों पर ही आज से ही 33% आरक्षण लागू किया जाए। कांग्रेस ने ओबीसी महिलाओं के लिए आरक्षण के भीतर कोटा निर्धारित करने की मांग की। यहां असल सवाल सरकार की नीयत और मंशा का है। देश में पांच राज्यों में विस चुनाव प्रक्रिया जारी रहते इस विधेयक को लाने का उद्देश्य क्या था? क्या इसे 4 मई के बाद भी नहीं लाया जा सकता था? हो सकता है कि सरकार को उम्मीद हो कि महिलाओं को राजनीतिक आरक्षण से देने से देश भी सत्तर करोड़ महिलाएं आंदोलित होंगी और भाजपा के पक्ष में माहौल बनेगा। राजनीतिक नरेटिव गढ़ने तक तो ठीक है, लेकिन सियासी आरक्षण का मुद्दा कितनी महिलाओं की जमीनी आकांक्षाओं को एड्रेस करता है और अगर समूचे देश में तीन हजार से अधिक महिलाएं चुनाव जीतकर विधान मंडलों में पहुंच भी जाएंगी तो इससे आम महिलाओं को क्या लाभ होगा? इसका जवाब किसी के पास नहीं है। लिहाजा लिहाजा महिला आरक्षण के नाम पर राजनीतिक मेगा शो चल रहा है।

# बुद्ध पूर्णिमाः करुणा का संदेश



सी. पी. राधाकृष्णन


चित्रा पूर्णिमा के शुभ अवसर पर जब मंदिर उत्सव मनाए जा रहे हैं, मैं प्रार्थना करता हूं कि प्रत्येक घर में सुख- समृद्धि बढ़े। मुझे सभी भाईयों और बहनों को बुद्ध पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए प्रसन्नता हो रही है।

भारत ने विश्व को जो अनेक उपहार दिए हैं, उनमें बौद्ध धर्म सर्वोपरि है। भगवान बुद्ध का जीवन और उनके उपदेश, आज भी दुनिया भर के लाखों लोगों के जीवन को प्रकाशमान कर रहे हैं। भारत ने विश्व को आत्म-साक्षात्कार का महत्व सिखाया। बुद्ध शब्द का अर्थ ही है जाग्रत व्यक्ति। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि मानवता को आत्मज्ञान की राह दिखाने वाली इस महान आत्मा का जन्म और ज्ञान प्राप्ति, दोनों एक ही दिन हुए।

राजकुमार सिद्धार्थ का पालन-पोषण विलासिता में हुआ। 29 वर्ष की आयु में, उन्होंने अपना महल, पत्नी, पुत्र और समस्त सांसारिक धन-संपत्ति त्यागकर आध्यात्मिक सत्य की खोज में विचरण किया। छह वर्षों के गहन शोध के बाद, उन्होंने बोधगया के बोधि वृक्ष के नीचे परम ज्ञान प्राप्त किया और बुद्ध बन गए। चार आर्य सत्यों और नैतिक आचरण के मार्ग की प्राप्ति ने एक नए दर्शन का आरंभ किया, जिसने विश्व इतिहास में भारत के गौरव को नई ऊंचाई दी। वाराणसी के पास सारनाथ में उन्होंने पांच तपस्वियों को अपना प्रथम उपदेश दिया। धर्मचक्र प्रवर्तन के नाम से प्रसिद्ध यह उपदेश बौद्ध धर्म की नींव बना और बौद्ध परंपरा की औपचारिक शुरुआत का यह प्रतीक था। समय के साथ, अनेक लोग उनके उपदेशों से प्रभावित हुए। मगध के राजा बिम्बिसार ने राजगीर में वेणुवन (बांस उपवन) विहार दान किया। धनी अनाथपिंडिका ने पूरे जेतवन उपवन को स्वर्ण मुद्राओं से ढककर एक विहार(मठ) का निर्माण करवाया। ऐसे कार्य भारत में विद्यमान धर्मपरायणता में गहरी आस्था को दर्शाते हैं।

विहारों के माध्यम से चार आर्य सत्यों का प्रसार होता है- इच्छा दुख का मूल कारण है; इच्छा का त्याग करने से दुख पर विजय पाई जा सकती है, और अष्टांगिक मार्ग का पालन कर दुख से मुक्त जीवन जिया जा सकता है। बुद्ध ने सलाह दी- अतीत पर ध्यान न दें, वर्तमान में जिएं। सत्यनिष्ठा में महान शक्ति होती है। मन सभी कर्मों का मूल है, इसलिए सकारात्मक सोच विकसित करें। कठिन समय में भय से पीछे न हटें। जीवन की यात्रा अंततः व्यक्तिगत होती है, इसलिए इसे आध्यात्मिक मार्ग पर आगे बढ़ाओ। शब्दों में घाव देने की शक्ति होती है, इसलिए मधुर वाणी बोलो। प्रेम और अहिंसा आवश्यक हैं। निरंतर सीखते रहो, कभी रुकें नहीं।

मणिमेकलई और कुंडलकेसी जैसे तमिल साहित्यिक ग्रंथों में बौद्ध दर्शन का अत्यंत सुंदर वर्णन मिलता है। हालांकि, अनेक प्राचीन ग्रंथ समय के साथ लुप्त हो गए, फिर भी उनका योगदान अमूल्य बना हुआ है।




मदिरा जो मन को भ्रमित करती है, और जीव हिंसा-

बुद्धिमान, मोह से मुक्त होकर, इनका त्याग करते हैं, सुनो-

जन्म और मृत्यु, तथा मृत्यु के बाद पुनर्जन्म,

नींद और जागरण के समान हैं-यही सत्य है।

जो धर्मपूर्ण कर्म करते हैं, वे श्रेष्ठ लोक को प्राप्त होते हैं,

और जो अधर्म करते हैं, वे गहन दुःख में गिरते हैं।

इस सत्य को समझकर विवेकी जन अपने सभी बंधनों को तोड़ देते हैं।

इस प्रकार महाकाव्य मणिमेकलै (आथिरै पिच्चैयिट्टा काथै- 84-90) बौद्ध धर्म के सार को स्पष्ट करता है।

उन्होंने पांच नैतिक सिद्धांतों पर विशेष बल दिया-अहिंसा, चोरी न करना, व्यभिचार से दूर रहना, सत्य बोलना और नशीले पदार्थों से परहेज़ करना। धर्म से आगे बढ़कर उन्होंने सिखाया कि मन ही हर चीज़ की जड़ है। सकारात्मक विचार और श्रेष्ठ कर्म ही व्यक्ति तथा समाज में संतुलन और शांति लाते हैं। अशांत मन को ज्ञान और स्पष्टता देने के कारण उन्हें एशिया का प्रकाश कहा जाता है।

मुझे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के शब्द याद आते हैं-भगवान गौतम बुद्ध के जीवन का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है। उन्होंने हमें सिखाया कि शांति की शुरुआत हमारे भीतर से होती है, उन्होंने यह एहसास कराया कि स्वयं पर विजय पाना ही सबसे बड़ी जीत है। आज जब दुनिया तनाव और संघर्ष के दौर से गुजर रही है, तब बुद्ध के उपदेश और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।

बुद्ध के उपदेशों की परिवर्तनकारी शक्ति इस बात से स्पष्ट होती है कि उन्होंने सम्राट अशोक जैसे युद्धप्रिय शासक को भी शांति और करुणा का समर्थक बना दिया। सम्राट अशोक ने शिलालेखों और स्तूपों के माध्यम से पूरे देश में बौद्ध सिद्धांतों का प्रचार किया। सांची और सारनाथ के स्तूप आज भी दुनिया भर के लोगों को आकर्षित करते हैं। सारनाथ का सिंह स्तंभ आज भारत का राष्ट्रीय प्रतीक है।

अशोक ने भिक्षुओं और अपने परिवार के सहयोग से बौद्ध धर्म को पूरे एशिया में फैलाया। महावंश के अनुसार, उनके पुत्र महेंद्र बौद्ध उपदेशों को श्रीलंका ले गए। माना जाता है कि बौद्ध भिक्षुओं ने तमिलनाडु में भी इस धर्म के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जहाँ आज भी कई क्षेत्रों में बौद्ध परंपरा के चिन्ह मिलते हैं।

बौद्ध भिक्षु बिना किसी भेदभाव के निःशुल्क चिकित्सा और शिक्षा प्रदान करते थे। वे त्रिपिटक जैसे पवित्र ग्रंथों की शिक्षा देते, जातक कथाएं सुनाते और लोगों को ध्यान साधना के माध्यम से जागरूकता का मार्ग दिखाते थे। दान, विशेषकर भूखों को भोजन कराना, एक मूल कर्तव्य माना जाता था। तमिल साहित्य में भी कहा गया है कि भूखे को भोजन देना मानो जीवन देने के समान है।

हजारों वर्षों से इस भूमि पर अनेक आध्यात्मिक विचारधाराएं और दर्शन विकसित होते रहे हैं। चाहे बौद्ध धर्म हो या जैन धर्म, भारत ने हर मत और पंथ को एकात्म भावना से स्वीकार किया है। यह दर्शाता है कि सांस्कृतिक चेतना और साझा भावनाओं के स्तर पर यह राष्ट्र सदैव एक रहा है। बौद्ध धर्म ने आजीवन शिक्षा पर विशेष बल दिया और विशाल स्तर पर शिक्षण संस्थानों तथा पुस्तकालयों की स्थापना की। पांचवीं शताब्दी में ही नालंदा विश्वविद्यालय एक महान ज्ञान केंद्र के रूप में विकसित हुआ, जहां लगभग 10,000 विद्यार्थी और 1,500 आचार्य शिक्षा एवं अध्यापन में संलग्न थे।

नालंदा की तरह ही ऐतिहासिक अभिलेख बताते हैं कि तमिलनाडु के कांचीपुरम में भी एक प्रसिद्ध विश्वविद्यालय था। विक्रमशिला और ओदंतपुरी जैसे विश्वविद्यालयों तथा अनेक साहित्यिक कृतियों ने विश्व के सामने भारत की बौद्धिक ऊंचाइयों को प्रदर्शित किया।

एशिया भर से विद्वान बौद्ध शिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों में अध्ययन करने भारत आते थे। चीनी भिक्षु फाह्यान की 15 वर्ष लंबी यात्रा विशेष रूप से बौद्ध धर्म के अध्ययन के लिए थी। इसी प्रकार चीनी विद्वान ह्वेनसांग ने 16 वर्षों तक भारत में रहकर नालंदा में अध्ययन किया, अनेक ग्रंथ संग्रहित किए और फिर अपने देश लौटे।

अपने विस्तृत यात्रा-वृत्तांत में ह्वेनत्सांग ने उल्लेख किया है कि उन्होंने तमिलनाडु के कांचीपुरम का भी दौरा किया, जहां वे एक बौद्ध विश्वविद्यालय में ठहरे, अध्ययन किया और अनेक पांडुलिपियों की प्रतिलिपियां तैयार कीं। कहा जाता है कि उन्होंने वहां विद्यार्थियों को विशेष व्याख्यान भी दिए।

कठोर तपस्या से अत्यंत दुर्बल हो चुके सिद्धार्थ के प्रति करुणा से प्रेरित होकर सुजाता ने उन्हें प्रेमपूर्वक खीर अर्पित की। इस करुणामयी सेवा ने उनका जीवन बचाया और उन्हें बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान करने की शक्ति प्रदान की। बुद्ध पूर्णिमा के दिन हम सुजाता के इसी प्रेम और दया को स्मरण करते हुए खीर बनाकर अर्पित करते हैं। प्रेम ही आनंद का स्रोत है, प्रेम ही दुनिया की रोशनी है, और प्रेम ही सबसे बड़ी शक्ति है-बुद्ध की ये शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि पूरे विश्व में प्रेम और शांति का प्रसार हो।

****

(लेखक भारत के उपराष्ट्रपति हैं)

अध्यात्म

## गलत साधनों से प्राप्त धन व्यक्ति के विचारों को भी दूषित कर सकता है

महाभारत का प्रसंग है। युद्ध का अंतिम समय चल रहा था। कौरवों और पांडवों के बीच भयंकर संघर्ष हो चुका था। कौरव सेना के लगभग सभी महारथी पराजित हो चुके थे और युद्ध अपने निर्णायक मोड़ पर था। उस समय महान योद्धा भीष्म पितामह बाणों की शय्या पर लेटे हुए थे, अपने अंतिम समय की प्रतीक्षा करते हुए। एक दिन युद्ध में विराम के बाद सभी पांडव, श्रीकृष्ण भीष्म पितामह से मिलने पहुंचे। उनके साथ द्रौपदी भी थीं। भीष्म पितामह सभी को जीवन, धर्म और नीति से जुड़ी गहरी बातें समझा रहे थे। तभी द्रौपदी के मन में एक प्रश्न उठा, उन्होंने कहा, 'पितामह, आज आप धर्म और ज्ञान की इतनी गहरी बातें कर रहे हैं, लेकिन जब सभा में मेरा चीरहरण हो रहा था, तब आप भी वहां उपस्थित थे। उस समय आपका यह ज्ञान कहां था? आपने मेरी रक्षा क्यों नहीं की?' भीष्म पितामह कुछ क्षण शांत रहे। फिर गंभीर स्वर में बोले, 'पुत्री, मुझे पता था कि एक दिन तुम यह प्रश्न अवश्य पूछोगी। उस समय मैं दुर्योधन का दिया हुआ अन्न खा रहा था। वह अन्न अधर्म और अन्याय से कमाया गया था। ऐसे अन्न का प्रभाव मन और बुद्धि पर पड़ता है। मैं सब समझ रहा था, लेकिन मेरी बुद्धि दुर्योधन के सामने निर्णय लेने में असमर्थ हो गई थी।' द्रौपदी ने फिर पूछा, 'तो आज आप इतने स्पष्ट और निर्भीक होकर सत्य कैसे बोल पा रहे हैं?' भीष्म ने उत्तर दिया, 'जब अर्जुन के बाणों ने मेरे शरीर को भेद दिया, तब मेरे शरीर का सारा रक्त बह गया। वह रक्त उसी अन्न से बना था, जो दुर्योधन का था। अब मैं उस प्रभाव से मुक्त हूं, इसलिए सत्य को स्पष्ट रूप से कह पा रहा हूं।' यह सुनकर वहां उपस्थित सभी लोग गहरे विचार में डूब गए। यह केवल एक उत्तर नहीं था, बल्कि जीवन का एक गहरा सत्य था।

**सीखः** हम जो भी खाते हैं, पहनते हैं या उपयोग करते हैं, वह हमारी कमाई से जुड़ा होता है। यदि कमाई गलत तरीकों से होती है, तो उसका असर हमारे सोचने और निर्णय लेने की क्षमता पर पड़ता है। इसलिए ईमानदारी से कमाया गया धन ही वास्तविक सुख देता है। भोजन केवल शरीर को ऊर्जा नहीं देता, बल्कि मन और बुद्धि को भी प्रभावित करता है। गलत साधनों से प्राप्त भोजन व्यक्ति के विचारों को भी दूषित कर सकता है। भीष्म जैसे महान योद्धा भी गलत व्यक्ति के अन्न के कारण प्रभावित हो गए। इससे यह सीख मिलती है कि हमें किसी भी तरह की ऐसी निर्भरता से बचना चाहिए, जो हमारी स्वतंत्र सोच को कमजोर करती है। गलत संगत में न रहें। अच्छे लोगों के साथ रहें।

# राघव की बगावत से डगमगाया 'आप' का राज्यसभा किला

**भारतीय राजनीति के फलक पर 2 अप्रैल 2026 को जो चिंगारी सुलगनी शुरू हुई थी, उसने 22 दिनों के भीतर एक ऐसी सियासी आग का रूप ले लिया है जिसमें अरविंद केजरीवाल की 'आम आदमी पार्टी' का राज्यसभा वाला किला लगभग ढह चुका है। यह महज कुछ सांसदों का दल-बदल नहीं है, बल्कि उस भरोसे और विचारधारा की सामूहिक हत्या है, जिसके दम पर एक दशक पहले अन्ना आंदोलन की कोख से यह पार्टी जन्मी थी।**

राज्यसभा में पार्टी के डिप्टी लीडर रहे राघव चड्ढा की अगुवाई में सात सांसदों का एक साथ पाला बदलना दिल्ली से लेकर पंजाब तक की सियासत में वो भूकंप है, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता आने वाले कई सालों तक महसूस की जाएगी। 'मैं घायल हूं, इसलिए घातक हूं' और 'मेरी खामोशी को मेरी हार मत समझना' जैसे फिल्मी लगने वाले राघव के संवादों ने शुक्रवार को तब हकीकत का जामा पहन लिया, जब उन्होंने संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा का दामन थामने का एलान किया। यह भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में किसी भी क्षेत्रीय दल के लिए संभवतः सबसे बड़ा और संगठित विद्रोह है।

इस पूरे घटनाक्रम की पटकथा उस दिन लिख दी गई थी जब राघव चड्ढा को अचानक राज्यसभा में डिप्टी लीडर के पद से हाथ धोना पड़ा था। पार्टी ने अंदरूनी तौर पर उन पर निष्क्रियता और गतिविधियों से दूरी बनाने के आरोप मढ़े थे, लेकिन राघव के तेवर बता रहे थे कि वे किसी बड़े 'ऑपरेशन' की तैयारी में हैं। गौर करने वाली बात यह है कि इस बगावत में संदीप पाठक का नाम शामिल होना केजरीवाल के लिए सबसे बड़ा व्यक्तिगत झटका है। पाठक वही शख्स हैं जिन्हें 'आप' का चाणक्य कहा जाता था, जिन्होंने पंजाब की सत्ता की चाबी केजरीवाल के हाथ में सौंपी और पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिलाने के लिए पर्दे के पीछे से संगठन की मशीनरी तैयार की। जब संगठन का वास्तुकार ही इमारत ढहाने पर आमादा हो जाए, तो नेतृत्व की विफलता पर सवाल उठना लाजिमी है। इसके साथ ही स्वाति मालीवाल की भूमिका ने इस



आग में घी का काम किया है। बिभव कुमार मामले के बाद जिस तरह स्वाति को अपनी ही पार्टी में अपमान और अलगाव का सामना करना पड़ा, उन्होंने उसे अपनी निजी अदावत बना लिया। आज जब वे राघव के साथ सुर में सुर मिला रही हैं, तो यह साफ है कि 'आप' के भीतर महिलाओं के सम्मान और आंतरिक लोकतंत्र को लेकर जो दावे किए जाते थे, उनकी कलई खुल चुकी है। तकनीकी तौर पर देखें तो यह बगावत बहुत ही सधे हुए कानूनी दांव-पेच के साथ की गई है। राज्यसभा में 'आप' के कुल 10 सांसद थे, जिनमें से 7 का एक साथ अलग होना दल-बदल विरोधी कानून (एन्टी डिफेक्शन लॉ) के तहत अयोग्यता की तलवार को कुंद कर देता है। दो-तिहाई की यह संख्या राघव चड्ढा की उस रणनीतिक कुशलता को दर्शाती है, जिसका लोहा कभी खुद केजरीवाल मानते थे। राघव का यह कहना कि वे 'गलत पार्टी में सही व्यक्ति' थे, न केवल केजरीवाल के नेतृत्व पर सीधा प्रहार है, बल्कि उन लाखों कार्यकर्ताओं के जख्मों पर नमक छिड़कने जैसा है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जंग का सपना लेकर इस पार्टी से जुड़े थे। जिस पार्टी ने 15 साल तक संघर्ष किया, उसका इस तरह ताश के पत्तों की तरह बिखरना यह बताता है कि सत्ता के गलियारों में पहुंचते ही 'आम' और 'खास' की लकीर धुंधली पड़ गई। भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे नेतृत्व और जेल से सरकार चलाने की जिद ने शायद उन नेताओं को भी सोचने पर मजबूर कर दिया जो अब तक वफादारी का दम भर रहे थे।

पंजाब की सियासत के लिहाज से यह घटनाक्रम किसी सुनामी से कम नहीं है। बागी होने वाले सात में से छह सांसद पंजाब का प्रतिनिधित्व करते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के लिए यह स्थिति बेहद असहज है, क्योंकि राघव चड्ढा को कभी पंजाब सरकार का 'रिमोट कंट्रोल' कहा जाता था। मान और चड्ढा के बीच का शीतयुद्ध जगजाहिर था, लेकिन अब यह आमने-सामने की जंग में बदल चुका है। भाजपा ने इन चेहरों को अपने पाले में कर न केवल राज्यसभा में अपनी ताकत 148 तक पहुंचा दी है, बल्कि 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए भी एक मजबूत बिसात बिछा दी है। भाजपा, जो पंजाब में लंबे समय से एक मजबूत 'सिख चेहरे' और संगठन की तलाश में थी, उसे अब हरभजन सिंह, अशोक मित्तल और विक्रमजीत सिंह साहनी जैसे रसूखदार लोगों का साथ मिल गया है।

यह 'मिशन पंजाब' की वो शुरुआत है जिसने अरविंद केजरीवाल के राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को फिलहाल दिल्ली और पंजाब की सीमाओं में ही कैद कर दिया है। संजय सिंह और अन्य 'आप' नेता इसे 'ऑपरेशन लोटस' और केंद्रीय एजेंसियों का डर बताकर जनता की सहानुभूति बटोरने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या केवल डर के दम पर इतने बड़े स्तर पर बगावत संभव है? अन्ना हजारे की उस टिप्पणी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता जिसमें उन्होंने कहा कि जब स्वार्थ समाज और देश से ऊपर हो जाता है, तो संगठन टूट जाते हैं। यह केजरीवाल की उस कार्यशैली का भी परिणाम है जिसमें उन्होंने धीरे-धीरे उन सभी पुराने चेहरों को किनारे कर दिया जिन्होंने उनके साथ धूल फांकी थी। योगेंद्र यादव, प्रशांत भूषण, कुमार विश्वास और अब राघव-संदीप की यह फेहरिस्त बताती है कि पार्टी में असहमति के लिए कोई जगह नहीं बची है। स्वाति मालीवाल का यह आरोप कि उन्हें मुख्यमंत्री के घर पर पीटा गया और फिर उन्हें ही बदनाम करने की कोशिश की गई, पार्टी की नैतिक साख पर वो धब्बा है जो शायद ही कभी धुल पाए। राज्यसभा सचिवालय में अब कानूनी लड़ाई शुरू होगी, सदस्यता रद्द करने की याचिकाएं डाली जाएंगी और मामला कोर्ट तक जाएगा। लेकिन राजनीति में जो धारणा (परसेप्शन) एक बार बन जाती है, उसे बदलना मुश्किल होता है। जनता के बीच अब यह संदेश जा चुका है कि जो पार्टी दूसरों को ईमानदारी का सर्टिफिकेट बांटती थी, उसके अपने घर में ही भारी अविश्वास का माहौल है। गुजरात निकाय चुनाव से ठीक पहले पार्टी के सोशल मीडिया पेजों का सस्पेंड होना और सांसदों का सामूहिक पलायन, 'आप' के लिए किसी 'परफेक्ट स्टॉर्म' जैसा है। केजरीवाल जो खुद को नरेंद्र मोदी के विकल्प के तौर पर पेश कर रहे थे, आज अपने सबसे भरोसेमंद सिपहसालारों को ही भाजपा के पाले में जाते हुए देखने को मजबूर हैं। यह पतन की शुरुआत है या फिर कोई नया सबक, यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन फिलहाल इतना तय है कि 'झाड़ू' की तीलियां बिखर चुकी हैं और उन्हें समेटना अब केजरीवाल के बस की बात नहीं लग रही। भारतीय राजनीति का यह शुक्रवार 'आम आदमी पार्टी' के इतिहास में हमेशा एक ऐसे मोड़ के रूप में याद किया जाएगा, जहां से वापसी का रास्ता बहुत धुंधला नजर आता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सहयोगी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। घर में धार्मिक गतिविधियाँ हो सकती हैं। स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**वृषभ**
विदेशी कम्पनी से नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे। तकनीक से जुड़े कार्यक्षेत्र में धन लाभ होगा।

**मिथुन**
कार्यक्षेत्र में कर्मचारियों के बीच टकराव होने की आशंका है। सहकर्मियों का दबाव झेलना पड़ सकता है। आपकी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन कर पायेंगे।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं। मित्रों की जरूरतों का ध्यान रखें। जिम्मेदारियों का आसानी से निर्वहन कर पायेंगे।

**सिंह**
यदि त्वरित लाभ की आशा करेंगे, तो निराश होना पड़ सकता है। कानूनी विवादों में उलझने की आशंका है। शुभ कार्यों में आपको धन खर्च करना पड़ सकता है।

**कन्या**
परिजन आपसे अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। मीडिया और लेखन कार्यों से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। अपनी गलतियों को दूर करने का प्रयास कर सकते हैं।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में आपको बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। आय और व्यय में उचित समन्वय बना रहेगा। शोध कार्यों के प्रति आकर्षित हो सकते हैं।

**वृश्चिक**
नया व्यापार आरम्भ करने में आसानी होगी। बिना माँगे किसी को सलाह न दें। इसके साथ ही किसी पर भी अत्यधिक विश्वास करने से बचें।

**धनु**
पति-पत्नी के बीच अहम् को लेकर टकराव हो सकता है। तनाव का नकारात्मक प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते समय सावधानी रखें।

**मकर**
आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर पायेंगे। विपरीत परिस्थितियों का सामना मजबूती से करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। रुका हुआ सरकारी काम आज हल हो सकता है।

**कुंभ**
अनैतिक कार्यों में से आपको दूर रहना चाहिये। उच्चाधिकारियों के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे। तनाव की वजह से शरीर में शिथिलता रहेगी।

**मीन**
दाम्पत्य जीवन में परस्पर सम्मान की भावना कम हो सकती है। अपनी बातों को जीवनसाथी पर न थोपें। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको उत्तम सफलता मिलेगी।

# वन स्टॉप सेंटर में महिलाओं को मिलेगी समग्र सहायता

## यह पहल महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण : बीडीओ




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बरही हजारीबाग । प्रखंड मुख्यालय में महिलाओं की सुरक्षा और सहायता को ध्यान में रखते हुए वन स्टॉप सेंटर (डरउ) की शुरूआत की गई। उद्घाटन के मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की यह पहल महिलाओं के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने बताया कि सखी वन स्टॉप सेंटर योजना के तहत संचालित इस केंद्र में महिलाओं को चिकित्सा सहायता, कानूनी परामर्श, मनोवैज्ञानिक सहयोग, अस्थायी आश्रय और पुलिस सहायता जैसी सभी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे हिंसा से पीड़ित महिलाओं को त्वरित मदद मिल सकेगी।

बीडीओ ने कहा कि यह केंद्र घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं से जूझ रही महिलाओं के लिए एक सुरक्षित सहारा बनेगा। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि किसी भी समस्या की स्थिति में वे आगे आकर इस केंद्र का लाभ उठाएं। केंद्र का संचालन सीडीपीओ कार्यालय द्वारा किया जाएगा । जिसके प्रभारी महिला पर्यवेक्षिका होंगी।

उद्घाटन अवसर पर जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, विधायक प्रतिनिधि रमेश ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि रंजीत चंद्रवंशी, भगवान केसरी, गुरुदेव गुप्ता, मुखिया मोतीलाल चौधरी सहित सखी मंडल की दीदियां एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने कहा कि इस पहल से क्षेत्र की महिलाओं को न केवल सुरक्षा मिलेगी, बल्कि वे आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी आगे बढ़ सकेंगी।

# एनटीपीसी माइनिंग ने 100 एमएमटी कोयला उत्पादन का बनाया कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना ने स्थापना के बाद से 100 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ यह परियोजना देश की प्रमुख कोयला खनन परियोजनाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा चुकी है।

परियोजना में कोयला उत्पादन की शुरूआत जनवरी 2017 में हुई थी, जबकि पहला रेल रैक फरवरी 2017 में भेजा गया। अप्रैल 2019 में इसे वाणिज्यिक रूप से घोषित किया गया। मई 2023 में 50 एमएमटी उत्पादन का आंकड़ा पार करने के बाद, मात्र तीन वर्षों से भी कम समय में उत्पादन को दोगुना कर 100 एमएमटी तक पहुंचाना परियोजना की तेज प्रगति और उच्च कार्यक्षमता को दशार्ता है।



इस सफलता में कई महत्वपूर्ण अवसंरचनात्मक और तकनीकी उपलब्धियों की अहम भूमिका रही है। वर्ष 2022 में कोल हैंडलिंग प्लांट के स्ट्रीम अ और इ का संचालन शुरू हुआ। अगस्त 2024 में रैपिड लोडिंग सिस्टम से एकीकरण किया गया, जबकि दिसंबर 2024 में 20,000वें रेल रैक का प्रेषण एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। इसके अलावा, परियोजना एशिया की सबसे लंबी क्लोज्ड कोयला कन्वेयर प्रणाली से सुसज्जित है, जो खदान को बनादाग रेलवे साइडिंग से जोड़ती है और पर्यावरण के अनुकूल कोयला परिवहन सुनिश्चित करती है।

इस उपलब्धि के पीछे जनहितकारी नीतियां, त्वरित निर्णय प्रक्रिया, झारखंड सरकार का सहयोग, स्थानीय ग्रामीणों एवं अन्य हितधारकों का सतत समर्थन महत्वपूर्ण रहा है। साथ ही, शीर्ष प्रबंधन के मार्गदर्शन ने भी परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन में अहम भूमिका निभाई है।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख सुब्रत कुमार दास ने कहा कि यह उपलब्धि पूरी टीम की मेहनत, समर्पण और सभी हितधारकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित संचालन, बेहतर प्रबंधन और सामुदायिक सहभागिता के समन्वय से ही इस तरह के लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने यह भी दोहराया कि पकरी बरवाडीह परियोजना सतत खनन प्रथाओं को अपनाते हुए देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

## 8 साल से फरार वारंटी गिरफ्तार, चरही पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चुरचू/चरही (हजारीबाग)।** चरही थाना पुलिस ने आठ वर्षों से फरार चल रहे एक धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान ग्राम चरही निवासी तेजनाथ महतो (पिता-स्वर्गीय विदेशी महतो) के रूप में हुई है, जो वर्ष 2016 से पुलिस की पकड़ से बचता आ रहा था।

पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने गांव के आसपास देखा गया है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर इलाके में घेराबंदी की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, तेजनाथ महतो के विरुद्ध वर्ष 2016 में परिवाद संख्या 1431/2016 दर्ज किया गया था। उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 406 (अमानत में खयानत), धारा 420 (धोखाधड़ी) एवं धारा 500 (मानहानि) के तहत मामला चल रहा था। न्यायालय द्वारा कई बार समन जारी किए जाने के बावजूद उसके उपस्थित नहीं होने पर उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

थाना प्रभारी ने बताया कि फरार वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत यह एक महत्वपूर्ण कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि कानून से बचकर भागना संभव नहीं है, अपराधी को देर-सबेर न्याय का सामना करना ही पड़ता है।

इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और अन्य फरार आरोपियों में भी डर का वातावरण देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की है।

## निःशुल्क पशु चिकित्सा सह परामर्श शिविर में 274 पशुओं की जांच

बरही हजारीबाग । खोड़ाहर पंचायत के दौरवा और कुंडवा गांव में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित निःशुल्क पशु चिकित्सा एवं परामर्श शिविर में कुल 274 पशुओं की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर डॉ. सीएच. श्रीनिवास राव के मार्गदर्शन तथा परिसर प्रभारी डॉ. एस. के. महंता के संरक्षण में संपन्न हुआ।

पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण डॉ. वंदना द्वारा किया गया, जबकि आवश्यकतानुसार निःशुल्क दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। शिविर को सफल बनाने में हरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, बादल कुमार और कैलाश कुमार वर्मा ने सक्रिय सहयोग दिया।

इस दौरान पशुपालकों को संतुलित पोषण, रोगों की रोकथाम, समय पर टीकाकरण एवं पशुओं की समुचित देखभाल के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि उचित देखभाल और संतुलित आहार से पशुओं की उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है।

शिविर में पशुपालकों एवं ग्रामीणों की अच्छी भागीदारी रही। परिसर प्रभारी ने कहा कि इस प्रकार की निःशुल्क सेवाओं से क्षेत्र के किसानों और पशुपालकों को सीधा लाभ मिल रहा है, जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक सिद्ध होगा।

## खजांची तालाब परिसर पर उठे सवाल, वीडियो वायरल

**हजारीबाग।** हजारीबाग शहर में खजांची तालाब स्थित नवनिर्मित शौचालय और सामुदायिक भवन की स्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों में नाराजगी देखने को मिल रही है। वायरल हो रही तस्वीरों और वीडियो के आधार पर नागरिकों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और रखरखाव को लेकर कई सवाल उठाए हैं।

सोशल मीडिया पर साझा की जा रही सामग्री में भवन की छत से पानी टपकने, दीवारों और खंभों में दरार आने तथा आसपास गंदगी और झाड़ियां फैलने की बातें सामने आ रही हैं। लोगों का कहना है कि हाल ही में बने इस ढांचे की स्थिति इतनी जल्दी खराब होना चिंता का विषय है।

स्थानीय लोगों ने पानी की बबार्दी को लेकर भी असंतोष जताया है। आरोप है कि परिसर में लगे मोटर के संचालन की स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने के कारण कई बार पानी अनावश्यक रूप से बहता रहता है, जिससे संसाधनों की बबार्दी हो रही है।

वहीं, कुछ नागरिकों ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सक्रियता पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते निगरानी और रखरखाव पर ध्यान दिया जाए, तो ऐसी समस्याओं से बचा जा सकता है।

यह मामला सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग संबंधित विभाग से जांच कर उचित कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि सार्वजनिक धन से बने ढांचे की गुणवत्ता और उपयोगिता सुनिश्चित की जा सके।

## चावल की किल्लत से मध्याह्न भोजन बंद,भूखे लौट रहे बच्चे

**चतरा।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के लगभग एक दर्जन विद्यालयों में चावल के अभाव के कारण 10 से 12 दिन से मध्याह्न भोजन योजना ठप हो गई है। इससे विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को मिलने वाला पौष्टिक आहार प्रभावित हो रहा है और अभिभावकों में भी नाराजगी देखी जा रही है।

जानकारी के अनुसार, जिले में चावल का आवंटन होने के बावजूद ठेकेदार द्वारा समय पर आपूर्ति नहीं की जा रही है।परिणामस्वरूप विद्यालयों में भंडारण समाप्त हो गया है और रसोईघर सूने पड़े हैं। मध्यान्ह भोजन बंद होने से बच्चों की उपस्थिति पर भी असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

इस संबंध में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को सूचना दी जा चुकी है, लेकिन अब तक इस दिशा में ठोस पहल नहीं होने से समस्या जस की तस बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों का कहना है कि यदि जल्द आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो स्थिति और गंभीर हो सकती है।

इधर, लकलकाती की धूप में विद्यालय संचालन भी शिक्षकों और बच्चों के लिए चुनौती बना हुआ है। गर्मी के बीच भोजन नहीं मिलने से बच्चों की परेशानी और बढ़ गई है। कई छात्र खाली पेट घर लौटने को मजबूर हैं, जिससे अभिभावकों में रोष है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अविलंब हस्तक्षेप कर चावल की आपूर्ति सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि मध्यान्ह भोजन योजना सुचारु रूप से चल सके और बच्चों को उनका अधिकार मिल सके।

# पत्रकारों पर हमले की कड़ी निंदा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू )।** हजारीबाग में पत्रकारों के साथ कथित मारपीट की घटना को लेकर प्रेस क्लब पलामू ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। क्लब के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष बिनोद सिंह ने कहा कि पत्रकारों को पिटवाना लोकतंत्र पर हमला है और यह बेहद चिंताजनक स्थिति है।

उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सत्ता के अहंकार में इस तरह की घटनाओं को बढ़ावा दे रहे हैं। बिनोद सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि ऐसे मंत्री को तत्काल पद से हटाया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

बिनोद सिंह ने कहा कि पत्रकारों का सवाल पूछना उनका अधिकार है और वे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि चतरा में एयर एम्बुलेंस दुर्घटना में मारे गए लोगों को मुआवजा देने से जुड़े प्रश्न पर मंत्री को आपत्ति क्यों हुई। यदि जनप्रतिनिधि सवालों का सामना नहीं कर सकते, तो उन्हें सार्वजनिक जीवन में बने रहने पर विचार करना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री की मौजूदगी में उनके समर्थकों द्वारा पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट किया जाना गंभीर मामला है। ऐसे तत्वों की तत्काल गिरफ्तारी होनी चाहिए।

प्रेस क्लब पलामू ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए चेतावनी दी है कि यदि पत्रकारों को न्याय नहीं मिला, तो क्लब मंत्री इरफान अंसारी के कार्यक्रमों का बहिष्कार करेगा। साथ ही, पलामू में कांग्रेस के कार्यक्रमों के कवरेज पर भी पुनर्विचार किया जाएगा।

बिनोद सिंह ने आरोप लगाया कि यह पहली बार नहीं है, इससे पहले भी मंत्री द्वारा पत्रकारों को धमकी देने की बात सामने आ चुकी है। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए गंभीर खतरा हैं और इन पर सख्त कार्रवाई आवश्यक है।

## बारिश में डूबा जीटी रोड

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरकट्ठा हजारीबाग।** बरकट्ठा प्रखंड क्षेत्र में हुई हल्की बारिश ने जीटी रोड पर जल निकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। बुधवार को शुरू हुई बारिश के बाद गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे फिर से हुई वर्षा के चलते बरकट्ठा जीटी रोड स्थित मध्य विद्यालय के पास भारी जलजमाव हो गया, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

बताया जाता है कि उक्त स्थल पर पहले से ही जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। पहले भी यहां जलजमाव और बदबू की समस्या बनी रहती थी, लेकिन बीते दो दिनों की बारिश के बाद स्थिति और गंभीर हो गई है। सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

स्थानीय निवासी पीताम्बर नायक और मोहम्मद अनवर अंसारी ने बताया कि सड़क पार करना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि वर्षों से जल निकासी की समस्या बनी हुई है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया।

# बदले मौसम का प्रहार : आंधी-बारिश ने फुटपाथ कारोबारियों की कमर तोड़ी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर ( पलामू ) ।** गुरुवार को दोपहर के वक्त अचानक बदले मौसम ने शहर की रफ्तार थाम दी। तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने एक ओर जहां तपती गर्मी से राहत दी, वहीं फुटपाथ पर निर्भर छोटे दुकानदारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा कर दिया।

करीब 12 बजे तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने कुछ ही मिनटों में हालात बदल दिए। सड़कों पर अफरातफरी का माहौल बन गया और लोग सुरक्षित स्थानों की तलाश में इधर-उधर भागते नजर आए। कई इलाकों में यातायात भी प्रभावित रहा। वहीं पलामू जिला बार एसोसिएशन के गेट पर सड़क किनारे लगे पेड़ की टहनियां टूट कर सड़क पर बिखरी हुई नजर आई। तेज हवा और बारिश का सिलसिला लगभग डेढ़ घंटे चला।

आंधी का सबसे ज्यादा असर फुटपाथ दुकानदारों पर पड़ा। तेज हवा के झोंकों से उनकी अस्थायी दुकानें उखड़ गईं, तिरपाल उड़ गए और खुले में रखे सामान भीगकर खराब हो गया। अचानक आई इस बारिश ने उन्हें संभलने का मौका तक नहीं दिया, जिससे कई लोगों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

छह मुहान चौक समेत शहर के प्रमुख इलाकों में दुकानदार अपनी दुकानों और सामान को बचाने के लिए जूझते दिखे। कई जगहों पर दुकानदारों ने जैसे-तैसे सामान समेटकर नुकसान को कम करने की कोशिश की।

मौसम के इस अचानक बदले मिजाज ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि असंगठित क्षेत्र से जुड़े छोटे व्यापारियों की सुरक्षा और स्थायित्व के लिए ठोस इंतजाम कब किए जाएंगे।

# दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग, पीड़ित परिवार से मिले रूचिर तिवारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर ( पलामू ) । दहेज के लिए कथित रूप से की गई रिचा देवी की हत्या के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने कड़ा रुख अपनाया है। पार्टी ने इस घटना को जघन्य अपराध बताते हुए दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।भाकपा के जिला सचिव एवं डालटेनगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रत्याशी रूचिर कुमार तिवारी ने बेलवाटीका निवासी राकेश मिश्रा के घर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात की। इस दौरान पार्टी के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह भी उनके साथ मौजूद थे।

रूचिर तिवारी ने कहा कि राकेश मिश्रा ने वर्ष 2023 में अपनी इकलौती पुत्री रिचा देवी का विवाह पूर्वडीहा निवासी अभिषेक दुबे के साथ धूमधाम से किया था। आरोप है कि विवाह के बाद से ही रिचा देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था और अंततः ससुराल पक्ष द्वारा फांसी के फंदे पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी गई।

उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत होता है। घटना के बाद बिना पुलिस को सूचना दिए शव को अस्पताल ले जाना कई सवाल खड़े करता है। इससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि साक्ष्य छिपाने की कोशिश की गई है। भाकपा जिला परिषद ने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कठोर सजा दिलाने की मांग की है। पार्टी ने कहा कि 21वीं सदी में भी दहेज के नाम पर महिलाओं की हत्या होना समाज के लिए गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई से ही दहेज लोभियों और उत्पीड़कों पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

## आजीवन कारावास की सजा

मेदिनीनगर (पलामू)। जिला व्यवहार न्यायालय के प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत ने हत्या के एक मामले में आरोपी मनोज यादव उर्फ मुन्ना यादव को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने उस पर 50 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना अदा नहीं करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

यह मामला एसी/एसटी वाद संख्या 98/2022 से जुड़ा है। चैनपुर थाना क्षेत्र के टेमरी गांव निवासी उज्ज्वल कुमार टिडू ने चार लोगों- मनोज यादव, प्रदीप यादव, सनोज यादव और नरेश यादव के विरुद्ध चैनपुर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला चैनपुर थाना कांड संख्या 195/2022 के तहत 23 अगस्त 2022 को भादवि की धारा 302, 120बी, 34 एवं 27 आर्म्स एक्ट में दर्ज किया गया था।

## कचरा प्रबंधन बदहाल

**_चतरा।** सदर अस्पताल में मेडिकल कचरा निस्तारण की व्यवस्था लंबे समय से बदहाल बनी हुई है। वर्ष 2006 में अस्पताल परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट के निपटान के लिए इंसीनेटर मशीन लगाई गई थी, लेकिन स्थापना के कुछ ही दिनों बाद यह मशीन खराब हो गई। हैरानी की बात यह है कि करीब एक दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी इसे दुरुस्त कराने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है।जानकारी के अनुसार, इंसीनेटर मशीन को ऐसे स्थान पर स्थापित किया गया, जो घनी आबादी के बीच था, जबकि इस तरह की मशीनों को वीरान या आबादी से दूर क्षेत्र में लगाने का प्रावधान है। मशीन लगने के बाद आसपास के लोगों ने इसका विरोध भी शुरू कर दिया था। विरोध तेज होने ही वाला था कि मशीन तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गई। इसके बाद अधिकारियों ने इस ओर दोबारा ध्यान देना जरूरी नहीं समझा।

वर्तमान में अस्पताल प्रशासन बायो मेडिकल कचरे के निपटान के लिए निजी एजेंसी पर निर्भर है। सिविल सर्जन कार्यालय की ओर से रामगढ़ की एक कंपनी के साथ एमओयू किया गया है।ƨ

# भागलपुर डीएम को किया गया सम्मानित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पटना में आज आयोजित एक कार्यशाला के दौरान बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत एवं पुलिस महानिदेशक विनय कुमार के कर कमलों द्वारा भागलपुर जिले को सम्मानित किया गया। यह सम्मान जिलाधिकारी, भागलपुर डॉ. नवल किशोर चौधरी को किसानों को कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से प्रभावी रूप से जोड़ने के उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं एक लाख पच्चीस हजार रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिले को ऐग्री स्टैक पोर्टल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया।उल्लेखनीय है कि ऐग्री स्टैक भारत सरकार के कृषि विभाग का एक महत्वपूर्ण पोर्टल है, जिसके माध्यम से किसानों का पंजीकरण कर उनके डेटा का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इस अभियान में भागलपुर जिले ने अपने सभी किसानों को जोड़ते हुए उल्लेखनीय एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके फलस्वरूप यह सम्मान प्राप्त हुआ। इधर जिले को मिले इस सम्मान पर विभिन्न संगठनों एवं गणमान्य लोगों ने जिलाधिकारी को बधाई दी है।

# साली से शादी के चक्कर में साला का अपहरण, तीन लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोडरमा।** कोडरमा पुलिस ने एक नाबालिग बच्चे के अपहरण की गुत्थी 24 घंटे के अंदर सुलझाते हुए न सिर्फ नाबालिग बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया है, बल्कि इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार भी किया है।

मामले की जानकारी देते हुए एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया कि तिलैया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 24 से 14 वर्षीय बच्चे का बुधवार को बेलाटांड स्कूल से लौटने के क्रम में अपहरण कर लिया गया था, जिसे लेकर फिर तो बच्चे की बहन वीणा देवी ने तिलैया थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामले के अनुसंधान को लेकर तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने सबसे पहले संदेह के आधार अपहृत बच्चे के बहनोई सूरज यादव, पिता रामेश्वर यादव साकिन कुरमीडीह थाना जयनगर निवासी को पकड़ा। जिससे पूछताछ में उसने बताया




कि वह अपहृत बच्चे की विधवा मंझली बहन से विवाह करना चाहता था और अभिभावकों पर दबाव बनाने के लिए उसने बच्चों का अपहरण किया।

उसकी निशानदेही पर अपहरण के बाद बच्चे को छिपा कर रखने वाले पिंटू कुमार पिंटु कुमार पिता गुरू चौधरी, घरहरा थाना मोहनपुर जिला गया निवासी और तिलैया थानाक्षेत्र के मोरियामा निवासी संतोष सिन्हा, पिता अलखदेव प्रसाद सिन्हा को भी गिरफ्तार करते हुए उनके पास से बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया।

इस घटना के मुख्य साजिशकर्ता सूरज कुमार अपहर्ता बच्चे की बड़ी बहन का पति है और अपनी विधवा हो चुकी मंझली साली से शादी करने की चाहत रखता था। बहरहाल उसने बच्चे के अपहरण की साजिश अपने दोस्तों के साथ मिलकर की। पिंटु के साथ मिलकर सुरज ने बच्चे का अपहरण किया और उसके बाद अपने मित्र मोरियामा निवासी संतोष सिन्हा के घर पर उसे छिपाकर रखा। एसपी कुमार शिवशीष ने बताया कि मामला दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर बच्चे के अपहरण की गुत्थी पुलिस ने सुलझाते हुए बच्चे को सकुशल बरामद किया है और कांड में शामिल सभी आरोपियों को पकड़ लिया है।

उन्होंने बताया कि आरोपितों के बीच फोन पर हुए बातचीत में यह बात सामने आई कि बहनोई समेत अन्य अपहरणकर्ता बात नहीं बनने की स्थिति में बच्चे की हत्या भी कर सकते थे। गनीमत यह रही है कि पुलिस मानवीय और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर समय रहते बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया।

# टीकाकरण को लेकर टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार ।** एचपीवी टीकाकरण को लेकर जिला टास्क फोर्स की बैठक जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी के कार्यालय वेश्म में आयोजित इस बैठक में सिविल सर्जन डा.जेके सिंह ने टीकाकरण को लेकर की गई तैयारियो की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाइकल कैंसर बच्चेदानी का कैंसर एक गंभीर बीमारी होती है। जिसका कारण ह्यूमन पेपिलोमा वायरस है। रोग से बचाव को लेकर 28 फरवरी 2026 से 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं को एचपीभी वैक्सीन गाडार्सील की एक मात्रा निःशुल्क लगाई जानी है।उन्होंने बताया कि यह टीकाकरण केवल उन्हीं बालिकाओं को किया जाएगा, जिन्हें पहले कोई एचपीभी वैक्सीन नहीं लगा है। डीएम ने शिक्षा विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों, मदरसों में अभिभावक-शिक्षक गोष्ठी आयोजित कर टीकाकरण के लाभ की जानकारी देकर जागरुक करने का निर्देश दिया।वहीं बैठक में टीकाकरण के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र और तिथि की जानकारी देने का भी निर्देश दिया। इसको लेकर उन्होंने प्रत्येक स्कूल में एक नोडल शिक्षक नामित करने की बात कही। डीएम ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के शिक्षा,आइसीडीएस एवं जीविका विभाग को स्वास्थ्य विभाग को अपेक्षित सहयोग करने का निर्देश दिया। ताकि स्कूल के समय के बाद अभिभावकों से बात कर आयु वर्ग के बालिकाओं का घर- जाकर भी टीकाकरण किया जा सके। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बालिकाओं का टीकाकरण अवश्य कराने की अपील की है। बैठक में अपर समाहर्ता डा.विनोद कुमार, उप विकास आयुक्त अमित कुमार, डीइओ राहुल चन्द्र चौधरी , डीपीओ रवि कुमार ,डीपीएम सहित कई अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।जबकि सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी व स्वास्थ्य प्रबंधक विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।

# बाघाडीह में अधूरे एप्रोच पथ एवं पुल की जांच

## इंजीनियरों की टीम ने लिया जायजा

नव बिहार टाइम्स संवाददाता
गिरिडीह। जनता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक की पहल पर विशेष प्रमंडल के अभियंताओं की टीम गुरुवार को गांडेय प्रखंड के बाघाडीह पहुंची। टीम ने गिरिडीह जामताड़ा सीमा पर बने पुल और एप्रोच रोड का स्थल निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।
निरीक्षण के दौरान सामने आया कि पुल के पूर्वी छोर पर प्रस्तावित 200 मीटर एप्रोच के स्थान पर केवल 120 मीटर ही निर्माण किया गया है, जबकि 80 मीटर एप्रोच अभी भी अधूरा है। टीम ने मौके पर एप्रोच निर्माण की नापी भी की स्थानीय ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में अनियमितता और अधूरे कार्य को लेकर नाराजगी जताई। वहीं, पूर्व जिप सदस्य एवं पार्टी के जिला संयोजक राजेश यादव ने कहा कि पुल के दोनों ओर एप्रोच पूरा नहीं होने से इसकी उपयोगिता प्रभावित हो रही है।
उन्होंने बताया कि बाघाडीह की ओर एप्रोच पूरा है, लेकिन दूसरी तरफ कार्य अधूरा है उन्होंने मांग की कि शेष एप्रोच कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए और सर्वे पथ से मुख्य सड़क तक जोड़ने के लिए करीब 350 मीटर सड़क का निर्माण



गार्डवाल के साथ किया जाए। ऐसा नहीं होने पर पुल का लाभ स्थानीय लोगों को नहीं मिल पाएगा।उन्होंने संबंधित विभाग और स्थानीय विधायक से इस मामले में हस्तक्षेप कर समाधान सुनिश्चित करने की अपील की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं तो स्थानीय लोगों के साथ आंदोलन किया जाएगा इस दौरान पार्टी नेता मनोज यादव समेत कई स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सीएचसी के कर्मियों को वेतन के लाले

दुमका। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों को बीते आठ महीने से वेतन नहीं मिलने के कारण आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गया है। अल्प मानदेय पर काम करने वाले इन कर्मियों की भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है।
सीएचसी में सफाई कर्मी, वार्ड ब्वाय, लैब टेक्नीशियन, चेन होल्डर, सुरक्षा गार्ड सहित करीब एक सौ से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मी कार्यरत हैं।कर्मियों के अनुसार अगस्त 2025 से अब तक उन्हें वेतन नहीं मिला है। जिसके कारण घर का राशन, दूध सहित अन्य सबकुछ उधार पर चल रहा है।
बच्चों की स्कूल फीस लंबित है एवं मकान किराया देना भी मुश्किल हो गया है। आठ महीने से एक भी पैसा नहीं मिला है। अब दुकानदार भी उधार देने से मना कर रहा हैं। बच्चों का स्कूल छूटने की नौबत आ गई है। करीब 15 दिन पहले दुमका में जिले भर के आउटसोर्सिंग कर्मियों ने वेतन भुगतान को लेकर बैठक हुई थी। जिसमें आंदोलन की चेतावनी दी गई थी।

# मैट्रिक के टॉपर विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



नवबिहार टाइम्स संवाददाता
औरंगाबाद। देव प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बेला के प्रांगण में वर्ग नवम के विद्यार्थियों का स्वागत समारोह और वर्ग दशम के टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य रितेश कुमार द्वारा एवं मंच संचालन शिक्षक मुकेश कुमार मेहता द्वारा किया गया। विद्यालय परिवार द्वारा विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। संबोधन के क्रम में शिक्षक मंतोष कुमार एवं डॉ विकास सिंह ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते उचित मार्गदर्शन देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करेंगे,वही बच्चे अपने माता-पिता के सपनों को साकार करने में सफलता प्राप्त करेंगे। प्राचार्य द्वारा विद्यार्थियों को समय का सही प्रयोग,अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी कौशल क्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया।सम्मान समारोह के मौके पर दिलीप कुमार, शोभा सिंह, सोनी कुमारी, सुनील कुमार, खुशबू कुमारी, अंजलि पाठक इत्यादि सभी शिक्षकों ने कहा कि समय का सदुपयोग करके ही बच्चे आगे बढ़ सकते हैं।वर्ग दशम के टॉपर्स काजल कुमारी,रौनक कुमार,सोनम कुमारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## लू ने बढ़ाई परेशानी

सरायकेला। सरायकेला-खरसावां जिले में बढ़ते तापमान और लू की मार ने स्वास्थ्य सेवाओं को हांफने पर मजबूर कर दिया है। सरायकेला के सदर अस्पताल व प्रखंडों के स्वास्थ्य केंद्रों में डायरिया, उल्टी, लूज मोशन और हीटस्ट्रोक से ग्रस्त मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक को दी गई विदाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
अररिया। फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत मध्य विद्यालय बसगड़ा रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक सह संकुल संचालक सम्भु कुमार का स्थानांतरण बिपीएससी द्वारा चयनित होकर प्रधान शिक्षक (एच टी) के पद पर फारबिसगंज प्रखंड के ही कुशमाहा के प्राथमिक विद्यालय रामगंज में हो गया है। सम्भु कुमार वर्ष 2014 में टी ई टी परीक्षा पास कर शिक्षक बने। फरबरी 2022 से अप्रेल 2026 तक मध्य विद्यालय बसगड़ा रामपुर के प्रभारी प्रधानाध्यापक रहे तथा संकुल संचालक की जिम्मेदारी को भी बखूबी अंजाम दिया। संकुलाधिन विद्यालय के प्रधानाध्यापकों द्वारा गुरुवार को मध्य विद्यालय बसगड़ा रामपुर में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। उच्च विद्यालय बसगड़ा रामपुर के प्रधान अध्यापक संजय कुमार शर्मा एवं मध्य विद्यालय झिरुआ पश्चिम के प्रधान अध्यापक कपिलदेव रजक, पूर्व प्रमुख तथा वर्तमान पैक्स अध्यक्ष प्रदीप मेहता, पूर्व जिला परिषद सदस्य देवनाथ मंडल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इन सभों ने बारी बारी से अपने सम्बोधन में कहा की इस स्कूल में सम्भु जी के विगत चार वार्षो के सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इन्होंने संकुल के प्रधानाध्यापक की जिम्मेदारी का निर्वाहन कुशलता पूर्वक किए हैं।विद्यालय की विधि व्यवस्था, पठन पाठन, साफ सफाई सहित अन्य सभी गतिविधियों का संचालक जिस अंदाज में किए हैं वह इस क्षेत्र के बच्चों, अभिभावकों, ग्रामीणों के लिए एक मिशाल के रूप में याद रखा जाएगा तो वहीं शिक्षकों के लिए प्रेरणा



एवं चुनौती के रूप में स्वीकार किया जाएगा। वहीं प्राथमिक विद्यालय फनीलाल मेहता टोला के प्रधान राकेश रंजन, प्राथमिक विद्यालय नयानगर की प्रधान निक्की कश्यप, प्राथमिक विद्यालय छूड़छूड़िया के प्रभारी प्रधान रंजेश सिंह, प्राथमिक विद्यालय दोगछी की प्रधान रीना कुमारी, प्राथमिक विद्यालय कामत टोला के प्रधान उमेश कुमार इत्यादि भी इस पल को यादगार बताते हुए कहे की सम्भु जी के योगदान को शब्दों में बयान करने के लिए सिर्फ इस विद्यालय के बच्चों के शिसकते चेहरे और डबडबाती आँखें ही काफी है। अपने प्रधान अध्यापक के विदाई का दुख इन सैकड़ों बच्चों और यहाँ के शिक्षकों के चेहरे पर झलक रहा है जो सम्भु जी के ईमानदारी, निष्ठा, कर्मठता और बेहतरीन व्यवहार का ठोस प्रमाण है। वहीं इस सुभावसर पर संकुलाधिन विद्यालय के दजानों शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ साथ सैकड़ो ग्रामीण भी मौजूद रहे।

## पत्रकार से मारपीट की घटना पर मंत्री की बर्खास्तगी की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
हजारीबाग। हजारीबाग में पत्रकार के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी आरएलजेपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला बताया है। राजकुमार राज ने कहा कि पत्रकारों के साथ इस तरह की घटनाएं बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय हैं।
उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के संरक्षण में इस तरह की घटनाएं हो रही हैं, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की कि इस मामले में दोषी मंत्री को तत्काल बर्खास्त किया जाए और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। श्री राज ने कहा कि यदि सरकार इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं करती है, तो लोक जनशक्ति पार्टी सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होगी।

# सीएम के आगमन पर शिक्षक- शिक्षकेत्तर कर्मचारी वेतन एवं पेंशन की लगायेंगे गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
गयाजी। बिहार प्रदेश कॉंग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता सह बिहार प्रदेश वित्त रहित अनुदानित शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के प्रदेश संयोजक विजय कुमार मिद्धु, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, प्रो ( डॉ ) अरविंद कुमार, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, विपिन बिहारी सिन्हा, प्रो विश्वनाथ कुमार, प्रो कमलेश यादव, इंटक के जिला महासचिव टिंकू गिरी, डॉ मदन कुमार सिन्हा आदि ने कहा कि बिहार राज्य में वर्षो से संचालित हजारों वित्त रहित अनुदानित डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, + 2 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के लगातार माँग के बाबजूद भी अभी तक इन्हें सरकारी शिक्षण संस्थानों के तर्ज.पर नियमित वेतनमान एवं पेंशनर नहीं मिलने से उनमें भारी मायूसी एवं आक्रोश है।
नेताओं ने कहा बिहार राज्य के संबंधन प्राप्त वित्त रहित अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को 2025 में ही पटना उच्च न्यायालय के डबल बेंच के ऐतिहासिक फैसले में यह आदेश दिया था की सभी कर्मचारियों को सरकारी कॉलेज के तर्ज.पर नियमित वेतनमान एवं पेंशन का भुगतान तीन माह के अंदर सुनिश्चित करे, जिसके खिलाफ तीन महीने पूरे होने के अंतिम दिन माननीय उच्चतम न्यायालय में इस आदेश के खिलाफ याचिका दायर कर दिया, तथा इस याचिका में सैकड़ों संबंधन प्राप्त डिग्री कॉलेज भी इंटरवेनर बन कर न्याय की गुहार लगाये है, साथ ही साथ राज्य सरकार ने चुनाव के पहले मीडिया में वित्त रहित अनुदानित डिग्री कॉलेज के शिक्षक- शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने का आश्वासन देकर मुख्य सचिव बिहार की अध्यक्षता में एक कमिटी भी बना दिया गया है, जिसके बनने के महीनों बाद अभी तक कोई बातें सामने नहीं आई है, जिससे कर्मचारियों में भारी निराशा है नेताओं ने कहा कि दुसरी ओर वित्त रहित अनुदानित डिग्री कॉलेज के 2008 से छात्रों के रिजल्ट के आधार पर मिलने वाली अनुदान भी 2018 से 2026 लगभग नौ वर्षो का बकाया है, जिसे भी नहीं मिलने से शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों एवं इनके परिवार भुखमरी के कगार पर है।
नेताओं ने कहा कि राज्य सरकार सूबे के सभी 534 प्रखंडों में डिग्री कॉलेज सुनिश्चित करने हेतु 326 वैसे प्रखंड जहां सरकारी या संबंधन प्राप्त डिग्री कॉलेज है, उन्हें उसी को वहां का कॉलेज मान कर शेष 208 प्रखंडों जहां डिग्री कॉलेज नहीं है, वहां नए डिग्री कॉलेज खोलने तथा इन कॉलेज में लगभग दस हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को बहाल करने का निर्णय सम्राट चौधरी के सरकार के दूसरे कैबिनेट की बैठक में निर्णय कर इसके लिए 100 करोड़ रुपए जारी भी कर दिया है, तो अब वित्त रहित अनुदानित लगभग 200 कॉलेज के लगभग 25 हजार शिक्षक एवं शिक्षकेतर कमार्चारियों के नियमित वेतनमान एवं पेंशन पर सरकार क्यों चुपी साधे हुए हैं । नेताओं ने 01 मई मजदूर दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बोधगया आगमन पर महासंघ के लोग उनसे विनम्रता पूर्वक आग्रह करना चाहते हैं कि 40 वर्षो से लंबित मामले पर गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए राज्य के वित्त रहित अनुदानित शिक्षण संस्थानों के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने की घोषणा करने की कृपा करें।

# श्री राम-लखन-जानकी प्राण प्रतिष्ठा संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के बरौली में आयोजित श्री राम-लखन-जानकी प्राण प्रतिष्ठा सह धार्मिक यज्ञ के पांचवें दिन भगवान श्री रामचंद्र, लक्ष्मण एवं माता जानकी की प्राण प्रतिष्ठा विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हो गई। इस पावन अवसर पर पूरे गांव में भक्ति और आस्था का अद्भुत माहौल देखने को मिला।प्राण प्रतिष्ठा के दौरान आचार्यों एवं पंडितों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन, हवन एवं विशेष अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके बाद भगवान की प्रतिमाओं को विधिपूर्वक उनके निर्धारित स्थान पर विराजमान कराया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और पूरे वातावरण में जय श्री राम के जयघोष गूंजते रहे।यज्ञ स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं, पुरुष एवं बच्चे सभी पूरे श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना में शामिल हुए। आयोजन को



लेकर गांव में विशेष सजावट की गई है, जिससे पूरा बरौली मानो अयोध्या की झलक प्रस्तुत कर रहा है।आयोजन समिति द्वारा जानकारी दी गई कि शुक्रवार को यज्ञ की पूणार्हुति के उपरांत भव्य महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा। इसमें दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की समुचित व्यवस्था की गई है।समिति के सदस्यों ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस धार्मिक आयोजन में भाग लें, प्रसाद ग्रहण करें एवं पुण्य के भागी बनें।

# सड़क हादसे में नाना-नतिनी की मौत

## शादी समारोह से लौटते समय घटी घटना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
गिरिडीह । राजधनवार थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबाजार में गुरुवार अहले सुबह करीब 3 बजे एक भीषण सड़क हादसे में नाना और नतिनी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी मृतक व घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं।
मृतकों की पहचान बिरनी थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बरहमसिया निवासी 22 वर्षीय कुमकुम कुमारी एवं कोडरमा जिले के तिलैया स्थित पानी टंकी निवासी 65 वर्षीय बंगाली हाडी के रूप में हुई है।
घायलों में बरहमसिया निवासी 50 वर्षीय बेदो हाडी, 45 वर्षीय तारा देवी, 18 वर्षीय रोनित कुमार, 60 वर्षीय शांति देवी और 30 वर्षीय कार चालक अरविंद यादव शामिल हैं। सभी की हालत गंभीर बताई जा रही है प्राप्त जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी लोग देवघर जिले में एक शादी समारोह से लौटकर अपने घर




बरहमसिया आ रहे थे। इसी दौरान लालबाजार के पास विपरीत दिशा से आ रही बस से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को कार से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजधनवार पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने कुमकुम कुमारी और बंगाली हाडी को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य घायलों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए धनबाद रेफर कर दिया गया।
इधर, पुलिस ने दोनों शवों और क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर धनवार थाना पहुंचाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गिरिडीह भेज दिया है इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए, जिससे टक्कर की भयावहता का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## खेत से गायब दुकानदार की लाश बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
मुजफ्फरपुर। जिले के पियर थाना क्षेत्र में एक मुर्गा दुकानदार का शव चौड़ में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। इस घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शुरूआत में शव की पहचान नहीं हो सकी थी, लेकिन बाद में उसकी पहचान वैशाली जिले के कटहारा थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद नौशाद आलम (उम्र 45 वर्ष) के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि वह बुधवार से लापता थे और गुरुवार को उनका शव मकई के खेत में बरामद किया गया।
घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को सूचित किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और सभी बिंदुओं पर छानबीन की जा रही है। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है, जो साक्ष्य जुटाने में लगी हुई है।
मृतक के परिजनों ने बताया कि उन्हें गुरुवार को सूचना मिली कि मकई के खेत में नौशाद आलम की बाइक खड़ी है और पास ही उनका शव संदिग्ध हालत में पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि नौशाद आलम मुर्गा दुकान चलाते थे और बाजार में पेठिया लगाते थे।

# मजदूर दिवस पर रैली व आम सभा आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
गिरिडीह। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर 1 मई को असंगठित मजदूर मोर्चा और माले के संयुक्त तत्वावधान में रैली एवं आम सभा का आयोजन किया जाएगा।
कार्यक्रम में निरसा विधायक अरूप चटर्जी, सिंदरी विधायक बबलू महतो, पूर्व विधायक विनोद सिंह, पूर्व विधायक राजकुमार यादव सहित कई प्रमुख नेता शामिल होंगे इस संबंध में मुफ्फसिल क्षेत्र के महुवाटांड़ कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें असंगठित मजदूर मोर्चा के केंद्रीय सचिव कन्हाई पांडेय, किशोर राय, मसूदन कोल एवं माले नेता राजेश सिन्हा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।
नेताओं ने बताया कि 1 मई को दोपहर चतरो मैदान में सभी मजदूर एकत्रित होंगे, जहां से रैली निकाली जाएगी। यह रैली श्रीरामपुर पहुंचेगी, जहां एक निजी हॉल में आम सभा का आयोजन किया जाएगा।
सभा में केंद्र सरकार की कथित मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाई जाएगी बैठक को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि मजदूरों के हक की लड़ाई में असंगठित मजदूर मोर्चा और माले हमेशा अग्रणी रहे हैं। उन्होंने बताया कि पहले मजदूरों से 18-19 घंटे तक काम कराया जाता था, लेकिन लंबे संघर्ष के बाद 8 घंटे कार्य, 8 घंटे आराम और 8 घंटे मनोरंजन का नियम लागू हुआ।
नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्तमान में लाए गए चार लेबर कोड मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास हैं, जिसके विरोध में यह आंदोलन किया जाएगा बैठक में दीपक गोस्वामी, नवीन पांडेय, लखन कोल, भीम कोल, भिखारी राय, गुलाब कोल, मोती कोहली, अरविंद टुडू, दिलचंद कोल, दामोदर राम, फुलची राय, मेराज खान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 16 मई से जनगणना का पहला चरण होगा शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
गिरिडीह। भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण को लेकर गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की गई। इस दौरान अधिकारियों ने जनगणना की प्रक्रिया, तैयारियों एवं नागरिकों की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी। उपायुक्त रामनिवास यादव ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना का प्रथम चरण 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक चलेगा। इस दौरान मकानों का सूचीकरण एवं गणना कार्य किया जाएगा। इसके लिए जिले में 802 पर्यवेक्षक और 4699 प्रगणकों की प्रतिनियुक्ति की गई है उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी ने बताया कि जिले में कुल 16 चार्ज बनाए गए हैं, जिनमें 13 ग्रामीण और 3 शहरी क्षेत्र शामिल हैं। शहरी क्षेत्रों में गिरिडीह नगर निगम, बड़की सरैया और धनवार नगर पंचायत को शामिल किया गया है। पहली बार मिलेगी स्व-गणना की सुविधा उप विकास आयुक्त ने बताया कि इस बार जनगणना प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी व आसान बनाने के लिए पहली बार नागरिकों को स्व-गणना सेल्फ ऐनुमैरेशन की सुविधा दी गई है नागरिक 1 मई से 15 मई 2026 के बीच आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकते हैं। इसके लिए मोबाइल नंबर के जरिए पंजीकरण कर लगभग 30 प्रश्नों का उत्तर देना होगा। अधिकारी का बयान हर नागरिक की सहभागिता इस महाअभियान की सफलता की कुंजी है। लोग स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।

# धुमधाम ने मनायी गयी मेही परमहंस जी महाराज की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
कोढा /कटिहार। प्रखंड क्षेत्र के मखदमपुर पंचायत में महर्षि मेही परमहंस जी महाराज की गुरु जयंती अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाई गई। प्रातःकाल सत्संग प्रेमियों ने प्रभात फेरी निकालकर पूरे क्षेत्र को भक्ति-रस से सराबोर कर दिया। भजन-कीर्तन और गुरु वंदना के साथ निकली इस फेरी ने लोगों को यह संदेश दिया कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य आत्मा की शुद्धि और परम सत्य की प्राप्ति है। महर्षि मेही परमहंस जी ने सदैव ह्यसाधना, सेवा और सत्यह्ल के मार्ग को अपनाने का उपदेश दिया। सत्संग भवन झीकटिया में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भजन, ध्यान और प्रवचन का विशेष आयोजन हुआ। भजनों के माध्यम से भक्तों ने ईश्वर के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त कीं, वहीं ध्यान साधना ने उन्हें भीतर की शांति और आत्मिक ऊर्जा का अनुभव कराया। प्रवचनों में संतों और वक्ताओं ने संतमत के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु का सान्निध्य ही मनुष्य को अज्ञानता से ज्ञान की ओर ले जाता है। इस अवसर पर भंडारा का आयोजन भी किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी ने महर्षि मेही परमहंस जी के दिखाए मार्ग–आत्मचिंतन, ध्यान और नैतिक जीवन–पर चलने का प्रण लिया।

## टावर रूम में लगी आग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता
मुजफ्फरपुर। जिले के मिठनपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। मिठनपुरा थाना क्षेत्र के रज्जू साह लेन स्थित एक मकान की छत पर लगे निजी मोबाइल टावर के कंट्रोल रूम में अचानक आग लग गई। आग लगते ही तेज धमाका हुआ, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब दो घंटे में आग पर काबू पाया। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मकान मालिक ने घटना की जानकारी मोबाइल सेवा प्रदाता को दे दी है।

# जेएसएलपीएस योजनाओं की समीक्षा बैठक में पारदर्शिता और समयबद्धता पर जोर




नवबिहार टाइम्स संवाददाता
गिरिडीह। डीआरडीए सभागार में गुरुवार को उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी जसलपीएस के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों के गठन एवं सशक्तिकरण, बैंक लिंकेज, ऋण पुनर्भुगतान, बैंकों में लंबित मामलों, महिला लखपति किसान योजना, इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर, लेयर बर्ड, डीडीयू-जीकेवाई एवं आरसेटीआई आरसेटी सहित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया उप विकास आयुक्त ने सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही और समर्पण सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।
उन्होंने विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों के व्यापक गठन और सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए अधिक से अधिक ग्रामीण महिलाओं को आजीविका से जोड़ने की बात कही उन्होंने निर्देश दिया कि जिन क्षेत्रों में वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं हुई है, उन्हें चालू वर्ष में प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही पीरटांड़ एवं गांडेय प्रखंड के बीपीएम को कार्य निष्पादन में सुधार लाने हेतु कड़ी चेतावनी दी गई बैठक में स्वयं सहायता समूहों को दिए गए ऋण एवं उनके पुनर्भुगतान की भी गहन समीक्षा की गई।
उप विकास आयुक्त ने समयबद्ध पुनर्भुगतान सुनिश्चित करने तथा बैंकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। साथ ही योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु नियमित क्षेत्र भ्रमण और निगरानी पर भी बल दिया गया इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेवियर एक्का, जिला प्रबंधकगण एवं विभिन्न प्रखंडों के बीपीएम उपस्थित थे।

# प्रशासन ने जाम से निपटने का बनाया प्लान




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए जाने के उद्देश्य से एक व्यापक ट्रैफिक प्रबंधन योजना के निर्माण हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार निरीक्षण एवं बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतान कुमार सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पांडे, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, नगर परिषद के अध्यक्ष तथा रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष द्वारा संयुक्त रूप से विभिन्न प्रमुख मार्गों एवं चौराहों का स्थल निरीक्षण किया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि शहर में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन प्रशासनिक दक्षता का एक महत्वपूर्ण मानदंड है तथा आमजन को बेहतर यातायात सुविधा उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। निरीक्षण के क्रम में शहर के प्रमुख मार्गों में पुरानी जी.टी. रोड, एम.जी. रोड, रामाबांध बस स्टैंड एवं जसोईया मोड़ पर यातायात दबाव, अतिक्रमण, अवैध पार्किंग एवं अव्यवस्थित संचालन के कारण उत्पन्न जाम की समस्या का विस्तृत आकलन किया गया। पुरानी जी.टी. रोड, जो शहर की मुख्य व्यावसायिक धुरी है, पर सड़क की कम चौड़ाई, बाजार एवं सरकारी संस्थानों की अधिकता तथा अव्यवस्थित पार्किंग के कारण अत्यधिक दबाव पाया गया। वहीं एम.जी. रोड एवं ओवरब्रिज क्षेत्र में बहु-दिशात्मक यातायात, सर्विस लेन का अनुचित उपयोग एवं भारी वाहनों के संचालन के कारण जाम की समस्या चिन्हित की गई। रामाबांध बस स्टैंड एवं जसोईया मोड़ पर बसों एवं भारी वाहनों के अनियमित ठहराव तथा औद्योगिक गतिविधियों के कारण यातायात बाधित पाया गया। इन समस्याओं के समाधान हेतु प्रमुख प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। शहर क्षेत्र में निर्धारित समयावधि के दौरान भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने हेतु अधिसूचना जारी करने का प्रस्ताव। प्रमुख मार्गों पर "वाहन पड़ाव वर्जित क्षेत्र" घोषित कर आवश्यक साइनबोर्ड स्थापित करने की योजना। यातायात प्रवाह को नियंत्रित करने हेतु चयनित मार्गों पर एकतरफा (वन-वे) व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव। अनावश्यक मीडियन ओपनिंग को बंद कर यातायात को सुव्यवस्थित करने की पहल। प्रमुख मार्गों पर पीवीसी फ्लेक्सिबल बोलार्ड के माध्यम से मीडियन निर्माण का प्रस्ताव। व्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था हेतु ऑटो, मोटरसाइकिल एवं कार पार्किंग स्थलों का चिन्हांकन एवं अधिसूचना। तीन एवं चार पहिया व्यावसायिक वाहनों तथा बसों के लिए पृथक पार्किंग स्थल निर्धारित करने का प्रस्ताव। शहर के प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाने हेतु विशेष अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल। प्रमुख चौराहों पर स्वचालित ट्रैफिक सिग्नल एवं एएनपीआर (स्वचालित नंबर प्लेट पहचान) कैमरा स्थापित करने की योजना। रमेश चौक, अंडरपास एवं नवाडीह मोड़ पर ट्रैफिक पोस्ट एवं महिला सुविधा केंद्र (पिंक बूथ) निर्माण का प्रस्ताव। इसके अतिरिक्त, ओल्ड जी.टी. रोड स्थित सब्जी एवं फल मंडी को अन्यत्र स्थानांतरित करने, अस्थायी पार्किंग व्यवस्था विकसित करने, न्यायालय परिसर के आसपास पार्किंग प्रबंधन, सर्विस लेन के उपयोग को बढ़ावा देने तथा नालों को ढककर सड़क चौड़ीकरण जैसे दीर्घकालिक उपायों पर भी विचार किया गया। बैठक के अंत में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रस्तावित योजनाओं पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें, ताकि शहरवासियों को जाम से राहत दिलाते हुए सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों से भी अपील की गई है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं प्रशासन के प्रयासों में सहयोग प्रदान करें।

## आशा कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)**। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाने वाली आशा कार्यकर्ताओं और आशा फैसिलिटेटरों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया है। गुरुवार को रेफरल अस्पताल कुटुंबा के परिसर में प्रदर्शन किया गया। आशा कार्यकर्ताओं ने मांग-पत्र जारी कर सरकार से उनके मानदेय, सेवा शर्तो और सामाजिक सुरक्षा में सुधार की अपील की। आशा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग किया है कि उन्हें प्रोत्साहन राशि के बजाय 26,000 रुपये मासिक वेतन दिया जाए। साथ ही, सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन, ग्रेच्युटी और ईपीएफ जैसी सुविधाएं लागू करने की भी मांग की गई। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही संगठन की प्रदेश मंत्री सुधा सुमन ने कहा कि पिछले आठ महीनों से सभी आशा कार्यकर्ताओं का प्रोत्साहन और पारितोषिक राशि लंबित है, जिसका भुगतान तुरंत एकमुश्त किया जाए। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की तर्ज पर आशा कार्यकर्ताओं की सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष की जाए और रिटायरमेंट पर 10 लाख रुपये का बेनिफिट व 10,000 रुपये मासिक पेंशन सुनिश्चित हो। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन को स्थायी योजना में बदलने और सभी आशा कार्यकर्ताओं को तृतीय श्रेणी के कर्मचारी के रूप में नियमित करने की मांग उठाई है। महिला कार्यकर्ताओं के लिए छह महीने का वैतनिक मातृ अवकाश और बीस दिन की आकस्मिक छुट्टी की मांग की गई है। साथ ही, बेहतर कार्यक्षमता के लिए स्मार्टफोन, टैबलेट और डेटा पैक उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि पी.एच.सी. स्तर पर जारी भ्रष्टाचार और घूसखोरी पर लगाम लगाई जाए। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि वेलनेस सेंटरों पर राशि के वितरण में असमानता है, जिसे समान रूप से वितरित किया जाना चाहिए। यूनियन के अन्य नेताओं का कहना है कि यदि सरकार जल्द ही इन मांगों पर संज्ञान नहीं लेती है, तो ग्यारह मई से सभी स्वास्थ्य कार्यों का पूर्ण बहिष्कार कर राज्यव्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। आशा कार्यकर्ताओं की इस संभावित हड़ताल से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा सकती हैं। प्रसव पूर्व जांच, बच्चों का टीकाकरण और संक्रामक रोगों की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण कार्यों पर इसका सीधा असर पड़ने की आशंका है। संघ के नेताओं का कहना है कि जब अधिकारियों को समय पर वेतन मिल सकता है तो दिन-रात मेहनत करने वाली आशा बहनों का पैसा क्यों रोका गया है।

## वज्रपात की चपेट में आने से दूल्हे के चाचा की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई। घटना माली थाना क्षेत्र के गम्हरिया गांव की है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के अटल बिगहा निवासी 45 वर्षीय अक्षय कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार अक्षय अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए गम्हरिया गांव आए थे। भतीजे की शादी गोविंद राम की बेटी से हुई है। 25 अप्रैल को तिलक था। 29 को अटल बिगहा से गम्हरिया गांव पहुंची थी। जब विदाई का समय आया तब समधी मिलने से पहले अक्षय शौच के लिए गए। वज्रपात की चपेट में आने से हादसे की शिकार हो गए। इधर, समधी मिलन की रस्म के दौरान जब अक्षय नहीं दिखे तो परिजन और बाराती उनकी खोजबीन करने लगे। काफी देर तक तलाश के बाद जब कुछ लोग खेत की ओर गए तो वहां उनका शव पड़ा मिला। यह दृश्य देख मौके पर मौजूद लोगों के होश उड़ गए और पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों के अनुसार अक्षय ने अपनी 1 बेटी की शादी कर दी थी, जबकि अन्य बच्चों की शादी की जिम्मेदारी अभी उनके कंधों पर थी। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को कब्जे में लेकर कानूनी प्रक्रिया पूरी की। इस घटना के बाद बाराती और सराती दोनों ओर शोक का माहौल हो गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है सिलेंडर वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। विभिन्न गैस एजेंसियों के माध्यम से एलपीजी गैस आपूर्ति एवं वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार जिले में गैस आपूर्ति सामान्य रूप से संचालित हो रही है। विभिन्न गैस एजेंसियों द्वारा औसत दैनिक मांग के अनुरूप गैस की डिलीवरी की जा रही है तथा लंबित बुकिंग का निष्पादन लगातार किया जा रहा है। जिले में 37 गैस एजेंसियों के माध्यम से प्रतिदिन औसतन 7030 सिलेंडर की मांग के विरुद्ध लगभग 6847 सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है। साथ ही जिला में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता है। इसके अतिरिक्त आकांशा एचपी गैस एजेंसी देव में निरंतर पर्यवेक्षण से बैकलॉग शून्य हो गया है एवं सभी उपभोक्ताओं की मांगे ससमय पूर्ण की जा रही है।जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा सभी गैस एजेंसियों को उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराने, लंबित बुकिंग का शीघ्र निष्पादन करने तथा वितरण में पारदर्शिता बनाए रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही कृत्रिम कमी उत्पन्न नहीं होने देने का भी निर्देश दिया गया है। संबंधित प्रखंडों के पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में गैस वितरण व्यवस्था की निगरानी करने तथा किसी भी समस्या की सूचना तत्काल जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है। 30 अप्रैल 26 तक जिला में कुल नए 227 पीएनजी कनेक्शन लगाए जा चुके है। अभी तक औरंगाबाद जिला में 6 व्यवसायिक संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन लिया जा चुका है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 28.04.2026।** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, दूसरी मंज़िल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-01-26-27। कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के अधिकार क्षेत्र के अधीन बिशरपाड़ा कोदालिया, बहिरा कालीबाड़ी, बेलियाघाटा रोड, भसीला, मतानिया अनंतपुर, हाबरा, बामनगाछी (कुल 10 अदद) पर प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना। **निविदा मूल्य:** रु. 4,19,55,896.98। **जमा बयाना राशि:** रु. 8,39,100। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या:** टीएन-02-26-27। **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन उदयरामपुर, निश्चिंदपुर मार्केट हाल्ट, निश्चिंदपुर, घुटियारी शरीफ, मातला हाल्ट (कुल 06 अदद) पर प्लेटफॉर्म को ऊँचा करना। **निविदा मूल्य:** रु. 2,51,73,646.60। **जमा बयाना राशि:** रु. 5,03,500। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: टीएन-03-26-27। कार्य का नाम:** भ्याब्ला हाल्ट पर - वरिष्ठ सेक्शन अभियंता/कार्य/बारासात के अधीन अतिरिक्त यात्री सुविधाओं के लिए प्लेटफॉर्म शेड के नीचे प्लेटफॉर्म बेंच सहित प्लेटफॉर्म (12 अदद) पर अतिरिक्त आईआरएस टाइप शेड (16 मी. x 5 मी.) का प्रावधान, पाइप में पानी की आपूर्ति सहित वाटर बूथ का प्रावधान सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 1,59,30,553.08। **जमा बयाना राशि:** रु. 3,18,600। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या:** टीएन-10-26-27। **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारुईपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर एफओबी पर शेड का प्रावधान सहित सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 4,65,91,427.83। **जमा बयाना राशि:** रु. 9,31,800। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या:** टीएन-11-26-27। **कार्य का नाम:** सहायक अभियंता/बारासात के अधिकार क्षेत्र के अधीन वरिष्ठ मंडल अभियंता/II/सियालदह के अधीन विभिन्न स्टेशनों पर एफओबी पर शेड का प्रावधान सहित सभी आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,98,66,387.27। **जमा बयाना राशि:** रु. 5,97,300। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 (नौ) महीना (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 29.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। अनुबंध 2022 की भारतीय रेल मानक साधारण शर्तों के अनुसार ई-निविदा प्रपत्र की कीमत शून्य है। **निविदा खुलने की तारीख एवं समय:** 29.05.2026 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 से 5 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-22/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## एक नजर

### पांच ओवरलोडेड ट्रक जब्त

**अंबा (औरंगाबाद)**। रिसियप थाना पुलिस ने ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर पांच ट्रकों को जब्त किया है। सभी ट्रकों पर निर्धारित क्षमता से अधिक भार लदा पाया गया, जिसके बाद उन्हें थाना लाकर सीज कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि जब्त किए गए ट्रकों में चार पर गिट्टी और एक पर कोयला ओवरलोड पाया गया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई की सूचना संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं वरीय पदाधिकारियों को दे दी गई है, ताकि आगे की विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जब्त किए गए ट्रकों के पंजीकरण संख्या में बीआर-26G-8905, बीआर-26GB-9051, बीआर-26GC-3436 और पीबी-10GK-8555 सहित अन्य वाहन शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में ओवरलोडिंग करने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सड़क सुरक्षा और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### औरंगाबाद में 3 मई को ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का 67वां स्थापना दिवस

**औरंगाबाद**। ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन का 67वां स्थापना दिवस 3 मई 2026 को देशभर के साथ-साथ औरंगाबाद जिले में भी मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हसपुरा स्थित रामशरण यादव पुस्तकालय भवन, बस स्टैंड परिसर में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं, मजदूरों और आम जनता से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसमें देश में युवाओं के भविष्य से जुड़े सवाल, बिहार के मजदूरों के साथ कथित भेदभाव, तथा गैस और पेट्रोल की बढ़ती कीमतों का छोटे दुकानदारों पर पड़ रहे प्रभाव जैसे विषय प्रमुख रूप से उठाए जाएंगे। इस संबंध में निर्णय 29 अप्रैल 2026 को पटना स्थित जनशक्ति भवन में आयोजित राज्य परिषद की बैठक में लिया गया था। बैठक में औरंगाबाद जिले का प्रतिनिधित्व डुमरा ग्राम कचहरी के सरपंच प्रतिनिधि श्याम किशोर यादव ने किया।

### राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक में संगठनात्मक चुनाव की रूपरेखा तय

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ताओं की बैठक दाउदनगर स्थित वर्मा इन होटल में आयोजित की गई, जिसमें बिहार में होने वाले संगठनात्मक चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में पार्टी के विभिन्न स्तरों पर चुनाव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई। जानकारी के अनुसार, 26 अप्रैल 2026 से 15 मई 2026 तक पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद 16 मई से 26 मई तक प्रखंड अध्यक्षों का चुनाव होगा। वहीं, 26 मई से 5 जून तक जिला अध्यक्षों का चुनाव संपन्न कराया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 जून से पहले कराने का निर्णय लिया गया है, जबकि 14 जून को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव प्रस्तावित है। बैठक में निर्वाचन पदाधिकारी सुभाष चंद्रवंशी एवं राम परीक्षा सिंह के साथ जिला निर्वाचन पदाधिकारी जैनेंद्र कुमार भी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रक्रिया की जानकारी दी और संगठन को मजबूत बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इस अवसर पर रामकुमार वर्मा, अजय कुशवाहा, विनोद कुमार सिन्हा, हसपुरा प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत कुमार वर्मा, गुड्डू कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, जितेंद्र कुमार, महामाया ठाकुर, राकेश रोशन, रामबली सिंह, रंजीत राम, विजेंद्र सिंह, श्रीकांत प्रसाद, सचिन कुमार, कमला प्रसाद, अभय कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### बाइक की ठोकर से 71 वर्षीय वृद्ध की मौत

**हसपुरा (औरंगाबाद)**। हसपुरा–पचरूखिया मार्ग पर उचित विगहा पथ स्थित धर्मकांटा के समीप गुरुवार अहले सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 71 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिंदेश्वर सिंह के रूप में हुई है, जो वर्तमान में उचित विगहा में रहते थे और मूल रूप से अरवल जिले के डोरा गांव के निवासी थे। वे जहानाबाद न्यायालय से सेवानिवृत्त कर्मचारी बताए जाते हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार बाइक चालक ने वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क किनारे खाई में जा गिरे। टक्कर इतनी भीषण थी कि घटनास्थल पर ही उनकी हालत गंभीर हो गई। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हसपुरा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

## जाति भेद व ऊंच-नीच का भाव करें समाप्त






**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)** । शहर में स्थित एक होटल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अवकाशप्राप्त पशु चिकित्सक रामकृष्ण राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आरएसएस के दक्षिण बिहार प्रान्त के बौद्धिक शिक्षण प्रमुख उपेंद्र त्यागी ने स्वयंसेवकों के लिए पंच परिवर्तन के लक्ष्य को प्राप्त करना आवश्यक बताया। ताकि समाज को परिवर्तित किया जा सके। स्वयंसेवकों के लिए निर्धारित पंच परिवर्तन के लक्ष्य को उन्होंने बताया और सभी की विस्तार पूर्वक चर्चा की। लोगों को जाति, ऊंच, नीच भूल कर सभी मनुष्य को भाई समझ कर सामाजिक समरसता कायम करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कोई ऊंच नीच नहीं है। सभी मनुष्य एक बराबर हैं। उन्होंने यह स्वीकार किया कि हिंदुओं की कुछ गलतियों की वजह से कुछ वर्गों को मंदिर प्रवेश से रोका गया। कुछ को अछूत बताया गया। इन बुराइयों को दूर करना है। आज भी वे लोग हिंदू हैं और इस प्रतीक्षा में है कि समाज का उद्धार हो और वह मुख्य धारा में रह सकें। उन्होंने आह्वाहन किया कि सभी स्वयंसेवक या आम व्यक्ति जाति का भेदभाव न रखें। ऊंच नीच का भेद न करें। संघ के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर उपेंद्र त्यागी ने संघ की यात्रा का जिक्र किया और कहा कि हिंदू समाज सोया हुआ है। जातीय विभाजन है, जबकि सभी एक समान हैं। जातीय विभाजन हर हाल में खत्म होना चाहिए, तभी अच्छे समाज का निर्माण हो सकेगा। उन्होंने पंच परिवर्तन यथा व्यक्ति निर्माण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण व स्वबोध की चर्चा करते हुए उसकी व्याख्या की। कहा कि सभी को समाज के परिवर्तन और बेहतर निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है। कार्यक्रम में रामजी प्रसाद केशरी, अटल बिहारी सिंह, खंड कार्यवाह अनुज पांडे, नगर कार्यवाह विद्यासागर, विद्या निकेतन व संस्कार विद्या के सीएमडी सुरेश प्रसाद गुप्ता, अभिनव कुमार, वार्ड पार्षद जयगोविंद प्रसाद व बसंत कुमार, ब्रजेश पाठक, गोपाल प्रसाद, अमित कुमार, द्वारिका प्रसाद, पप्पू गुप्ता, रविंद्र शर्मा, उगेंद्र सिंह, सीए शैलेश कुमार, संध्या शर्मा, पुनचुन विश्वकर्मा, सत्येंद्र पासवान, रामजी मालाकार, श्याम पाठक, प्रह्लाद कसेरा, राजपाल रजक एवं अन्य शामिल हुए।

## सेवानिवृत्ति पर महेंद्र प्रसाद को भावभीनी विदाई



**औरंगाबाद/नबिटा सं।** ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, औरंगाबाद में कार्यालय परिचारी के पद पर कार्यरत महेंद्र प्रसाद के सेवानिवृत्त होने पर कार्यालय परिसर में गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके दीर्घ सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी। समारोह की अध्यक्षता ग्रामीण कार्य विभाग, जांच एवं गुणवत्ता नियंत्रण प्रमंडल, औरंगाबाद की सहायक अभियंता शुभ्रा जायसवाल ने की, जबकि संचालन ई. सूरज कुमार पाण्डेय ने किया। अपने संबोधन में सहायक अभियंता शुभ्रा जायसवाल ने कहा कि सरकारी सेवा में सेवानिवृत्ति एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जिसका सामना प्रत्येक कर्मचारी को करना होता है। इस अवसर पर ईश्वर चंद जायसवाल, सुरभि चटर्जी, आंतरिक समिति की अध्यक्ष आशा देवी, गणेश सिंह सरदार, मोहित कुमार मोदक, शफी अहमद, गौरीशंकर परीक्षा, महादेव कुमार, अनादि प्रमाणिक, मनोरमा कुमारी, उमा देवी, अनुष्का कुमारी, अभिषेक कुमार, आरती कुमारी, निर्भय कुमार सिंह, बबलू कुमार ओझा, भास्कर प्रकाश, कृष्णा राज और सोनू सिंह सहित विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वादों के निष्पादन में अधिवक्ता लिपिकों से सहयोग की अपील



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। 9 मई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तान्या पटेल द्वारा प्राधिकार के सभा सदन में तैयारी को लेकर एक बैठक किया गया जिसमें अधिक से अधिक रूचि एवं तत्परता दिखाते हुए लोक अदालत में सहयोग की अपील की गई। बैठक में सचिव ने अधिवक्ता लिपिकों से कहा कि न्यायालय में आने वाले मुवक्किलों की सबसे नजदीकी आप लोग हैं, और मुवक्किलों की हित कैसे बेहतर हो यह आप पर निर्भर करता है। लोक अदालत में सुलहनीय आपराधिक वादों का निस्तारण अधिक से अधिक हो, यह बहुत हद तक आप पर निर्भर करता है जिसके लिए आप सभी को अभी से यह प्रयास होना चाहिए कि आपके मुवक्किलों से संबधित सुलहनीय वाद को लोक अदालत में निस्तारित करने के लिए प्रेरित करें। सचिव द्वारा सभी अधिवक्ता लिपिकों को लोक अदालत के माध्यम से किन-किन धाराओं में वाद का निस्तारण हो सकता है। इसकी जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी। अधिवक्ता लिपिकों ने सुलहनीय वादों को राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से निष्पादन कराने में भरपूर सहयोग करेंगें। सचिव द्वारा लोक अदालत में सभी अधिवक्ता लिपिकों का पूर्ण सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सुलह के आधार पर अगर आप एक वाद का निस्तारण कराते हैं, तो इसका मतलब यह नहीं होता है कि आपका केस खत्म होगा बल्कि आप अपने मुवक्किल के और करीब आएंगे और उसका विश्वास आपके प्रति सशक्त होगा, और वे आपके सहयोग के लिए समाज में लोगों को प्रेरित करेंगें कि आप केस लड़ने के साथ-साथ सुलह में भी विश्वाश करते हैं, जिससे आपके स्वयं के कार्य के साथ-साथ सामाजिक दायरा भी बढ़ेगा, और मुवक्किलों के साथ-साथ उनके विरोधियों का भी आप दिल जीत पाएंगे। सचिव द्वारा उपस्थित अधिवक्ता लिपिकों को यह भी जानकारी देते कहा गया, कि मध्यस्थता विशेष अभियान भी प्राधिकार के माध्यम से चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से भी आप संबधित मुवक्किलों को जानकारी देते हुए समझौता के माध्यम से वादों को निस्तारित कराने के लिए प्रेरित करें।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा हेतु संक्षिप्त निविदा सूचना संख्या: एचडब्ल्यूएच-I-01-2026-27 (ओपन टेंडर), दिनांक: 24.04.2026।** उप मुख्य अभियंता (निर्माण-I ) / पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा के जरिये मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** चंदनपुर-शक्तिगढ़ चौथी रेलवे लाइन परियोजना के सम्बन्ध में वर्तमान बाधा को हटाना तथा एएफटीसी हट, एल. सी. गेट लॉज, पीडब्ल्यूआई कार्यालय सह स्टोर आदि का निर्माण एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹12,61,70,574.08। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **बयाना राशि:** ₹ 25,23,400। **पूरा करने की अवधि:** 06 (छः) महीना। **खुलने की तारीख एवं समय:** 18.05.2026 को दोपहर 12.00 बजे। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा हेतु बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होगी। इस निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा मैनुअल प्रस्ताव अगर प्राप्त होता है तो उसे स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा सीधे रद्द कर दिया जायेगा।

(CON-04/2026-27)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

## परीक्षा केंद्र के अंदर इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाने पर रोक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में इंटरमीडिएट विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 तथा इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 एवं माध्यमिक कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 के कदाचार मुक्त, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संचालन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में ब्रीफिंग बैठक आहूत की गई। गौरतलब है कि इंटरमीडिएट विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 तथा इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा आयोजन 2 मई से 11 मई एवं माध्यमिक कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा 2 मई से 6 मई तक दो पालियों में किया जाना निर्धारित है। इंटरमीडिएट विशेष (सैद्धांतिक) परीक्षा तथा इंटरमीडिएट कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा आयोजन औरंगाबाद जिला के दो परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगा तथा माध्यमिक कंपार्टमेंटल (सैद्धांतिक) परीक्षा जिले के चार परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगा। अपर समाहर्ता द्वारा निर्देशित किया गया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, केंद्राधीक्षक एवं वीक्षक प्रातः 07.00 बजे अनिवार्य रूप से अपने-अपने परीक्षा केंद्रों पर उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे। प्रथम पाली- 09:30 बजे पूर्वाह्न से 12:45 बजे अपराह्न तक द्वितीय पाली 02:00 बजे अपराह्न से 05:15 बजे अपराह्न तक परीक्षा संचालित किए जाएंगे। प्रथम पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व, अर्थात पूर्वाह्न 09:00 बजे तक, तथा द्वितीय पाली के परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व, अर्थात अपराह्न 01:30 बजे तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। निर्धारित समय के उपरांत विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में परीक्षा भवन में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। अपर समाहर्ता द्वारा स्पष्ट निर्देश दिया गया कि परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त केंद्राधीक्षक को छोड़कर किसी भी वीक्षक, दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी अथवा पुलिसकर्मी के पास मोबाइल फोन रखना पूर्णतः वर्जित रहेगा। यदि किसी के पास मोबाइल फोन पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के मुख्य द्वार पर अनिवार्य सघन जांच (फ्रिस्किंग) कराकर तथा प्रवेश पत्र की विधिवत जांच के उपरांत ही प्रवेश दिया जाए। किसी भी स्थिति में परीक्षार्थियों के अतिरिक्त किसी अनधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केंद्र में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच महिला पुलिसकर्मी अथवा महिला वीक्षक द्वारा ही मुख्य द्वार के समीप कपड़े से घेरकर की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता (विशेष शाखा) सादुल हसन खां, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, सभी केन्द्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा सूचना सं॰ – टीआरएस–जी–आरटी–ओपीएन–06–आरएसपी–25–26, दिनांक : 28.04.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से सक्षम, स्थापित, अनुभवी ठेकेदारों/प्रतिष्ठानों जो इस प्रकार के कार्य का अनुभव रखते हो, से निम्नलिखित कार्य हेतु ई–टेंडर (ओपेन) निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा कार्य का विवरण स्थान सहित : रिपेयरिंग/ओवरहौलिंग ऑफ शंटिग कॉन्टैक्टर & लाइन कॉन्टैक्टर 1500 Amp कैपेसिटी ऑफ कांवेंसनल लोकोमोटिव्स क्वांटिटी लाइन कॉन्टैक्टर 1500 नोस & शंटिंग कॉन्टैक्टर 1500 नोस। फर्म की कार्यशाला, अनुमानित लागत : ₹2,65,65,750/–, धरोहर राशि : ₹5,31,300/–, निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : दिनांक : 25.05.2026 समय 13:00 बजे तक, दिनांक : 25.05.2026 समय 15.00 बजे। वेबसाइट एवं नोटिस बोर्ड का विवरण का जहां से निविदा की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है:वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर निविदा उपलब्ध है। निविदा की विस्तृत जानकारी वारिष्ठ मंडल बिजली इंजी॰/कचस्टा विद्युत लोको शेड पंडित दीन दयाल उपाध्याय के कार्यालय से ली जा सकती है।

मंडल रेल प्रबन्धक/कचस्टा/ पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0147/डीडीयू/डीआरएम/टीआरएस/टी/26–27/36

# कई न्यायाधीशों का तबादला, परिवार न्यायालय व पोक्सो अदालतों में नई पदस्थापनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना हाईकोर्ट की अनुशंसा पर बिहार में न्यायिक प्रशासन को मजबूत करने के उद्देश्य से आठ न्यायाधीशों का तबादला और नई पदस्थापनाएं की गई हैं। इस फ़ेरबदल के तहत परिवार न्यायालय, निगरानी अदालत और रेप एवं पोक्सो विशेष अदालतों में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। जारी आदेश के अनुसार, पटना परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश सुनील दत्त पांडे का स्थानांतरण कर उन्हें सीतामढ़ी परिवार न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है। वहीं अररिया के प्रधान न्यायाधीश अविनाश कुमार-2 को पटना परिवार न्यायालय का नया प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। पटना के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रमोद कुमार यादव को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोटि में पदोन्नत करते हुए अररिया परिवार न्यायालय का प्रधान न्यायाधीश बनाया गया है। मुजफ्फरपुर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सुमन कुमार दिवाकर को मुजफ्फरपुर विशेष न्यायालय (निगरानी) में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है। पटना के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राजीव रंजन सहाय को विशेष न्यायालय (निगरानी) पटना में पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है। वहीं मुजफ्फरपुर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश शैलेंद्र कुमार-1 को मुजफ्फरपुर विशेष न्यायालय में प्राधिकृत पदाधिकारी के पद पर नियुक्त किया गया है। इसके अलावा समस्तीपुर के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मनीष प्रकाश को रेप एवं पोक्सो विशेष अदालत में पीठासीन पदाधिकारी बनाया गया है, जबकि सीतामढ़ी के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश राम प्रकाश यादव को भी रेप एवं पोक्सो विशेष न्यायालय में पीठासीन पदाधिकारी के रूप में पदस्थापित किया गया है।

# डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** गुरुवार को शाम को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) द्वारा माह अप्रैल - 2026 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये सामुदायिक भवन, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अपर मंडल रेल प्रबंधक कुलदीप द्वारा आज डीडीयू मंडल के कुल 22 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल रुध 9,43,12,485/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा वित्तीय प्रबंधन, बीमा, डिजिटल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। अपने संबोधन में अपर मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही अपने स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन का ध्यान देने तथा अपने आप के उत्तम जीवन लिए समय का सदुपयोग करने की बात कही गई। समारोह में वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री उज्ज्वल आनंद, सीएमएस डॉ केसब, स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया शाखा के प्रबंधक श्री प्रिंस कुमार सहित विभिन्न रेल शाखा अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी व उनके परिजन उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



# अवैध बालू परिवहन और ओवरलोडिंग पर नकेल, औरंगाबाद में संयुक्त धावा दल गठित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में बालू, गिट्टी और फ्लाई ऐश के अवैध परिचालन तथा ओवरलोडिंग पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला अधिकारी अभिलाषा शर्मा और पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल के संयुक्त आदेश से विशेष धावा दल का गठन किया गया है। यह कार्रवाई सरकार को हो रहे राजस्व नुकसान और आम नागरिकों के जनजीवन पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए की गई है। संयुक्त आदेश के तहत जिले के छह थाना क्षेत्रों–बारुण, नरारी कला खुर्द, रिसियाप, दाउदनगर और गोह– में विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रहकर ओवरलोडेड बालू, गिट्टी और फ्लाई ऐश के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करें। साथ ही फ्लाई ऐश ढोने वाले वाहनों के ढकाव की भी नियमानुसार जांच की जाएगी। आदेश में कहा गया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त वाहनों और व्यक्तियों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी (औरंगाबाद व दाउदनगर) तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर-1, सदर-2 मदनपुर और दाउदनगर) को सूचित किया जाएगा। निगरानी को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर गैमन पुल के पास और दाउदनगर पुल के पास सीसीटीवी युक्त दो जांच चौकियां स्थापित की गई हैं। इन दोनों स्थानों पर अधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से सीसीटीवी फुटेज की निगरानी करने का निर्देश दिया गया है, ताकि जांच चौकियों पर तैनात कर्मियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा बारुण-नवीनगर मार्ग पर नरारीकला थाना के पास भी एक अतिरिक्त जांच चौकी बनाई गई है, जहां फ्लाई ऐश के ओवरलोडेड वाहनों के गुजरने की आशंका रहती है। झारखंड से आने वाले ओवरलोडेड वाहनों और अवैध स्टोन चिप्स के परिवहन पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। जिला परिवहन पदाधिकारी को अपने अधीनस्थ मोटरयान निरीक्षकों और प्रवर्तन अवर निरीक्षकों के सहयोग से स्थैतिक दल के कार्यों की सतत निगरानी करने का निर्देश दिया गया है। वहीं संबंधित थानाध्यक्षों को धावा दल को आवश्यक सहयोग और जरूरत के अनुसार पुलिस बल उपलब्ध कराने को कहा गया है। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे कार्रवाई की दैनिक रिपोर्ट तैयार कर उसे समेकित रूप से साप्ताहिक रिपोर्ट के तौर पर प्रस्तुत करें और नियमित रूप से सीसीटीवी फुटेज का अनुश्रवण करते रहें।

# बारिश से मिली बिक्रमगंज को गर्मी से निजात, तापमान में गिरावट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल मुख्यालय बिक्रमगंज समेत आसपास के इलाकों में गुरुवार को दूसरे दिन भी झमाझम बारिश हुई। इससे पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और लू की मार झेल रहे लोगों को बड़ी राहत मिली है। लगातार हो रही बरसात के चलते तापमान में गिरावट दर्ज की गई और मौसम खुशनुमा हो गया। बुधवार शाम तेज आंधी के साथ शुरू हुआ बारिश का दौर गुरुवार को भी बना रहा। पूरे दिन आसमान बादलों से घिरा रहा और बीच-बीच में हल्की से मध्यम बूंदाबांदी होती रही। इसके कारण लू का प्रकोप पूरी तरह थम गया। ठंडी हवाओं और फुहारों ने लोगों को तपती गर्मी से सुकून दिया। सड़कों और बाजारों में भी गर्मी के कारण पसरा सन्नाटा कम हुआ। मौसम विज्ञान केंद्र ने बुधवार को ही बिहार के पूर्वी से पश्चिमी हिस्से तक के कई जिलों के लिए बारिश, मेघगर्जन और वज्रपात की चेतावनी जारी की थी। इसी अलर्ट के तहत बुधवार शाम करीब 5 बजे बिक्रमगंज में तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हुई। विभाग ने पचास से साठ किमी प्रति घंटे की गति से आंधी, गरज के साथ बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने का भी अनुमान जताया था। विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी वाली हवाओं के कारण शनिवार तक मौसम में बदलाव रहेगा। आसमान में बादलों की आवाजाही जारी रहेगी। इस दौरान कई जिलों में 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इससे दिन और रात के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।बारिश का सीधा असर तापमान पर पड़ा। गुरुवार को बिक्रमगंज का अधिकतम तापमान 15 दिनों के बाद 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ।


# सरकारी अस्पतालों में आयुष व्यवस्था उपेक्षित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन सोन।** राज्य के सरकारी अस्पतालों में आयुष चिकित्सा व्यवस्था की अनदेखी को लेकर मानवाधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय ने गहरी चिंता जताई है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने वर्ष 2010 से विभिन्न सरकारी अस्पतालों में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और यूनानी पद्धति के चिकित्सकों की बहाली कर स्वास्थ्य सेवाओं को बहुआयामी बनाने का महत्वपूर्ण प्रयास किया था, लेकिन वर्तमान स्थिति बेहद निराशाजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुरुआती कुछ समय के बाद से ही अधिकांश अस्पतालों में न तो होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध हैं, न आयुर्वेदिक औषधियां और न ही यूनानी दवाओं की नियमित आपूर्ति हो रही है। इससे आयुष चिकित्सक अस्पतालों में रहते हुए भी अपनी विशेषज्ञता का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं, जो सरकारी संसाधनों की बर्बादी और मरीजों के साथ अन्याय है। संतोष उपाध्याय ने कहा कि ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के हजारों मरीज सस्ती, कम दुष्प्रभाव वाली और दीर्घकालिक लाभ देने वाली आयुष चिकित्सा पर निर्भर हैं। दवाओं की अनुपलब्धता के कारण ये मरीज इस व्यवस्था से वंचित हो रहे हैं।

## शिव गोविंद चौधरी की पुण्यतिथि पर प्रतिमा अनावरण

**डिहरी ऑन सोन।** ऐनीकट झारखंडी मंदिर के समीप पुरानी टाल बांस के संस्थापक स्वर्गीय शिव गोविंद चौधरी की 50वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी प्रतिमा का अनावरण उनके पुत्र तुलसी चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में स्व. शिव गोविंद चौधरी को अपना आदर्श मानने वाले लोगों ने उनके व्यक्तित्व और व्यवसायिक योगदान को याद करते हुए उन्हें अनुकरणीय बताया। प्रतिमा स्थापना से पूर्व विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना की गई, जिससे पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से ओत-प्रोत हो गया। इस मौके पर उनके पुत्र तुलसी चौधरी ने भावुक होकर कहा कि उनके पिता केवल एक सफल व्यवसायी ही नहीं, बल्कि गरीबों के मसीहा और समाज के मजबूत स्तंभ थे। उन्होंने हमेशा गरीब, किसान और मजदूर वर्ग की भलाई के लिए काम किया। वे मानिकपुर गांव के हर जरूरतमंद तक स्वयं पहुंचकर उनकी मदद करते थे। तुलसी चौधरी ने कहा कि उन्हें अपने पिता के साथ लंबे समय तक व्यवसाय करने का अवसर नहीं मिला, लेकिन वे उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने 'शिव मूर्ति एंड सन्स' की नींव को और मजबूत करने की बात भी कही।

आईपीएल 2026

## रिकेल्टन बने मुंबई इंडियंस के लिए सबसे तेज शतक लगाने वाले बल्लेबाज

**मुंबई ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ बुधवार को मुंबई इंडियंस (एमआई) के सलामी बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 44 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। इसी के साथ रिकेल्टन एमआई की तरफ से सबसे तेज आईपीएल शतक लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस लिस्ट में सनथ जयसूर्या संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं। जयसूर्या ने साल 2008 में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विरुद्ध 45 गेंदों में शतक लगाया था। इसके बाद



आईपीएल 2026 में तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ इतनी ही गेंदों पर अपना शतक पूरा किया था। कैमरून ग्रीन इस लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने साल 2023 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 47 गेंदों में शतक पूरा किया था। सूर्यकुमार यादव (49 गेंदें) इस लिस्ट में चौथे स्थान पर हैं, जिन्होंने आईपीएल 2023 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ 49 गेंदों में शतक लगाया था। वानखेड़े स्टेडियम में एसआरएच के विरुद्ध बाएं हाथ के बल्लेबाज रिकेल्टन ने 55 गेंदों में नाबाद 123 रन की पारी खेली। इस दौरान 10 चौके और 8 छक्के लगाए।


इस पारी में रिकेल्टन ने 23 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो एमआई की तरफ से संयुक्त रूप से सातवां सबसे तेज अर्धशतक है। मुंबई इंडियंस के लिए सबसे तेज आईपीएल अर्धशतक का रिकॉर्ड ईशान किशन के नाम पर है, जिन्होंने 8 अक्टूबर 2021 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ महज 16 गेंदों में इस आंकड़े को छुआ था। इससे पहले रयान रिकेल्टन 29 मार्च 2026 को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 24 गेंदों में अर्धशतक लगा चुके थे।

वानखेड़े स्टेडियम में जारी इस मुकाबले में मुंबई इंडियंस ने 5 विकेट खोकर 243 रन बनाए। इस टीम के लिए रिकेल्टन (नाबाद 123) के अलावा, विल जैक्स ने 22 गेंदों में 3 छक्कों और 5 चौकों के साथ 46 रन की पारी खेली। इनके अलावा, कप्तान हार्दिक पांड्या ने 31 रन, जबकि नमन धीर ने 22 रन टीम के खाते में जोड़े। विपक्षी खेमे से प्रफुल हिंगे ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए।

यूईएफए चैंपियंस लीग

## एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा

**मैड्रिड ।** यूईएफए चैंपियंस लीग 2026 के सेमीफाइनल के पहले लेग में स्पेन के मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में एटलेटिको मैड्रिड और आर्सेनल के बीच मुकाबला 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। फाइनल का टिकट कटाने के लिए अगले सप्ताह दोनों टीमें लंदन में एक–दूसरे के सामने होंगी। मैच में दोनों गोल पेनल्टी से आए। आर्सेनल के लिए यह ड्रॉ थोड़ा निराशाजनक रहा, क्योंकि वीएआर के देर से हस्तक्षेप के कारण उन्हें दूसरे पेनल्टी का मौका नहीं मिल सका, जो शायद मैच का परिणाम बदल सकता था। एटलेटिको मैड्रिड ने अपने घरेलू मैदान पर मजबूत शुरुआत की। टीम ने लेफ्ट विंग पर एडेमोला लुकमैन और गोलपोस्ट के



नीचे जान ओब्लाक को उतारा, जबकि मिडफील्ड में पाब्लो बैरियोस की गैरमौजूदगी में जॉनी कार्डोसो ने जिम्मेदारी संभाली। दूसरी ओर, आर्सेनल के लिए एबेरेची एजे और बुकायो साका पूरी तरह फिट नहीं थे और उन्हें बेंच पर रखा गया। मुकाबले की शुरुआत से ही दोनों टीमें सतर्क नजर आईं और किसी भी तरह की रक्षात्मक गलती से बचने की कोशिश करती रहीं। आर्सेनल के नोनी मादुके ने दाईं ओर से शानदार दौड़ लगाकर पहला मौका बनाया, जबकि गोलकीपर डेविड राया ने गिउलिआनो शिमोन के प्रयास को नाकाम कर दिया। पहले हाफ के अंतिम मिनट में आर्सेनल को पेनल्टी मिली, जब विक्टर ग्योकेरेस को डेविड हैंको ने बॉक्स के अंदर धक्का दिया। ग्योकेरेस ने खुद ही पेनल्टी लेकर टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी। हालांकि, दूसरे हाफ की शुरुआत में ही एटलेटिको ने वापसी कर ली। 56वें मिनट में बेन व्हाइट के हैंडबॉल के बाद वीएआर की मदद से एटलेटिको को पेनल्टी मिली, जिसे जूलियन अल्वारेज ने गोल में बदलकर स्कोर 1–1 कर दिया। 78वें मिनट में आर्सेनल को एक और पेनल्टी मिलने की उम्मीद जगी, लेकिन वीएआर ने रेफरी के फैसले को पलट दिया।

रोहित शर्मा बर्थडेः आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने

# 'हिटमैन' को खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई



रोहित शर्मा

**रोहित शर्मा ने अपना 39वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाजों में से एक रोहित को आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अलग-अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है।**




**नई दिल्ली ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और अपनी कप्तानी में टीम इंडिया को टी20 विश्व कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का विजेता बनाने वाले रोहित शर्मा गुरुवार को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। भारतीय क्रिकेट और आईपीएल के सबसे सफल कप्तान और बल्लेबाजों में से एक रोहित को आईपीएल की सभी 10 फ्रेंचाइजियों ने अलग-अलग अंदाज में जन्मदिन की बधाई दी है। मुंबई इंडियंस (एमआई) ने एक्स पर लिखा, 'मुंबई के राजा और एकमात्र हिटमैन को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' रोहित शर्मा ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को पांच बार आईपीएल चैंपियन बनाया है। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने लिखा, 'दो आईसीसी ट्रॉफी, एक हिटमैन। जन्मदिन मुबारक हो, रोहित शर्मा। ' रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक्स पर लिखा, 'अरे, आज है ना, हिटमैन का वो है। उस आदमी को जन्मदिन की बधाई जो बल्लेबाजी को आसान बनाता है और क्रिकेट को और मजेदार बनाता है। हिट करते रहो, रो-हिट शर्मा। ' राजस्थान रॉयल्स (आरआर) ने रोहित शर्मा के साथ रवींद्र जडेजा की दो तस्वीरें साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। गुजरात टाइटंस (जीटी) ने अपने एक्स पर दो तस्वीरें साझा करते हुए को जन्मदिन की बधाई दी है। एक तस्वीर टी20 विश्व कप 2024 जीतने वाली है और दूसरी तस्वीर आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद की है। चैंपियंस ट्रॉफी वाली तस्वीर में रोहित के साथ जीटी के कप्तान शुभमन गिल भी हैं।

जीटी ने कैप्शन में लिखा, 'आपको सुपर-हिट जन्मदिन की शुभकामनाएं, रोहित। ' दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने अपने कप्तान अक्षर पटेल के साथ रोहित शर्मा की तस्वीर साझा करते हुए उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने रोहित शर्मा की तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, 'खुशी, रन और दिल एक साथ खींच रहे हैं। जन्मदिन मुबारक हो, रोहित शर्मा। ' लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने रोहित शर्मा की टी20 विश्व कप और चैंपियंस ट्रॉफी के साथ तस्वीर साझा करते हुए लिखा है, 'ये, वो और एक ही रो, जन्मदिन मुबारक हो हिटमैन। '


सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने लिखा, 'रिकॉर्ड। तारीफ। भारतीय क्रिकेट के एक सच्चे लीजेंड। जन्मदिन मुबारक हो, हिटमैन। ' पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) ने एक्स पर एक वीडियो साझा की है। इसमें रोहित शर्मा टीम के खिलाड़ियों से मिलते हुए दिख रहे हैं। पंजाब ने कैप्शन में लिखा, 'रोहित के जन्मदिन पर क्या बोलेंगे? हैपी बर्थ डे हिटमैन। ' भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी रोहित शर्मा को जन्मदिन पर बधाई दी है।

## रियान पर 'वेपिंग' के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया

डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया

**नई दिल्ली ।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान रियान पराग पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट दिया गया है। पराग पंजाब किंग्स के खिलाफ हुए मैच में ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते दिखे थे। गुरुवार को आईपीएल की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया कि पराग ने आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 1 को तोड़ने की बात मान ली है, जिसमें 'ऐसा व्यवहार जिससे खेल की बदनामी हो' शामिल है। आईपीएल की ओर से बयान में आगे कहा गया, 'यह घटना पंजाब किंग्स-आरआर मैच के दौरान आरआर की बल्लेबाजी के दौरान हुई। रियान को ड्रेसिंग रूम के अंदर वेप का इस्तेमाल करते देखा गया था। रियान ने गलती मान ली और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा लगाई गई सजा को मान लिया। '

ऐसा माना जाता है कि पराग के वेप इस्तेमाल करने के विजुअल अधिकारियों के ध्यान में आने के बाद, ऑन-फील्ड अंपायर तन्मय श्रीवास्तव और नितिन मेनन ने मैच रेफरी शर्मा को मामले की जानकारी दी। आईपीएल के कोड में वेपिंग का साफ तौर पर जिक्र नहीं है, लेकिन ड्रेसिंग रूम और खिलाड़ियों के जगह पर डेकोरम बनाए रखने पर जोर दिया गया है।



बयान में यह भी कहा गया है कि आरआर पर सख्त एक्शन लेने की भी तैयारी है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) गलती करने वाली टीम, उसके अधिकारियों और खिलाड़ियों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने के लिए दूसरे विकल्प भी देख रहा है ताकि आईपीएल की प्रतिष्ठा बनी रहे।

आईपीएल के आर्टिकल 2.21 का मकसद ऐसे सभी तरह के कामों को देखना है जिनसे खेल की बदनामी होती है।

## मार्टा कोस्त्युक ने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई

**मैड्रिड ।** मार्टा कोस्त्युक ने चेक गणराज्य की 13वीं सीड लिंडा नोस्कोवा के खिलाफ 7-6(1), 6-0 से जीत हासिल करते हुए अपने करियर के दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। यूक्रेनी खिलाड़ी अपने पहले डब्ल्यूटीए 1000 फाइनल में जगह बनाने के लिए लकी लूजर अनास्तासिया पोटापोवा से भिड़ेंगी। कोस्त्युक डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर पोटापोवा के खिलाफ 2-2 से बराबर हैं, लेकिन उन्होंने अपने पिछले दो मैच सीधे सेटों में जीते हैं, जिसमें पिछले साल मैड्रिड में उनका सबसे हालिया मैच भी शामिल है। दूसरे सेमीफाइनल में मीरा एंड्रीवा और हैली बैप्टिस्ट का मुकाबला होगा। पहले सेट में कुल मिलाकर आठ सर्व ब्रेक हुए। दोनों खिलाड़ियों को मनोलो सैंटाना स्टेडियम के ठंडे तापमान में सर्व पर संघर्ष करते देखा गया। कोस्त्युक ने ब्रेकर में शानदार खेल दिखाया और उसके बाद कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।



18वें सीजन में बना रिकॉर्ड टूटा

## आईपीएल 2026 में बना नया कीर्तिमान

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग में बल्लेबाजी ऐसे स्तर पर पहुंच गई है, जहां पहली पारी में बना बड़े से बड़ा स्कोर भी सुरक्षित नहीं रह गया है। आईपीएल 2026 में तो 200 या उससे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का नया रिकॉर्ड बन गया है। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। एमआई पहली पारी में 243 रन बनाकर भी हार गई। इसके पहले अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स को 264 रन बनाने के बावजूद पंजाब किंग्स से हार का सामना करना पड़ा था। ये दो मैच बस उदाहरण हैं। आईपीएल 2026 में ऐसा 10 बार हुआ है जब दूसरी पारी में 200 या उससे ज्यादा का लक्ष्य हासिल करते हुए टीमों ने जीत हासिल की है। यह आईपीएल का नया रिकॉर्ड है। इससे पहले किसी भी सीजन में 10 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य



हासिल नहीं हुआ था। आईपीएल 2026 का लगभग आधा सीजन बाकी है। ऐसे में 200 या उससे बड़े लक्ष्य को हासिल करने वाली संख्या बढ़ती सकती है। पुराना रिकॉर्ड 18वें सीजन (आईपीएल 2025) में बना था, जब टीमों ने 9 बार 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल किया था।

आईपीएल 2026 में 200 या उससे अधिक का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों में आरसीबी (2 बार), मुंबई इंडियंस, पंजाब किंग्स (3 बार), राजस्थान रॉयल्स (2 बार), और एसआरएच (2 बार) का नाम शामिल है।

आईपीएल में सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने का रिकॉर्ड पंजाब किंग्स के नाम है। पंजाब ने इसी साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 का लक्ष्य हासिल किया है, जो आईपीएल का रिकॉर्ड है। दूसरे नंबर पर भी पंजाब ही है।



## आईपीएल 2026: शतक जीत की गारंटी नहीं

5 बल्लेबाजों की शतकीय पारी के बाद भी टीम हारी

**नई दिल्ली ।** टी20 में शतक लगाना बड़ी उपलब्धि माना जाता है। किसी बल्लेबाज ने अगर टी20 मुकाबले में शतक लगा दिया, तो उसकी टीम की जीत सुनिश्चित मानी जाती है, लेकिन आईपीएल 2026 में ऐसा होता नहीं दिख रहा है। इस सीजन में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की टीमें जीती हैं, लेकिन ऐसे बल्लेबाजों की संख्या ज्यादा है जिनके शतक उनकी टीम को जीत नहीं दिला सके। आईपीएल 2026 में 29 अप्रैल तक 41 मैच खेले गए। इन 41 मैचों में 9 शतकीय पारियां आई हैं। चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने 2, सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 1, मुंबई इंडियंस के तीन बल्लेबाजों तिलक वर्मा, क्विंटन डिकॉक और रयान रिकल्टन ने 1-1, दिल्ली कैपिटल्स के केएल राहुल ने 1, गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन ने 1 और राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने 1 शतक लगाया है। कुल 9 शतकों में सिर्फ 4 बार ही ऐसा हुआ है जब टीमें जीती हैं। 5 बार शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की टीम हारी है।

सीएसके के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने सीजन में 2 शतक (दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस) लगाए हैं। दोनों मैचों में सीएसके को जीत मिली है। मुंबई इंडियंस के तिलक वर्मा ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ शतक लगाया था। मुंबई को इस मैच में जीत मिली थी। सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ शतक लगाया था और इस मैच में उनकी टीम को जीत मिली थी।

मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने पंजाब किंग्स और रयान रिकल्टन ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन दोनों ही मैचों में मुंबई इंडियंस को हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए केएल राहुल ने अपने करियर की श्रेष्ठ पारी (152 रन) खेली थी, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ खेली गई यह पारी डीसी के काम नहीं आई और टीम को रिकॉर्ड हार का सामना करना पड़ा। गुजरात टाइटंस के सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन ने आरसीबी के



खिलाफ शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम हारी। क्रिकेट की दुनिया में सेनसेशन बन चुके राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी ने एसआरएच के खिलाफ शतक लगाया था, लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

# पांच केंद्रों पर होगी नीट यूजी परीक्षा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में नीट (यूजी) परीक्षा के सफल, सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह की अध्यक्षता में ब्रीफिंग बैठक आयोजित की गई। गौरतलब है कि नीट (यूजी) 2026 परीक्षा 3 मई 2026 को औरंगाबाद जिले के पांच परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी जिसमें 2695 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। बैठक में अपर समाहर्ता द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे परीक्षा केन्द्रों पर प्रातः 10:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे तथा परीक्षा समाप्ति तक अपने-अपने केन्द्रों पर तैनात रहेंगे, ताकि परीक्षा का संचालन निर्धारित समय पर एवं शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 01:30 बजे तक ही अनुमन्य होगा। निर्धारित समय के उपरांत विलंब से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी भी परिस्थिति में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि परीक्षार्थी केवल प्रवेश पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो एवं वैध पहचान पत्र के साथ ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करें। केंद्राधीक्षक एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा कार्य में संलग्न शिक्षक एवं कर्मी भी केवल आवश्यक एवं वैध दस्तावेज ही साथ रखें तथा मोबाइल फोन का उपयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा। केवल प्रतिवेदन प्रेषण हेतु एक नामित कम्प्यूटर जानकार कर्मी को केंद्राधीक्षक के नियंत्रण में सीमित उपयोग की अनुमति दी जाएगी। सभी अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जाएगा तथा परीक्षा समाप्ति से पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। महिला परीक्षार्थियों की जांच हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर महिला पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। फ्रिस्किंग की समुचित व्यवस्था हेतु केन्द्र के प्रवेश द्वार पर पृथक गोपनीय जांच कक्ष एवं घेरा बनाया जाएगा, जहां महिला एवं पुरुष अभ्यर्थियों की जांच क्रमशः महिला एवं पुरुष कर्मियों द्वारा की जाएगी। परीक्षा की गोपनीयता बनाए रखने हेतु यह निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में प्रश्न-पत्र परीक्षा कक्ष एवं केन्द्र से बाहर नहीं जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, परीक्षा केन्द्रों के 200–300 मीटर की परिधि में स्थित साइबर कैफे, फोटो कॉपी एवं प्रिंटिंग की दुकानों को परीक्षा अवधि में बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं जिन परीक्षा केन्द्रों में चहारदीवारी नहीं है, वहां अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं करने दिया जाए तथा सभी परीक्षार्थियों की शत-प्रतिशत फ्रिस्किंग अनिवार्य रूप से की जाए। यदि कोई अभ्यर्थी प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ परीक्षा केन्द्र में पाया जाता है, तो इसे अनुचित साधनों का उपयोग मानते हुए नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता (विशेष) सादुल हसन खां, जिला शिक्षा पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी संतन कुमार सिंह, सदर एसडीपीओ संजय कुमार पांडे सभी केंद्राधीक्षक, पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## यातायात व आमजन की सुविधा के लिए सब्जी मंडी का होगा स्थान परिवर्तन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सब्जी मंडी के स्थान परिवर्तन को लेकर सदर अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्तमान में संचालित सब्जी मंडी को उसके पुराने स्थान से हटाकर पुनर्व्यवस्थित किया जाएगा। इसके अंतर्गत फल विक्रेताओं को फोरम (सिंहा कॉलेज) के समीप तथा सब्जी विक्रेताओं को नए जेल के पास स्थानांतरित किया जाएगा। कुल 82 विक्रेताओं के स्थानांतरण की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान यह भी अवगत कराया गया कि काली क्लब परिसर में बड़े ट्रकों के खड़े रहने से यातायात बाधित होता है, जिससे आमजन को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में काली क्लब के अध्यक्ष एवं सचिव को आवश्यक निर्देश दिए गए कि वे परिसर में बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू बनी रहे। इसके अतिरिक्त, ओल्ड जीटी रोड की ओर से सब्जी मंडी क्षेत्र में बैरिकेडिंग कराने के भी निर्देश दिए गए जिससे यातायात प्रबंधन बेहतर हो सके और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी सब्जी एवं फल विक्रेता अविलंब निर्धारित स्थानों पर स्थानांतरण सुनिश्चित करें अन्यथा नियमों के अनुरूप उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी सुनंदा कुमारी, ट्रैफिक डीएसपी मनोज कुमार, नगर परिषद औरंगाबाद अध्यक्ष, रेड क्रॉस अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनसीसी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। एनसीसी औरंगाबाद की 13 बिहार बटालियन के तत्वावधान में सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज परिसर में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ बुधवार को किया गया। यह शिविर 29 अप्रैल से 8 मई 2026 तक संचालित होगा। शिविर का उद्घाटन 13 बिहार बटालियन के कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार तक्षक ने किया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में औरंगाबाद के साथ-साथ रोहतास, गया, नालंदा, अरवल, भोजपुर एवं बक्सर जिलों के लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स (छात्र एवं छात्राएं) भाग ले रहे हैं। कर्नल तक्षक ने कैडेट्स को पूरे जोश, अनुशासन और समर्पण के साथ प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र सेवा, एकता और अनुशासन की भावना को मजबूत करना है। एनसीसी का आदर्श वाक्य "एकता और अनुशासन" केवल शब्द नहीं, बल्कि जीवन का मूल मंत्र है। शिविर के दौरान कैडेट्स को लाइव स्किल्स, डिजास्टर मैनेजमेंट, मैप रीडिंग, सामाजिक सहभागिता, हथियार संचालन सहित विभिन्न आवश्यक प्रशिक्षण दिए जाएंगे। विशेष रूप से फायरिंग का प्रशिक्षण भी कराया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को आगे आरडीसी और टीएससी जैसे प्रतिष्ठित कैंपों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस प्रकार के प्रशिक्षण से कैडेट्स के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनमें अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। यह शिविर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य में सेना एवं अन्य प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करेगा। इस अवसर पर 13 बिहार बटालियन के एएनओ, पीआई स्टाफ एवं सिविलियन स्टाफ के सदस्य मौजूद रहे।

## ममता, वात्सल्य और करुणा की प्रतिमूर्ति थीं अनीता सिन्हा : सुशील




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विद्वता की अलख जगाने वाली शिक्षिका अनीता सिन्हा की प्रथम पुण्यतिथि गुरुवार को शहर के पीएम श्री अनुग्रह मध्य विद्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, लोक अभियोजक अजय कुमार संतोष, दिवंगत शिक्षिका के पुत्र बिहार सरकार के अधिकारी प्रशांत कुमार, वरीय अधिवक्ता उदय कुमार सिन्हा, पीकू सिंह, राकेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रकाश सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

पुण्यतिथि समारोह की शुरुआत प्रशिक्षु राखी द्वारा गाए राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम एवं उनकी तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान दिवंगत शिक्षिका के पुत्र ने विद्यालय परिवार को अपनी मां की याद में एक एसी प्रदान किया। पूर्व सांसद ने शिक्षिका अनीता सिन्हा को मां के रूप में स्मृत करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद किया और उन्हें ममता, वात्सल्य एवं करुणा की प्रतिमूर्ति बताया।

उन्होंने कहा कि एक पुत्र के द्वारा अपनी मां के प्रति व्यक्त किया गया स्नेह काफी अनुकरणीय है और यह कृत बच्चों के मस्तिष्क पर भी अमिट छाप छोड़ेगी। इस अवसर पर जिला पुलिस बल के जवान अनिकेत कुमार को विद्यालय में उनके द्वारा प्रदान किया जा रहे गुणवत्तापूर्ण शिक्षण हेतु प्रथम अनीता सिन्हा स्मृति शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया गया।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक उदय कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालय के विकास में समुदाय का निरंतर सहयोग प्राप्त हो रहा है इस कड़ी में प्रशांत कुमार द्वारा भेंट किए गए एसी स्मार्ट क्लास के लिए उपयोगी साबित होगा तथा इस अमूल्य उपहार के लिए आभार व्यक्त किया। प्रशांत कुमार ने मां को याद करते हुए कहा कि माँ के मोहब्बत का कोई मौसम नहीं होता है। ये वो रिश्ता है जो कभी कम नहीं होता।

## संगठन सृजन अभियान से कांग्रेस को मिलेगी डिजिटल मजबूती



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद**। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बिहार इकाई ने संगठन को वैचारिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से 'संगठन सृजन अभियान' के तहत 'बीपीसीसी ऐप' लॉन्च किया है। इस पहल का मकसद राज्यभर के नए और पुराने कार्यकर्ताओं को एक साझा मंच पर जोड़कर संगठन की ताकत को बढ़ाना है। गुरुवार को आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन प्रभारी सत्येंद्र नारायण ने बताया कि इस अभियान के तहत औरंगाबाद जिले में 'संगठन सृजन साथी' बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि ऐे प के माध्यम से उन समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जो लंबे समय से पार्टी के लिए काम कर रहे हैं, लेकिन अब तक किसी पद पर नहीं पहुंच सके हैं। अब कार्यकर्ता अपनी योग्यता और सक्रियता के आधार पर प्रखंड, जिला और प्रदेश स्तर के पदों के लिए सीधे आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह ऐप केवल डेटा संग्रह का माध्यम नहीं है, बल्कि इसके जरिए कार्यकर्ताओं को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। डिजिटल प्लेटफॉर्म से आपसी संवाद बेहतर होगा और संगठनात्मक कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी। ऐप की निगरानी राष्ट्रीय स्तर पर की जा रही है, जिससे चयन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष आनंद शंकर सिंह ने इसे डिजिटल युग में संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक अहम और प्रभावी पहल बताया। उन्होंने कहा कि इससे जमीनी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और बूथ स्तर तक संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी।

प्रेस वार्ता में अरविंद शर्मा, शैलेंद्र दुबे, राकेश कुमार सिंह पप्पू, चुलबुल सिंह, मृत्युंजय सिंह, धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रदीप सिंह, अजय कुमार सिंह, सूरज राय, संजीव कुमार सिंह, सुजीत कुमार सिंह, रवि कुमार, गायत्री देवी, देवंती देवी, मिथिलेश शर्मा, नवीन कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रख्यात चिकित्सक डॉ. सुनील बोस का निधन, औरंगाबाद के डॉक्टरों ने कहा- 'एक युग का अंत'



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। शाहाबाद और मगध क्षेत्र के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. सुनील बोस का 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गोवा स्थित अपने निजी आवास में अंतिम सांस ली। लगभग छह दशकों तक डिहरी में स्वास्थ्य सेवाओं के पर्याय रहे डॉ. बोस के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। डॉ. बोस अपने सरल स्वभाव, समर्पित सेवा और उत्कृष्ट चिकित्सा के लिए जाने जाते थे। लाखों मरीजों का उपचार कर उन्होंने समाज में सेवा और मानवता की मिसाल कायम की। स्थानीय लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। चिकित्सा जगत में भी उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया है। औरंगाबाद के चिकित्सकों ने इसे अपूरणीय क्षति बताया है। प्रख्यात चिकित्सक **डॉ. बी.के. सिंह ने कहा,** "डॉ. सुनील बोस का निधन चिकित्सा जगत के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने जिस समर्पण और निष्ठा के साथ जीवनभर मरीजों की सेवा की, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका जाना वास्तव में एक युग का अंत है।" जिला संचारी रोग पदाधिकारी **डॉ. रवि रंजन ने कहा**, "वे केवल एक कुशल चिकित्सक ही नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक भी थे। नई पीढ़ी के डॉक्टरों को उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला है। उनका योगदान सदैव याद रखा जाएगा।" प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ **डॉ. शीला वर्मा ने कहा**, "डॉ. बोस का जीवन सेवा, करुणा और मानवीय मूल्यों का प्रतीक था। उनका सादा जीवन और मरीजों के प्रति समर्पण हमेशा हमें प्रेरित करता रहेगा।" सर्जन **डॉ. अनिल कुमार सिन्हा** ने कहा, "उन्होंने चिकित्सा पेशे को समाज सेवा का माध्यम बनाया और अपने कार्यों से उच्च आदर्श स्थापित किए। उनका निधन हम सभी के लिए व्यक्तिगत क्षति जैसा है।" स्त्री रोग विशेषज्ञ **डॉ. शोभा रानी ने कहा**, "चिकित्सा जगत ने आज एक ऐसे वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्सक को खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा।" आइएमए के अध्यक्ष **डॉ. वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा**, "डॉ. सुनील बोस अपने उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल, अनुभव और व्यवहार के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। वे आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।" डॉ. सुनील बोस के निधन से न केवल डिहरी, बल्कि पूरे क्षेत्र ने एक ऐसे चिकित्सक को खो दिया है, जिसने चिकित्सा सेवा को अपना जीवन समर्पित कर दिया था।

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
हरेश कुमार
जिला खनिज विकास पदाधिकारी
औरंगाबाद (बिहार)

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्तिक एचपी गैस ग्रामीण वितरक
अम्बा (औरंगाबाद)
मनोज कुमार सिंह
डिस्ट्रीब्यूटर

SOCIAL INSTITUTE FOR WEAKER'S SECTION PATNA (BIHAR)
श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
N.K Jha
Secretary

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
LUMINOUS MENTORS ACADEMY
डॉ. सत्येंद्र शर्मा
डायरेक्टर

## हार्ट अटैक पीड़ित को मृत घोषित किये जाने पर हंगामा

**नबिटा संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सकों की अनुपस्थिति को लेकर गुरुवार को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। मौला बाग निवासी बीमा अभिकर्ता सत्येंद्र जायसवाल को हार्ट अटैक के बाद जब परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल लेकर पहुंचे, तब वहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं था। इससे आक्रोशित लोगों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार सुबह सत्येंद्र जायसवाल की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन उन्हें पहले दो निजी अस्पतालों में ले गए, जहां हालत गंभीर बताते हुए अनुमंडल अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन जब वे वहां पहुंचे, तो चिकित्सक अनुपस्थित मिले। कुछ देर बाद पहुंची महिला चिकित्सा पदाधिकारी ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।इस घटना को लेकर स्थानीय लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। राणा प्रताप सिंह ने कहा कि अस्पताल में चिकित्सकों की लापरवाही के कारण आम लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब अस्पताल में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं होंगे, तो मरीजों की जान कैसे बचेगी। इंजीनियर मनीष कुमार ने बताया कि नियमानुसार सुबह 9 बजे चिकित्सकों की उपस्थिति अनिवार्य है, इसके बावजूद मरीज को लाने पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था।

वहीं, स्वास्थ्य प्रबंधक ठाकुर चंदन सिंह ने स्वीकार किया कि मरीज के पहुंचने के समय अस्पताल में चिकित्सक नहीं थे। उन्होंने बताया कि रात्रि ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर रवि रिसव के जाने के तुरंत बाद मरीज लाया गया। इसके बाद तत्काल डॉक्टर एन. प्रिया को फोन किया गया, जो जल्द ही अस्पताल पहुंचीं और मरीज को मृत घोषित किया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि अनुमंडल अस्पताल में यह कोई पहली घटना नहीं है, बल्कि यहां अक्सर लापरवाही देखने को मिलती है। आपात स्थिति में भी समय पर चिकित्सक उपलब्ध नहीं होते, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

## हत्याकांड में 10 अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद/नबिटा सं**। क्रिकेट के विवाद में हत्या कांड के दस अभियुक्तों को व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद जिला जज चतुर्थ दिव्या वशिष्ठ के कोर्ट ने मुफस्सिल थाना की एक कांड में निर्णय सुनाते हुए दोषी करार दिया है। एपीपी सुरजमल शर्मा ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के पहरमा गांव निवासी अभियुक्त संतोष पासवान पूर्व से जेल में बंद हैं, जबकि अन्य नौ अभियुक्त रामदहीन पासवान, भोला पासवान, कृष्णा पासवान, लुटन पासवान, भरत पासवान, विनय पासवान, अजय पासवान, सत्येन्द्र पासवान एवं नरेश पासवान को उल्लेखित धाराओं में दोषी करार देते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया गया है।

मजदूर भाइयों-बहनों को मजदूर दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं
बिहार प्रांतीय खेतिहर मजदूर यूनियन, पटना (मसौढ़ी)
खेतिहर मजदूर यूनियन के नेता
उमेश चंद्र | रामदयाल प्रसाद | महेंद्र प्रसाद
जिला सचिव
सुरेंद्र कुमार

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DEMS Electrohomeopathy Medicine
DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine | DNYS Naturopathy Yoga
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BEMS Electrohomeopathy Medicine
BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture | MBAS Medicine in ALT Science
अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2 | अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) | MD (EH)
अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट | अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

श्रमिक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गरिमा देवी सिकारिया
महापौर, बेतिया नगर निगम

Mount Energy 927947823
Empowering The World
सोलर लगाइए बिजली बिल और रिचार्ज मीटर से जीवन भर छुटकारा पाइए!
78000 तक की सरकारी सब्सिडी
सभी प्राइवेट और सरकारी बैंक से आसान किस्तों में लोन
तो देर किस बात की अभी संपर्क करें
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय MINISTRY OF NEW AND RENEWABLE ENERGY
ब्रेडा BREDA | ऊर्जा विभाग
ROOF TOP SOLAR | SOLAR ATTA CHAKKI | SOLAR PUMP | SOLAR STREET LIGHT
Address- Plot No-334, Club Road, Auranagabad ( Bihar), PH No- 9279478232